सूर्योदय 5:28 सूर्यास्त 7:09

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.5 न्यू | 24.5अधि |
| धर्मशाला | 13.4 न्यू | 30.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74,559 |
| निफ्टी | 23,379 |
| सोना 1,52,000 | चांदी 2,68,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 13 मई 2026 | 30 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 134, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### चेन्नई एयरपोर्ट पर एतिहाद विमान के पंख में लगी आग



**एजेंसी, नई दिल्ली।** चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मंगलवार को अबू धाबी जाने वाली एतिहाद एयरवेज की उड़ान में टेकऑफ से पहले विमान के पंख में आग लग गई। विमान में करीब 280 यात्री सवार थे, जिन्हें तुरंत सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि पायलटों ने आग देखी और सभी यात्रियों को सुरक्षित उतारा गया। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। उड़ान रद्द कर दी गई है और विमान की जांच जारी है। सभी यात्री सुरक्षित हैं। (अनंत ज्ञान)

### बंगाल के पूर्व मंत्री सुजीत को ईडी ने किया गिरफ्तार



**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री और सुजीत बोस को नगर निगम भर्ती घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार कर लिया। वह अपने बेटे के साथ पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय पहुंचे थे, जहां करीब 10 घंटे की पूछताछ के बाद उन्हें रात में हिरासत में लिया गया। आरोप है कि 2014-2018 के बीच साउथ दमदम नगर निगम में करीब 150 अवैध भर्तियां की गईं, जिसके बदले पैसे और फ्लैट लिए गए। बोस उस समय उपाध्यक्ष थे। वह हाल ही में विधानसभा चुनाव हार चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर मामले पर टीएमसी को नई याचिका की छूट

**एजेंसी, कोलकाता।** ममता बनर्जी से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जिन सीटों पर जीत का अंतर एसआईआर प्रक्रिया में हटाए गए वोटों से कम है, वहां नई याचिकाएं दाखिल की जा सकती हैं। टीएमसी ने दावा किया कि 31 सीटों पर जीत का अंतर हटाए गए वोटों से कम है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमल्या बागची की बेंच मामले की सुनवाई कर रही है। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने पहले की टिप्पणी का हवाला भी दिया। (अनंत ज्ञान)

### पंजाब विजिलेंस हेडक्वार्टर पर सीबीआई रेड, तीन गिरफ्तार

**एजेंसी, चंडीगढ़।** पंजाब विजिलेंस मुख्यालय पर सीबीआई ने सोमवार देर रात छापा मारा, जिसके बाद मंगलवार सुबह टीम फिर दफ्तर पहुंची। अधिकारियों के मुताबिक, टीम एक रिश्वत मामले की जांच कर रही है। इससे पहले चंडीगढ़ के एक होटल में 20 लाख रुपए की डील का खुलासा करते हुए एक बिचौलिए को गिरफ्तार किया गया था। जांच के दौरान दो आरोपियों को अंबाला के पास से पकड़ा गया। वहीं, पंजाब विजिलेंस ने जांच में पूरा सहयोग देने की बात कही है। मामले की जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

▶▶ 31 तक बनेगी हिमाचल की पहली पोषण नीति पेज 2
▶▶ आधी रात आए आंधी-तूफान से सहमे लोग, कई क्षेत्रों में गिरे पेड़ -पेज 9
▶▶ लाखों खर्च, फिर भी बदहाल नाहन के पार्क -पेज 12

# हिमाचल के कर्मचारियों को चार दिन में मिलेगा रुका पैसा : सीएम सुक्खू

## कहा-नशा तस्करी में शामिल कर्मचारियों पर भी सख्त कार्रवाई जारी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश के कर्मचारियों, पेंशनरों और छोटे बागवानों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सचिवालय में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में सभी विभागों को चार दिन के भीतर लंबित देनदारियों का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों और पेंशनरों के हितों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी और तय समय सीमा के भीतर भुगतान सुनिश्चित करना अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने 15 अप्रैल को की गई घोषणा के अनुरूप चतुर्थ श्रेणी पेंशनरों के लंबित एरियर जल्द जारी करने के आदेश दिए। इसके साथ ही सेवा में कार्यरत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों के शीघ्र निपटारे के निर्देश भी जारी किए गए। लंबे समय से भुगतान का इंतजार कर रहे कर्मचारियों और पेंशनरों को इस फैसले से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



जनहित योजनाओं की समीक्षा करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

### छोटे सेब उत्पादकों के लिए 20 करोड़ रुपए मंजूर

**प्रदेश** के छोटे सेब उत्पादकों को राहत देते हुए मुख्यमंत्री ने मंडी मध्यस्थता योजना के तहत लंबित भुगतान जारी करने के लिए 20 करोड़ रुपये मंजूर करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों और बागवानों के हितों की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है तथा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि छोटे उत्पादकों को समय पर उनका भुगतान मिले और उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

मुख्यमंत्री ने सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों और आहरण एवं वितरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित भुगतान चार दिन के भीतर जारी कर इसकी अनुपालन रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपी जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर ढिलाई या देरी सामने आई तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने साफ संकेत दिए हैं कि जनहित से जुड़े मामलों में अब प्रशासनिक सुस्ती बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में प्रदेश में नशे के खिलाफ चल रहे अभियान की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार नशा तस्करी और चिट्टे के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है। जानकारी के अनुसार अब तक 31 सरकारी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त किया जा चुका है, जबकि 122 अधिकारी और कर्मचारी नशे से जुड़े मामलों में संलिप्त पाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक सचिवों को ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# नीट-यूजी परीक्षा रद्द

## सीबीआई को सौंपी जांच, एनटीए ने माना-हम जिम्मेदार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नई दिल्ली पेपर लीक के आरोपों के बीच नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को नीट (यूजी) 2026 परीक्षा रद्द कर दी है। यह परीक्षा 3 मई को हुई थी। 22.79 लाख स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी थी। एनटीए डीजी अभिषेक सिंह ने कहा कि इस गड़बड़ी के लिए हम जिम्मेदार हैं। परीक्षा दोबारा कराई जाएगी। 6 से 8 दिन में नई तारीख का ऐलान होगा।

उधर, केंद्र सरकार ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। एजेंसी ने मामले में एफआईआर दर्ज की है। एनटीए ने बताया कि भारत सरकार की मंजूरी मिलने के बाद परीक्षा को रद्द करने का फैसला लिया गया।

वहीं, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से दिल्ली में इस मामले में मीडिया ने सवाल पूछा तो वह बिना कुछ बोले निकल गए। नीट का पेपर 'क्वेश्चन बैंक' के जरिए लीक किया गया। इसमें फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के 300 से ज्यादा सवाल थे। ये सभी हाथ से लिखे गए और इनकी हैंडराइटिंग भी एक ही थी।




### 2024 में भी हुआ था पेपर लीक

2024 में भी नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक के चलते कुछ सेंटर्स पर रद्द कर दी गई थी। परीक्षा 5 मई 2024 को हुई थी। 6 मई को एनटीए ने पेपर लीक की बात से इनकार किया था। इसके बाद बिहार (पटना) और झारखंड (हजारीबाग) में जांच हुई। जांच में पेपर लीक के सबूत मिले और कई गिरफ्तारियां भी हुईं थीं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने पूरी परीक्षा रद्द करने से इनकार कर दिया था और कुछ सेंटर पर 1539 कैंडिडेट्स की दोबारा परीक्षा हुई थी।

जांच एजेंसी पता लगा रही हैं कि आखिर यह पेपर लीक कहां से हुआ। हालांकि, इसका खुलासा राजस्थान के सीकर से हुआ। केरलम के कॉलेज में एमबीबीएस कर रहे चूरू के एक लड़के ने 'क्वेश्चन बैंक' सीकर में अपने दोस्त को भेजा। 2 मई को दोस्त ने 'क्वेश्चन बैंक' सीकर के एक पीजी संचालक को दिया। उसने पीजी में रहने वाले स्टूडेंट्स को 'क्वेश्चन बैंक' शेयर कर दिया। इसी तरह दूसरे स्टूडेंट्स और करियर काउंसलर्स तक पहुंचा। इसी तरह बंटता चला गया।

परीक्षा होने के बाद सीकर के एक पीजी संचालक ने उद्योग नगर थाने और एनटीए को यह शिकायत दी थी कि एक कथित 'क्वेश्चन बैंक' बड़ी संख्या में छात्रों को मिला है। आंसर-की और परीक्षा से जुड़ी चर्चाएं ऑनलाइन सामने आने के बाद छात्रों और कोचिंग सेंटर्स में एक कथित 'क्वेश्चन बैंक' को लेकर चर्चा शुरू हुई, जो कथित तौर पर असली परीक्षा से काफी मिलता-जुलता था। एनटीए ने पुष्टि की कि उसे परीक्षा के 4 दिन बाद, यानी 7 मई को कथित गड़बड़ियों से जुड़े इनपुट मिले थे। एजेंसी ने बताया कि यह मामला राजस्थान और उत्तराखंड से सामने आया। 8 मई को राजस्थान पुलिस स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने कहा कि उसने नीट पेपर लीक मामले की जांच शुरू कर दी है। 12 मई तक सीकर और आसपास के इलाकों से 13 लोगों को अरेस्ट किया है। (अनंत ज्ञान)

# पांच माह बाद मनाली-लेह मार्ग बहाल

## माइनस डिग्री तापमान में बीआरओ के जांबाजों ने दिखाई हरी झंडी

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, केलांग।** सामरिक और पर्यटन की दृष्टि से देश की सबसे महत्वपूर्ण सड़कों में से एक, 427 किलोमीटर लंबे मनाली-लेह मार्ग को सीमा सड़क संगठन ने मंगलवार को बहाल कर दिया है। इस मार्ग पर पांच महीने बाद 13 मई से गाड़ियां दौड़नी शुरू होंगी।



### सरचू में हुआ 'गोल्डन हैंडशेक'

**सड़क** बहाली के इस मिशन की सफलता का जश्न मनाने के लिए सरचू में 'गोल्डन हैंडशेक' सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस मौके पर बीआरओ की दो प्रमुख परियोजनाओं, दीपक (मनाली से सरचू) और हिमांक (सरचू से लेह), के अधिकारियों ने एक-दूसरे का गर्मजोशी से स्वागत किया।

शून्य से नीचे के तापमान और जानलेवा हिमस्खलन के खतरों के बीच, बीआरओ के जवानों ने 42 दिनों की कड़ी मशक्कत के बाद सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण एवं देश के सबसे लंबे मनाली-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर हिमालयी चुनौती पर विजय प्राप्त की है। दीपक परियोजना के कमांडर कर्नल गौरव ने इस सफलता का श्रेय जवानों के अदम्य साहस को दिया।

उन्होंने कहा कि माइनस डिग्री तापमान और ऑक्सीजन की कमी के बीच जवानों ने पूरी रणनीति के साथ काम किया। लेफ्टिनेंट कर्नल तेजस मौर्या और कैप्टन सजे की देखरेख में एवलांच वाले क्षेत्रों में सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए यह मार्ग बहाल किया गया है। हालांकि, बीआरओ ने सड़क से बर्फ हटाकर मार्ग जोड़ दिया है, लेकिन आम वाहनों की आवाजाही अभी शुरू नहीं हुई है। लाहौल-स्पीति प्रशासन के साथ आगामी बैठक के बाद सड़क की सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया जाएगा, जिसके बाद ही वाहनों को 'हरी झंडी' दी जाएगी।

# सीबीआई करेगी सुवेंदु अधिकारी के पीए मर्डर केस की जांच

◆ **सात अफसरों की एसआईटी गठित**

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट (पीए) चंद्रनाथ रथ की हत्या मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। सीबीआई ने केस अपने हाथ में लेते ही 7 मेंबर्स की स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) बनाई है। टीम की अगुआई डीआईजी रैंक के अधिकारी करेंगे।

इस केस में अब तक बिहार और यूपी से 3 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने सोमवार को तीनों को नॉर्थ 24 परगना के बारासात कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 13 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया। बंगाल चुनाव नतीजों के दो दिन बाद, 6 मई को नॉर्थ 24 परगना के मध्यमग्राम में 42 साल के चंद्रनाथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमलावर ने उनकी कार रोककर कई राउंड फायरिंग की, जिसमें उन्हें सीने और पेट में तीन गोलियां लगीं। (अनंत ज्ञान)

# हिमंता दूसरी बार असम के सीएम

## 2 भाजपा व 2 सहयोगी दलों के बने मंत्री, मोदी-शाह भी रहे मौजूद

**एजेंसी, गुवाहाटी**



हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। गुवाहाटी के खानापारा स्थित पशु चिकित्सा महाविद्यालय मैदान में आयोजित भव्य समारोह में राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में नरेंद्र मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

सरमा के साथ भाजपा के रामेश्वर तेली और अजंता नेओग, असम गण परिषद के अतुल बोरा तथा बीपीएफ के चरण बोडो ने मंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में असमिया संस्कृति की झलक देखने को मिली और हजारों लोगों ने 'जय श्रीराम', 'भारत माता की जय' और 'जय आई असम' के नारों से माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। असम विधानसभा चुनाव 2026 में भाजपा नीत राजग ने 126 में से 102 सीटें जीतकर लगातार तीसरी बार सत्ता बरकरार रखी। भाजपा को 82 सीटें मिलीं, जबकि सहयोगी दल अगप और बीपीएफ ने 10-10 सीटों पर जीत दर्ज की। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित समारोह में कई राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और भाजपा पदाधिकारी भी शामिल हुए। (अनंत ज्ञान)

# तमिलनाडु विधानसभा में विजय का विधायक नहीं दे पाएगा वोट

**एजेंसी, चेन्नई**

◆ **मद्रास हाईकोर्ट ने रोक लगाई, डीएमके उम्मीदवार को हराया था एक वोट से**

मद्रास हाईकोर्ट ने मंगलवार को तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के विधायक आर श्रीनिवास सेतुपति को विधानसभा के फ्लोर टेस्ट में मतदान करने या भाग लेने से रोक दिया है। यह अंतरिम आदेश डीएमके नेता केआर पेरियाकरुप्पन की याचिका पर पारित किया गया। याचिका में आरोप लगाया गया था कि चुनाव में मतगणना के दौरान अनियमितताएं और विसंगतियां हुई थीं, जिसमें सेतुपति एक वोट से विजयी हुए थे।

जस्टिस एल विक्टोरिया गौरी और जस्टिस एन सेंथिलकुमार की खंडपीठ ने कहा कि यदि ऐसे हालात में विधायक फ्लोर टेस्ट में भाग लेते हैं और उनका वोट निर्णायक साबित होता है, तो इसका असर केवल उनके निर्वाचन क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह राज्य के संवैधानिक ढांचे को भी प्रभावित कर सकता है। हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया कि इस आदेश का मतलब यह नहीं है कि सेतुपति का चुनाव अमान्य घोषित किया गया है। कोर्ट ने कहा कि मामला अभी प्रारंभिक जांच स्तर पर है और अंतिम निर्णय बाकी है। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि वह फिलहाल याचिकाकर्ता को विधायक के स्थान पर नियुक्त नहीं कर रही है, बल्कि केवल यह सुनिश्चित कर रही है कि लंबित चुनावी विवाद के दौरान सदन में सत्ता संतुलन प्रभावित न हो। (अनंत ज्ञान)

# किन्नौर में तीन घर जलकर राख

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** जनजातीय जिला किन्नौर के पूह उपमंडल की मूरंग पंचायत के थवारिंग वार्ड में देर रात (सोमवार को) भीषण आग लग गई। इस घटना में 3 घर प्रभावित हुए और लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। राजस्व विभाग के अनुसार, आग सबसे पहले अरविंद कुमार के घर में लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पड़ोस के घरों तक फैल गई।

आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे। उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत और समय पर की गई कार्रवाई से आग को आगे फैलने से रोका जा सका, जिससे पूरा वार्ड चपेट में आने से बच गया।

इस अग्निकांड में अरविंद कुमार के परिवार को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। उनका घर और अंदर रखा सारा सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। इसके अलावा, आग की लपटों की चपेट में आने से पड़ोसी हंस राज और यशमान सिंह के घरों को भी आंशिक क्षति पहुंची है। एडीएम पूह, घनश्याम दास शर्मा ने घटना की पुष्टि की है।

उन्होंने बताया कि प्रभावित परिवारों को प्रशासन की ओर से तत्काल सहायता प्रदान की गई है। अरविंद कुमार को सर्वाधिक नुकसान होने के कारण 20,000 रुपए की फौरी राहत दी गई है। वहीं, हंस राज और यशमान सिंह के मकानों को आंशिक नुकसान के लिए 10-10 हजार रुपए की सहायता राशि दी गई।

# फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस मामले में हिमाचल हाईकोर्ट सख्त

अनंत ज्ञान

◆ **एफआईआर करने और एसआईटी बनाने के आदेश**

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने प्रदेश में फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस जारी होने के गंभीर आरोपों पर कड़ा संज्ञान लिया है। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश बिपिन चंद्र नेगी की खंडपीठ ने मामले में ऊना के पुलिस अधीक्षक (एसपी) को प्रतिवादी बनाने का निर्देश दिया है।

अदालत ने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर संज्ञेय अपराध पाया जाता है, तो एसपी ऊना को तुरंत एफआईआर दर्ज करनी होगी। साथ ही कोर्ट ने निर्देश दिया कि पुलिस बिना किसी देरी के एक वरिष्ठ अधिकारी की अध्यक्षता में विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित कर जांच शुरू करे। कोर्ट ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन से अगली सुनवाई तक स्टेटस रिपोर्ट भी मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 23 जून को तय की गई है। जनहित याचिका में आरोप लगाया गया है कि ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां हुई हैं। दस्तावेजों में एक ही आधार नंबर पर दो लाइसेंस जारी करने जैसे मामले सामने आए हैं। इसके अलावा कई ऐसे लाइसेंस भी पाए गए हैं, जिनके धारक संबंधित राज्यों के निवासी नहीं हैं। एक मामले में लाइसेंस पर मध्य प्रदेश अंकित है, लेकिन जारी करने वाली अथॉरिटी अरुणाचल प्रदेश की है। वहीं, कुछ दस्तावेजों में लाइसेंस नंबर अलग-अलग राज्यों से मेल खाते पाए गए हैं। सबसे गंभीर आरोप यह है कि ऊना के दो व्यक्तियों के आधार नंबर एक समान पाए गए हैं, जिससे सिस्टम में बड़ी अनियमितताओं की आशंका जताई गई है।

# हाईकोर्ट ने शिक्षकों पर दर्ज एफआईआर की रद्द

अनंत ज्ञान

◆ **समग्र शिक्षा से जुड़े सेमिनार विवाद में अदालत ने मजिस्ट्रेट आदेश को दिया अवैध करार, कहा-न्यायिक प्रक्रिया का हुआ दुरुपयोग**

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने 6 मई 2026 को समग्र शिक्षा अभियान से जुड़े चर्चित सेमिनार प्रकरण में अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने थाना बड़सर में दर्ज प्राथमिकी संख्या 84-2023 तथा 21 जून 2023 को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बड़सर द्वारा पारित आदेश को रद्द कर दिया।

यह मामला वर्ष 2018 में समग्र शिक्षा अभियान के तहत आयोजित सेमिनारों में शिक्षकों की उपस्थिति और हस्ताक्षरों में कथित अनियमितताओं से जुड़ा था। शिकायतकर्ता अधिवक्ता ऋषि कुमार ने सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर आरोप लगाया था कि कुछ शिक्षकों की उपस्थिति गलत तरीके से दर्ज की गई और सरकारी धन के उपयोग में गड़बड़ी हुई है।




मामले की जांच पुलिस द्वारा की गई, जिसमें संबंधित शिक्षकों के बयान दर्ज किए गए और हस्ताक्षरों की जांच भी कराई गई। जांच में कई शिक्षकों ने स्वयं स्वीकार किया कि वे सेमिनारों में उपस्थित थे और हस्ताक्षर भी उनके ही थे। इसके अलावा प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक हमीरपुर और डाइट हमीरपुर की जांच में बीईईओ और बीआरसीसी को निर्दोष पाया गया। पुलिस ने क्लोजर रिपोर्ट भी दाखिल की थी।

हाईकोर्ट ने अपने निर्णय में कहा कि जब पहला मामला न्यायालय में लंबित था, तब उसी विषय पर दूसरी याचिका स्वीकार करना और बिना पर्याप्त स्वतंत्र विचार के प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश देना उचित नहीं था। अदालत ने इसे न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग करार दिया। न्यायालय ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का हवाला देते हुए कहा कि मजिस्ट्रेट को एफआईआर दर्ज करने से पहले उपलब्ध तथ्यों का स्वतंत्र और गंभीर परीक्षण करना आवश्यक है। अंततः हाईकोर्ट ने एफआईआर और संबंधित आदेश दोनों को रद्द करते हुए बीईईओ और बीआरसीसी को सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया। इस फैसले को भविष्य के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## सरोकार — देवी-देवता की आस्था से जुड़ी परंपराएं आज भी पर्यावरण संरक्षण की बनी हैं मिसाल

# धरोट-सलूमणा में प्रकृति को देवतुल्य मानकर की जाती है पेड़ों की रक्षा

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** हिमाचल के शहर कंक्रीट के जंगलों में बदल रहे हैं, लेकिन सोलन से महज 8 किमी दूर धरोट-सलूमणा गांव प्रकृति को देवतुल्य मानकर उसकी रक्षा कर रहा है। यहां सलूमणा के घने जंगल में हरे-भरे पौधों को काटना सख्त वर्जित है। मान्यता है कि देवी-देवता वास करते हैं। यहां हरी लकड़ी पर कुल्हाड़ी चलाई तो शीतला माता का प्रकोप झेलना पड़ता है।

गांववासी सूखी टूटी लकड़ियां ही इकट्ठा करते हैं, हरे पेड़ों को अक्षुण्ण रखते हैं। देव आस्था के चलते कई हेक्टेयर में फैले सलूमणा के घने जंगल में आज भी हरे पड़े पौधों को काटना वर्जित है। पौधे सूखने के बावजूद इसमें कुल्हाड़ी नहीं चलती, बल्कि टूटी हुई लकड़ी को ही उपयोग किया जाता है। ग्लोबल वार्मिंग के दौर में पर्यावरण को अंधाधुंध नुकसान पहुंच रहा है वहीं धरोट गांव के लोग की समझ और बुजुर्गों की दी सीख सच में सराहनीय है।




सोलन के सलूमणा गांव के जंगल।

वहीं, धरोट गांव की एक और खासियत यह भी है कि किसी भी बड़ी बात या समस्या के समाधान के लिए बच्चों से लेकर बुजुर्गों की बैठक में सामूहिक तौर पर निर्णय लिया गया निर्णय सर्वमान्य होता है। गांव के बुजुर्ग का सुनाया फैसला सर्वमान्य होता है। गांव के लोगों ने आधुनिकता की दौड़ में अपनी जड़ों को नहीं छोड़ा है। गांव में ब्राह्मण, राजपूत और अनुसूचित जाति के लोग मिलजुल कर रहते हैं।

जानकारी के मुताबिक धरोट गांव करीब 18वीं शताब्दी से भी पुराना गांव है। गांव का इतिहास कई साल पुराना है और उस समय के इतिहास और परंपरा को यहां के लोग आज भी संजोए हुए है। गांव की परंपरा और रीति रिवाज को उसी तरह मनाया जाता है जैसे बरसो पहले मनाया जाता था।

### पेड़ काटने पर सहना पड़ता है दैवीय प्रकोप

**गांव** के साथ जंगल में एक शीतला माता का मंदिर है, जहां हरी लकड़ी को नहीं काटा जाता। मान्यता है कि अगर कोई उस जंगल में हरी लकड़ी काटता था तो उसे माता के प्रकोप सहना पड़ता था। धरोट पंचायत के पूर्व प्रधान तीर्थानंद भारद्वाज का कहना है कि गांव के स्वच्छ जल के स्रोत संरक्षण के लिए जंगल जरूरी है। दो वर्ष पहले बान का घना जंगल जल गया था, इसके बाद गांव के लोगों ने नए पेड़ लगाए हैं।

# 31 तक बनेगी हिमाचल की पहली पोषण नीति

## मुख्यमंत्री सुक्खू बोले- फिट हिमाचल अभियान को नई दिशा देने की तैयारी में सरकार

अनंत ज्ञान



स्वास्थ्य विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू। अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** कांग्रेस सरकार ने राज्य को स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में देशभर में अग्रणी बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य के लिए 31 मई तक व्यापक पोषण नीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं। माना जा रहा है कि हिमाचल प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बनने जा रहा है, जहां पोषण को लेकर समग्र और व्यवस्थित नीति लागू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'फिट हिमाचल' के लक्ष्य को साकार करने के लिए लोगों को पौष्टिक भोजन और संतुलित आहार के महत्व के प्रति जागरूक करना बेहद आवश्यक है।

स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजों का पूरा रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध करवाया जाए ताकि लोगों को पंजीकरण, जांच रिपोर्ट और अन्य दस्तावेजों की भौतिक प्रतियां साथ रखने की परेशानी से राहत मिल सके। मुख्यमंत्री ने आईजीएमसी शिमला में पायलट परियोजना के तौर पर पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, बायो-केमिस्ट्री और फार्मेसी विभागों के मरीजों का संपूर्ण डेटा डिजिटाइज करने के आदेश दिए। इसके लिए पर्याप्त जनशक्ति उपलब्ध करवाने का भी आश्वासन दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को विश्वस्तरीय बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी दिशा में आधुनिक मशीनों और उन्नत उपकरणों की खरीद पर लगभग 3000 करोड़ खर्च करने की योजना तैयार की गई है। इसके अलावा तीन चिकित्सा महाविद्यालयों में स्वचालित प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए 75 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के अस्पतालों में लोगों को समय पर आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध हो सके। बैठक में राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष एस.पी. कटियाल, सचिव आशीष सिंहमार, विशेष सचिव अश्वनी कुमार, जितेंद्र सांजटा तथा स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

- आईजीएमसी में मरीजों का पूरा डेटा होगा ऑनलाइन पायलट परियोजना शुरू
- 3000 करोड़ से स्वास्थ्य संस्थानों में आएंगी अत्याधुनिक मशीनें

### सीनियर रेजिडेंट डॉ. की सीटें होंगी दोगुनी

बैठक में मुख्यमंत्री ने चिकित्सा महाविद्यालयों में सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों की सीटें दोगुनी करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों के सुचारू संचालन और मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध करवाने में सीनियर रेजिडेंट चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। सरकार इस दिशा में शीघ्र प्रभावी कदम उठाएगी ताकि अस्पतालों में विशेषज्ञ सेवाएं और अधिक मजबूत हो सकें।

# हिमाचल में 2687 करोड़ की रेडी-एचपी परियोजना से आपदा प्रबंधन को मिलेगी नई मजबूती : सीएम सुक्खू

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश में लगातार बढ़ रही प्राकृतिक आपदाओं की चुनौतियों से निपटने के लिए राज्य सरकार ने अब दीर्घकालिक और मजबूत रणनीति अपनाने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 'रेजिलिएंट एक्शन फॉर डेवलपमेंट एंड डिजास्टर रिकवरी हिमाचल प्रदेश' (रेडी-एचपी) परियोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि यह महत्वाकांक्षी योजना हिमाचल को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अधिक सक्षम, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 2687 करोड़ रुपये लागत की यह परियोजना प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने, आधारभूत ढांचे को मजबूत करने तथा आपदा के बाद राहत एवं पुनर्वास व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से तैयार की गई है। उन्होंने अधिकारियों को परियोजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश भी दिए ताकि प्रभावित क्षेत्रों को शीघ्र लाभ मिल सके। बैठक में मुख्यमंत्री ने चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि वर्ष 2023 से 2025 के बीच प्रदेश में बादल फटने की 86, भूस्खलन की 234 तथा बाढ़ की 121 घटनाएं सामने आईं, जिनसे राज्य को 12,500 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश संवेदनशील हिमालयी भू-वैज्ञानिक क्षेत्र में स्थित है, इसलिए यहां आपदा प्रबंधन को लेकर विशेष सतर्कता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि रेडी-एचपी परियोजना के तहत सड़कों, पेयजल योजनाओं, विद्युत ढांचे तथा आजीविका से जुड़े संसाधनों के पुनर्स्थापना पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही आपदा के बाद प्रभावित लोगों को त्वरित राहत, सुरक्षित पुनर्वास और सरकारी सेवाओं की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत तंत्र विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रीन पंचायत जैसी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

### किसानों व बागवानों की सुरक्षा को लेकर गंभीर

मुख्यमंत्री ने किसानों और बागवानों की सुरक्षा को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान फसलों और बागवानी को होने वाले नुकसान को कम करने के लिए आधुनिक और टिकाऊ ढांचा विकसित किया जाएगा। बैठक में मुख्य सचिव संजय गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व के.के. पंत, प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार, सलाहकार योजना वीरेन्द्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने परियोजना से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की।

# मजदूर विरोधी चारों लेबर कोड वापस ले सरकार, नहीं तो तेज होगा आंदोलन: सीटू

अनंत ज्ञान



डीसी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते सीटू कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** चार लेबर कोडों के विरोध में सीटू राज्य कमेटी के आह्वान पर मंगलवार को प्रदेशभर में धरना-प्रदर्शन और जुलूस निकाले गए। शिमला में उपायुक्त कार्यालय के बाहर आयोजित प्रदर्शन के दौरान सीटू कार्यकर्ताओं ने लेबर कोड की प्रतियां जलाकर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शन में सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, राज्य सचिव बालक राम, जिला सचिव विवेक कश्यप, दलीप सिंह, प्रताप चौहान सहित बड़ी संख्या में मजदूर और कर्मचारी शामिल हुए।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित चारों लेबर कोड मजदूर विरोधी और पूंजीपति परस्त हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन कानूनों के लागू होने से बड़ी संख्या में उद्योग और मजदूर श्रम कानूनों के दायरे से बाहर हो जाएंगे, जिससे ईपीएफ, ईएसआई, बोनस और सामाजिक सुरक्षा जैसी व्यवस्थाओं पर गंभीर असर पड़ेगा। सीटू नेताओं ने कहा कि इन कोडों से ठेका प्रथा, फिक्स टर्म रोजगार और हायर एंड फायर नीति को बढ़ावा मिलेगा, जिससे मजदूरों का शोषण बढ़ेगा।

सीटू नेताओं ने मांग उठाई कि चारों लेबर कोडों को तुरंत वापस लिया जाए और पुराने श्रम कानूनों को बहाल किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी श्रम सुधार को लागू करने से पहले भारतीय श्रम सम्मेलन और मजदूर संगठनों के साथ व्यापक चर्चा की जानी चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मजदूर विरोधी नीतियां वापस नहीं ली गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

- शिमला में डीसी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर जलाईं लेबर कोड की प्रतियां

## विधानसभाओं में एकसमान नियमों की पैरवी, मैसूर बैठक में चमके पठानिया

# लोकतांत्रिक संस्थाओं को और जवाबदेह बनाने पर जोर

अनंत ज्ञान



बैठक को संबोधित करते विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** कर्नाटक के मैसूर स्थित साइलेंट शोर्ज़ रिजॉर्ट में आयोजित राज्यों के पीठासीन अधिकारियों की समिति की बैठक में हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने विधान मंडलों के कार्य-संचालन और प्रक्रिया नियमों में राष्ट्रव्यापी एकसमानता लाने की जोरदार वकालत की। उन्होंने कहा कि लोकसभा की ओर से शुरू किया गया यह प्रयास लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और अनुशासित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पठानियां ने कहा कि संसद और विधानसभाओं में समान प्रक्रिया अपनाए जाने से पूरे देश में लोकतांत्रिक कार्यप्रणाली अधिक व्यवस्थित रूप में दिखाई देगी। बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने की।

बैठक में कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष यू.टी. खादर फरीद, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता तथा नागालैंड विधानसभा अध्यक्ष शेरिंगेन लोंगकुमेर सहित विभिन्न राज्यों के पीठासीन अधिकारी मौजूद रहे। अपने संबोधन में कुलदीप पठानियां ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा की कार्यप्रणाली, प्रश्नकाल, शून्यकाल और विभिन्न नियमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विधानसभा में एक कैलेंडर वर्ष में 35 बैठकें सुनिश्चित करने का प्रावधान है तथा आवश्यकता पड़ने पर नियम स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाता है। उन्होंने विधायी समय की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि अनुशासन, समय प्रबंधन और साझा प्रक्रियाएं सदनों की कार्यक्षमता बढ़ाने में बेहद सहायक साबित होंगी। बैठक के दौरान समिति अध्यक्ष सतीश महाना ने कुलदीप पठानियां को संसदीय प्रणाली का विशेषज्ञ बताते हुए उनके ज्ञान और अनुभव की खुलकर सराहना की। पठानियां ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए विधानसभाओं को समय के साथ खुद को विकसित करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक संतुलित और सुविचारित समान प्रक्रियात्मक मॉडल देश में अधिक मजबूत, जवाबदेह और नागरिक-केंद्रित लोकतांत्रिक संस्थाओं के निर्माण में मील का पत्थर साबित हो सकता है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा सहित छह विधानसभाओं के सचिव भी उपस्थित रहे।

# सिरमौर में तलवारों से हमला बना कानून व्यवस्था पर सवाल : बिंदल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने सिरमौर जिले के कोलर क्षेत्र में दुकान चला रहे बाप-बेटे पर हुए जानलेवा हमले को हिमाचल प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था का भयावह उदाहरण बताया है। भाजपा ने आरोप लगाया कि प्रदेश में अपराधियों, टिप्पर माफिया और बाहरी राज्यों से जुड़े असामाजिक तत्वों के हौसले इस कदर बढ़ चुके हैं कि अब सड़कों पर खुलेआम तलवारों और धारदार हथियारों से हमले किए जा रहे हैं। डॉ. बिंदल ने कहा कि जिस प्रकार वाहन में सवार होकर आए हमलावरों ने अचानक हमला कर लोगों के सिर फाड़ दिए, उसने प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



उन्होंने कहा कि घायल लोग अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं और यह केवल एक आपराधिक घटना नहीं बल्कि प्रशासनिक विफलता का प्रतीक बन चुकी है। शिमला से जारी बयान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सिरमौर जिला विशेषकर कालाअंब-पांवटा साहिब हाईवे क्षेत्र लंबे समय से ओवरलोड टिप्परों और अवैध गतिविधियों के कारण लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरी-पूरी रात सैकड़ों टिप्पर सड़कों पर तेज रफ्तार से दौड़ते हैं, जिससे आम लोगों की जान जोखिम में पड़ती है। डॉ. बिंदल ने कहा कि पहले भी टिप्परों की लापरवाही से कई लोगों की जान जा चुकी है, लेकिन सरकार और प्रशासन ने कभी सख्ती नहीं दिखाई। भाजपा का दावा है कि हालिया हिंसक वारदात भी ओवरस्पीड और टिप्पर चालक से हुए विवाद के बाद सामने आई। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर बिना नंबर प्लेट, ओवरलोडिंग और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल वाहनों को संरक्षण कौन दे रहा है और किसके राजनीतिक प्रभाव के कारण ऐसे लोग खुलेआम कानून को चुनौती दे रहे हैं।

# राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा रद्द होने और प्रश्नपत्र लीक पर भड़की एसएफआई

अनंत ज्ञान

- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को खत्म करने की उठाई मांग
- प्रश्नपत्र लीक की निष्पक्ष जांच और छात्रों को मुआवजा देने की मांग तेज

**ब्यूरो, शिमला।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की राज्य कमेटी ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) 2026 में कथित बड़े प्रश्नपत्र लीक और 3 मई को प्रस्तावित परीक्षा रद्द होने के मामले को लेकर केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के खिलाफ तीखा विरोध दर्ज किया है। संगठन ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी अपनी स्थापना से ही परीक्षाओं के कुप्रबंधन और अव्यवस्था के कारण लगातार विवादों में रही है तथा एक बार फिर छात्रों के भविष्य के साथ गंभीर खिलवाड़ हुआ है। एसएफआई नेताओं ने कहा कि परीक्षा से जुड़े सैकड़ों अंकों के प्रश्न पहले ही लीक हो जाने की खबरों ने पूरी परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

एसएफआई ने मोदी सरकार की केंद्रीकरण नीति को इस पूरे मामले के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि विभिन्न शिक्षण संस्थानों की आवश्यकताओं और शैक्षणिक मानकों की अनदेखी कर परीक्षा व्यवस्था को एक केंद्रीकृत ढांचे में बांध दिया गया, जिसका फायदा परीक्षा माफिया और महंगे कोचिंग संस्थानों को मिला। संगठन ने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए तथा परीक्षा रद्द होने और अव्यवस्था के कारण मानसिक तनाव व आर्थिक नुकसान झेलने वाले विद्यार्थियों को उचित मुआवजा दिया जाए। एसएफआई ने केंद्र सरकार से राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को समाप्त करने और मौजूदा केंद्रीकरण नीति वापस लेने की भी मांग उठाई।

## सैहब कर्मियों ने खोला मोर्चा, 15 से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान

# 10% वेतन वृद्धि रोकने पर भड़के कर्मचारी

अनंत ज्ञान



बैठक में हड़ताल का ऐलान करते सैहब कर्मी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** सैहब सोसाइटी की एजीएम में सैहब कर्मियों की दस प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि समाप्त किए जाने के निर्णय के खिलाफ सीटू से संबंधित सैहब सोसाइटी यूनियन ने सीटू कार्यालय शिमला में एक अहम बैठक आयोजित की। बैठक में डोर टू डोर गार्बेज कलेक्टर, सुपरवाइजर, रोड स्वीपिंग स्टाफ समेत विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि नगर निगम प्रशासन ने फैसला वापस नहीं लिया तो 15 मई से सैहब कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर उतरेंगे।

यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी कि हड़ताल के दौरान शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप्प रहेगी और कोई भी कर्मचारी कार्य नहीं करेगा। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, जिला सचिव बालक राम, विवेक कश्यप, रंजीव कुठियाला, यूनियन अध्यक्ष जसवंत सिंह, महासचिव ओमप्रकाश गर्ग, उपाध्यक्ष अमित भाटिया, सलाहकार पाला राम तथा रोड़ स्वीपिंग स्टाफ नेता लक्की कुमार ने नगर निगम प्रशासन के फैसले की कड़ी आलोचना की। वक्ताओं ने कहा कि दस प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि खत्म कर केवल तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता देने से प्रत्येक कर्मचारी को हर महीने सात सौ से एक हजार रुपये तक का आर्थिक नुकसान होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम जनता से कूड़ा, पानी और प्रॉपर्टी टैक्स में लगातार बढ़ोतरी कर रहा है, लेकिन मेहनतकश कर्मियों के हितों की अनदेखी की जा रही है।

यूनियन नेताओं ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सैहब कर्मियों पर काम का बोझ कई गुना बढ़ा दिया गया है। पहले जहां एक कर्मचारी के जिम्मे 80 घर होते थे, वहीं अब यह संख्या बढ़ाकर लगभग 300 कर दी गई है। इसके बावजूद कर्मियों की सुविधाएं व वेतन बढ़ाने के बजाय उनकी वार्षिक वेतन वृद्धि समाप्त कर दी गई। नेताओं ने आरोप लगाया कि नगर निगम प्रशासन ने करोड़ों रुपये क्यूआर कोड जैसी योजनाओं पर खर्च कर दिए, जबकि इसी धनराशि से नए कर्मियों की भर्ती, बोनस भुगतान और मजदूरों को राहत दी जा सकती थी। यूनियन ने यह भी आरोप लगाया कि कर्मियों को कानूनी छुट्टियां, ओवरटाइम वेतन और अतिरिक्त कार्य का भुगतान नहीं दिया जा रहा है तथा श्रम कानूनों की खुलेआम अनदेखी हो रही है।

# रोहड़ू में बंद दुकान का भारी बिल आने पर दुकानदार ने स्मार्ट मीटर की आरती उतारकर जताया विरोध

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में स्मार्ट मीटरों को लेकर उपभोक्ताओं की नाराजगी अब खुलकर सामने आने लगी है। शिमला जिला के रोहड़ू में एक दुकानदार ने भारी-भरकम बिजली बिल से परेशान होकर स्मार्ट मीटर की 'आरती' उतारकर अनोखे अंदाज में विरोध जताया। हिमाचल फल एवं सब्जी उत्पादक संघ के अध्यक्ष हरीश चौहान का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह हाथ में धूप लेकर स्मार्ट मीटर के सामने खड़े दिखाई दे रहे हैं। हरीश चौहान का कहना है कि उनकी दुकान पिछले करीब दस महीनों से बंद पड़ी है और दुकान का शटर तक नहीं खुला। इसके बावजूद मार्च महीने में 17 हजार 313 रुपये और अप्रैल में 23 हजार 700 रुपये का बिजली बिल भेज दिया गया। उनका आरोप है कि कई बार बिजली विभाग को शिकायत देने और आवेदन करने के बावजूद कोई समाधान नहीं हुआ। व्यंग्यात्मक अंदाज में उन्होंने कहा कि 'हे स्मार्ट मीटर महाराज, कृपा बनाए रखें', जिससे लोगों के बीच यह मामला चर्चा का विषय बन गया है। इस घटना के बाद प्रदेश में स्मार्ट मीटरों को लेकर चल रही बहस और तेज हो गई है। कई उपभोक्ता लगातार बढ़े हुए बिजली बिलों की शिकायत कर रहे हैं, जबकि बिजली बोर्ड स्मार्ट मीटरों को पारदर्शी और सटीक बताता है। हरीश चौहान ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो को लोग उपभोक्ताओं की बढ़ती परेशानी और व्यवस्था के प्रति अविश्वास का प्रतीक मान रहे हैं।



## नीट-यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा में सामने आ रही कथित अनियमितताओं, पेपर लीक एवं परीक्षा की गोपनीयता को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। परिषद ने कहा कि विभिन्न मीडिया रिपोर्टों और जांच एजेंसियों से सामने आई जानकारियों ने देशभर के लाखों विद्यार्थियों और अभिभावकों के मन में परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अभाविप ने स्पष्ट कहा कि प्रवेश परीक्षाओं की सुचिता और पारदर्शिता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने केंद्र सरकार से पूरे मामले की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच केंद्रीय एजेंसियों से करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि परीक्षा से जुड़ी गोपनीय जानकारी कुछ लोगों तक पहुंची है तो यह लाखों मेहनती विद्यार्थियों के भविष्य के साथ अन्याय है। परिषद ने मांग की कि दोषियों, परीक्षा माफियाओं और किसी भी स्तर पर सहयोग करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार को मिलेगा बढ़ावा : कविंद्र



वीवीएम की पुस्तक का विमोचन करते राज्यपाल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. शशि धीमान ने मंगलवार को राजभवन स्थित लोकभवन में राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान राज्यपाल ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) विज्ञान भारती द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'विद्यार्थियों में सृजन और नवाचार को बढ़ावा' का विमोचन किया। प्रो. धीमान ने बताया कि वीवीएम कक्षा छठी से ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों के बीच विज्ञान को लोकप्रिय बनाने वाला राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और प्रतिभावान विद्यार्थियों की पहचान करना है।

राज्यपाल ने कहा कि डिजिटल आधारित यह विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा भारतीय ज्ञान परम्परा के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रीय गौरव की भावना को प्रोत्साहित कर रही है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के समग्र विकास और उनकी व्यक्तिगत क्षमताओं की पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव संदीप भारद्वाज भी उपस्थित रहे।

## रिजल्ट टॉप-10 मेरिट सूची में 9वां स्थान हासिल कर बनी क्षेत्र की प्रेरणा

# 685 अंकों से चमकी दिव्यांशीका की प्रतिभा

अनंत ज्ञान

- मेहनत, अनुशासन और लगन से पाई बड़ी सफलता

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में मंडी जिला के नरच्योक क्षेत्र की होनहार छात्रा दिव्यांशीका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 700 में से 685 अंक प्राप्त कर प्रदेश की टॉप-10 मेरिट सूची में 9वां स्थान हासिल किया है। भंगरोटू स्थित एलएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा दिव्यांशीका की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। दिव्यांशीका नर ढांग क्षेत्र की रहने वाली हैं और उनकी सफलता को लेकर क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।



दिव्यांशीका के पिता संजीव कुमार हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक सीमित की रत्नाड़ी शाखा में बतौर प्रबंधक कार्यरत हैं, जबकि माता सुनीता भाटिया रत्ती स्कूल में टीजीटी साइंस शिक्षिका हैं। परिवार ने बेटी की सफलता का श्रेय उसकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और नियमित अध्ययन को दिया है। दिव्यांशीका ने बताया कि वह भविष्य में सिविल सर्विस में जाकर देश और समाज की सेवा करना चाहती हैं। उनकी छोटी बहन अपराजिता भी बहन की इस उपलब्धि से बेहद उत्साहित है। स्थानीय लोगों ने कहा कि दिव्यांशीका की यह सफलता क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी।

### मेहनत और लगन की मिसाल बनी तन्वी, 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 685 अंक हासिल कर चमकाया नाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में तहसील ननखड़ी के ग्राम कुंगल बालटी की होनहार छात्रा तन्वी ने 700 में से 685 अंक प्राप्त कर पूरे ननखड़ी शिक्षा खंड में प्रथम स्थान हासिल किया है। टेंडर हार्ट स्कूल ननखड़ी की छात्रा तन्वी ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन के दम पर यह उपलब्धि हासिल कर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर तन्वी ने अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई तथा तन्वी को बधाइयां देने वालों का तांता लग गया। तन्वी का सपना भविष्य में इंजीनियर बनकर देश और समाज की सेवा करना है और इसी लक्ष्य को लेकर वह वर्तमान में एस्पायर संस्थान में रहकर जेईई मेन्स की तैयारी कर रही हैं। उनके पिता सुभाष चौहान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटीघाट में डीपी पद पर कार्यरत हैं जबकि माता रोबिना चौहान गृहिणी हैं। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और क्षेत्रवासियों ने तन्वी की इस सफलता को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। परिजनों ने इस उपलब्धि का श्रेय तन्वी की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग को दिया है।



# हिमाचल उच्च न्यायालय का फैसला, गुणवत्ता विवाद मामले में आपराधिक कार्यवाही रद्द

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने दवा गुणवत्ता से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए बद्दी स्थित एक दवा निर्माण इकाई के साझेदारों के खिलाफ चल रही आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि केवल किसी फर्म का साझेदार होना ही उसे आपराधिक रूप से उत्तरदायी ठहराने के लिए पर्याप्त नहीं माना जा सकता, जब तक यह साबित न हो कि वह कंपनी के दैनिक संचालन और उत्पादन गतिविधियों में प्रत्यक्ष रूप से शामिल था।

न्यायमूर्ति संदीप शर्मा ने यह आदेश मेसर्स वीडीएसपी फार्मास्यूटिकल्स और उसके साझेदारों द्वारा दायर याचिका पर सुनाया। मामले के रिकॉर्ड के अनुसार वर्ष 2018 और 2019 में दवा के नमूनों की जांच क्षेत्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, चंडीगढ़ तथा केंद्रीय औषधि प्रयोगशाला, कोलकाता में की गई थी, जिसमें क्लोरामफेनिकोल और डेक्सामेथासोन सोडियम फॉस्फेट की निर्धारित मात्रा कम पाए जाने पर नमूनों को मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं माना गया। इसके बाद औषधि निरीक्षक की ओर से शिकायत दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई थी।

याचिकाकर्ताओं ने अदालत में दलील दी कि वे केवल फर्म के साझेदार थे और निर्माण व गुणवत्ता नियंत्रण संबंधी जिम्मेदारियां अधिकृत तकनीकी विशेषज्ञ के पास थीं। अदालत ने इस तर्क को स्वीकार करते हुए कहा कि शिकायत में ऐसा कोई स्पष्ट आरोप नहीं है जिससे यह सिद्ध हो कि साझेदार व्यक्तिगत रूप से व्यवसाय संचालन के लिए जिम्मेदार थे। न्यायालय ने कहा कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट की धारा 34 के तहत केवल साझेदार नामित होना पर्याप्त नहीं है। इसके साथ ही अदालत ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नालागढ़ के समक्ष लंबित शिकायत संख्या 14/3/2022 सहित सभी परिणामी कार्यवाहियों को भी रद्द कर दिया।

# हिमाचल में रिकॉर्ड 79,676 नामांकन से गांव-गांव में आया सियासी उबाल

## कांगड़ा व मंडी में दावेदारों की आई बाढ़, चुनावी रण हुआ और दिलचस्प

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनावों ने इस बार लोकतंत्र को गांव-गांव तक नई ऊर्जा दे दी है। राज्य के पहाड़ों से लेकर दूरदराज़ घाटियों तक चुनावी सरगर्मियां चरम पर पहुंच चुकी हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों ने साफ कर दिया है कि इस बार पंचायत चुनाव जनता की भागीदारी का बड़ा लोकतांत्रिक उत्सव बन चुका है। अंतिम दिन रिकॉर्ड 37,114 नामांकन दाखिल होने के साथ कुल आंकड़ा 79,676 तक पहुंच गया है, जिसने पिछले कई चुनावी रिकॉर्डों को पीछे छोड़ दिया है।

जानकारी के अनुसार प्रदेशभर में सोमवार को तहसील और विकास खंड कार्यालयों के बाहर भारी भीड़ देखने को मिली। समर्थकों के नारों, ढोल-नगाड़ों और शक्ति प्रदर्शन के बीच प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार अब 12 मई को सुबह 10 बजे से नामांकन पत्रों की जांच संबंधित रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की निगरानी में शुरू होगी। 15 मई तक प्रत्याशी अपने नाम वापस ले सकेंगे और उसी दिन चुनाव चिह्न भी आवंटित किए जाएंगे। मतदान प्रक्रिया 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में आयोजित होगी, जहां मतदाता बैलेट पेपर और मतपेटियों के माध्यम से अपने प्रतिनिधि चुनेंगे।

जिलावार आंकड़ों में कांगड़ा जिला सबसे आगे निकलकर सामने आया है, जहां कुल 14,590 नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं। इसके बेहद करीब मंडी में 14,517 प्रत्याशियों ने चुनावी ताल ठोकी है। चंबा में 8,002, शिमला में 7,614 और हमीरपुर में 7,194 नामांकन दाखिल हुए हैं। वहीं सिरमौर में 5,970, ऊना में 5,823, कुल्लू में 5,817 और सोलन में 5,605 नामांकन प्राप्त हुए। बिलासपुर में 4,484, किन्नौर में 1,428 और लाहौल-स्पीति में सबसे कम 493 नामांकन हुए हैं। आयोग का कहना है कि पांगी क्षेत्र की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद आंकड़ों में और वृद्धि संभव है।

इस बार चुनावों में महिलाओं, युवाओं और पहली बार चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली है। कई पंचायतों में मुकाबले बेहद रोचक बनते दिखाई दे रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती राजनीतिक जागरूकता और स्थानीय विकास के मुद्दों ने इस बार चुनाव को अधिक प्रतिस्पर्धी बना दिया है। कई स्थानों पर प्रधान, पंचायत समिति और जिला परिषद सीटों के लिए बहुकोणीय मुकाबले बन गए हैं, जिससे चुनावी समीकरण लगातार बदल रहे हैं।

### नारकंडा बना पहला निर्विरोध चुनावी मॉडल

**शिमला** जिला की नारकंडा नगर पंचायत इस चुनाव में विशेष चर्चा का केंद्र बन गई है, जहां सभी सात वार्ड सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। नामांकन वापसी के अंतिम दिन छह प्रत्याशियों द्वारा नाम वापस लेने के बाद यह स्थिति बनी। नगर पंचायत के 432 मतदाताओं वाले इस छोटे से क्षेत्र में निर्विरोध चुनाव को लोकतांत्रिक सहमति का बड़ा उदाहरण माना जा रहा है। इसी बीच समाजसेवी एवं ग्रीनबेरी वेलफेयर फाउंडेशन के चेयरमैन राजेश कुमार ने नगर पंचायत के विकास के लिए 21 लाख रुपए देने की घोषणा कर चुनावी माहौल को और चर्चा में ला दिया है।

# पंचायत चुनाव में नामांकन का उत्साह रहा चरम पर

## शिमला जिला बना लोकतंत्र का सबसे बड़ा अखाड़ा, प्रधान, उपप्रधान व वार्ड सदस्य के लिए लंबी कतारें

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला में पंचायत चुनाव-2026 को लेकर लोकतंत्र का उत्साह अपने चरम पर पहुंच गया है। प्रधान, उपप्रधान, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य तथा ग्राम पंचायत वार्ड सदस्य पदों के लिए उम्मीदवारों ने बढ़-चढ़कर नामांकन दाखिल किए हैं। अंतिम दिन नामांकन केंद्रों में सुबह से देर शाम तक भारी भीड़ देखने को मिली। ग्रामीण क्षेत्रों में चुनावी सरगर्मियां तेज हो चुकी हैं और गांव-गांव में राजनीतिक समीकरण बनने शुरू हो गए हैं।

जिला शिमला में सबसे अधिक दिलचस्प मुकाबला ग्राम पंचायत प्रधान और वार्ड सदस्य पदों पर देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में महिला और युवा प्रत्याशियों के मैदान में उतरने से चुनाव इस बार और अधिक रोचक बन गया है। कई पंचायतों में मुकाबला त्रिकोणीय और बहुकोणीय होने की संभावना जताई जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार ग्राम पंचायत प्रधान पद के लिए कुल 441 पंचायतों में अब तक 2117 नामांकन दाखिल किए जा चुके हैं। इनमें 1025 नामांकन अंतिम दिन प्राप्त हुए, जिससे चुनावी माहौल पूरी तरह गर्मा गया। बसंतपुर विकास खंड में प्रधान पद के लिए 149, चोपाल में 177, ठियोग में 349 और जुब्बल क्षेत्र में 128 नामांकन दाखिल हुए हैं। सबसे अधिक हलचल ठियोग और रोहड़ू क्षेत्र में देखने को मिली, जहां प्रत्याशियों की संख्या लगातार बढ़ती रही।

उपप्रधान पद के लिए भी उम्मीदवारों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। कुल 1714 नामांकन दाखिल हुए हैं, जिनमें अंतिम दिन अकेले 878 नामांकन प्राप्त हुए। उपप्रधान पद के लिए ठियोग विकास खंड में सर्वाधिक 191 नामांकन हुए, जबकि रोहड़ू में 132 और चोपाल में 111 उम्मीदवारों ने मैदान संभाला। इससे स्पष्ट है कि ग्रामीण राजनीति में उपप्रधान पद को लेकर भी इस बार कड़ा मुकाबला रहेगा।

ग्राम पंचायत वार्ड सदस्य पदों के लिए चुनावी तस्वीर सबसे अधिक दिलचस्प बनी हुई है। जिले की 441 पंचायतों के 3800 वार्ड सदस्य पदों के लिए कुल 1766 नामांकन अंतिम दिन प्राप्त हुए, जबकि कुल नामांकन संख्या 3800 तक पहुंच गई है। ठियोग क्षेत्र में 445, रोहड़ू में 355 तथा जुब्बल क्षेत्र में 136 नामांकन दर्ज किए गए हैं। कई पंचायतों में वार्ड सदस्य पदों के लिए प्रत्याशियों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए भी प्रत्याशियों का उत्साह कम नहीं रहा। जिला की 211 पंचायत समिति वार्ड सीटों के लिए कुल 774 नामांकन प्राप्त हुए हैं। इनमें अंतिम दिन 420 नामांकन दाखिल किए गए। ठियोग पंचायत समिति क्षेत्र में सर्वाधिक 92 नामांकन हुए, जबकि कुपवी में 79 और चोपाल में 76 प्रत्याशी मैदान में उतरे हैं।

जिला परिषद सदस्य पदों पर भी मुकाबला रोचक बनता दिखाई दे रहा है। 25 जिला परिषद वार्डों के लिए कुल 129 नामांकन दाखिल हुए हैं। अंतिम दिन 66 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र जमा किए। नावर-6, क्यार-18 और मशोबरा-15 जैसे क्षेत्रों में मुकाबला अधिक दिलचस्प माना जा रहा है।

### गांव में राजनीतिक जागरूकता तेजी से बढ़ी

**बहरहाल** चुनावी प्रक्रिया के दौरान नामांकन केंद्रों में सुरक्षा व प्रशासनिक व्यवस्थाएं भी कड़ी रहीं। उम्मीदवारों और समर्थकों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था। कई स्थानों पर ढोल-नगाड़ों और नारों के साथ समर्थकों ने अपने प्रत्याशियों का स्वागत किया, जिससे चुनावी माहौल पूरी तरह रंगीन नजर आया। ग्रामीण हिमाचल की राजनीति में पंचायत चुनावों को लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी माना जाता है। इस बार नामांकन के आंकड़ों ने साफ कर दिया है कि गांवों में राजनीतिक जागरूकता तेजी से बढ़ी है। अब नामांकन वापसी और चुनाव प्रचार के साथ पंचायत चुनाव का माहौल और अधिक गर्माने वाला है।

# चुनावी रण में सरकारी संसाधनों पर पहरा

## अब निजी खर्च से होगा प्रचार, आचार संहिता के शिकंजे में सीएम और मंत्री

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल की पहाड़ियों पर चुनावी शोर लोकतंत्र की मर्यादाओं व नियमों की कसौटी पर खूब कसा जा रहा है। नगर निगम चुनावों की दस्तक के साथ ही राजनीतिक दलों की सक्रियता तेज हो गई है, मगर इस बार चुनावी आसमान में उड़ान भरने से पहले नेताओं को निर्वाचन आयोग की सख्त निगाहों से गुजरना होगा। सत्ता के गलियारों से लेकर जनसभाओं के मंच तक अब हर कदम चुनावी आचार संहिता की चौखट में बंधा नजर आएगा।

जानकारी के अनुसार धर्मशाला, सोलन, पालमपुर और मंडी नगर निगम चुनावों को लेकर प्रदेश में राजनीतिक माहौल गर्मा गया है। सीएम सुक्खू सहित मंत्रिमंडल के सदस्य आगामी दिनों में चुनाव प्रचार अभियान में उतरेंगे, लेकिन चुनावी सभाओं और रोड शो के लिए सरकारी हेलिकॉप्टर अथवा सरकारी वाहनों का उपयोग नहीं कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रचार के दौरान सरकारी संसाधनों के इस्तेमाल का पूरा खर्च संबंधित राजनीतिक दल के चुनावी खाते में जोड़ा जाएगा।

निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत चुनावी क्षेत्रों में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। आयोग की टीमें प्रचार में उपयोग किए जा रहे वाहनों, सभाओं, मंचों और अन्य व्यवस्थाओं का विस्तृत रिकॉर्ड तैयार कर रही हैं। यदि कोई मंत्री या जनप्रतिनिधि सरकारी वाहन का उपयोग करते हुए पाया जाता है तो उसकी रिपोर्ट तैयार कर खर्च को चुनावी व्यय में शामिल किया जाएगा। इससे राजनीतिक दलों पर पारदर्शिता बनाए रखने का दबाव भी बढ़ गया है। नगर निगम चुनावों को लेकर कांग्रेस और भाजपा दोनों ने अपनी पूरी ताकत मैदान में उतार दी है। मुख्यमंत्री के धर्मशाला, मंडी, सोलन व पालमपुर में कई जनसभाओं को संबोधित करने की संभावना है। वहीं कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल के भी चुनावी प्रचार में सक्रिय भागीदारी करने का कार्यक्रम तय हुआ है। दोनों दल लगातार संपर्क अभियान, नुक्कड़ सभाएं और संगठनात्मक बैठकों के माध्यम से मतदाताओं तक पहुंचने में जुटे हुए हैं।

### लोकतंत्र की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए आयोग सतर्क

**राज्य** निर्वाचन आयोग ने सभी राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि चुनाव प्रचार पूरी तरह नियमों और आचार संहिता के दायरे में रहकर किया जाए। आयोग का मानना है कि सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग पर अंकुश लगाना निष्पक्ष चुनाव की सबसे बड़ी शर्त है। ऐसे में इस बार नगर निगम चुनाव केवल राजनीतिक प्रतिष्ठा की लड़ाई नहीं, अपितु चुनावी अनुशासन और जवाबदेही की भी बड़ी परीक्षा बनने जा रहे हैं।

- सरकारी हेलिकॉप्टर और वाहनों के उपयोग पर निर्वाचन आयोग की सख्ती

# मंडी के तिरस्कार का खामियाजा भुगतेगी सुक्खू सरकार : जयराम

## कहा- नगर निगम चुनाव में खिलेगा कमल, भाजपा की जीत से मंडी को मिलेगी विकास की नई रफ्तार

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** 'छोटी काशी' के नाम से विख्यात मंडी नगर निगम चुनावों की तपिश के बीच पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। प्रचार अभियान के दौरान एक के बाद एक चार जनसभाओं को संबोधित करते हुए ठाकुर ने स्पष्ट किया कि मंडी की जनता के साथ हो रहे सौतेले व्यवहार का जवाब आगामी चुनावों में कांग्रेस को भुगतना होगा।

मीडिया से बातचीत के दौरान जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर क्षेत्रीय भेदभाव का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सत्ता परिवर्तन होते ही कांग्रेस सरकार ने मंडी के विकास को ठप करने का अभियान शुरू कर दिया था। 'मंडी की जनता से उनकी प्राथमिकताएं और विकास की योजनाएं चुन-चुनकर छीनी गई हैं। जिस शहर ने प्रदेश को अपना नेतृत्व दिया, उसे आज तिरस्कृत किया जा रहा है।' ठाकुर ने जोर देकर कहा कि मंडी की जनता जागरूक है और इस अपमान का खामियाजा सुक्खू सरकार को चुनावों में हार के रूप में चुकाना पड़ेगा। उन्होंने दावा किया कि नगर निगम मंडी में भाजपा एक बार फिर पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी।


मंडी नगर निगम में चुनाव प्रचार करते जयराम ठाकुर व अन्य। अनंत ज्ञान

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आज मंडी नगर निगम चुनाव प्रचार अभियान के तहत वार्ड नंबर 6 सन्यारड़, वार्ड नंबर 9 पैलेस कॉलोनी-2, वार्ड नंबर 10 सुहड़ा तथा वार्ड नंबर 8 पैलेस कॉलोनी-1 में जनसंपर्क अभियान चलाकर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन और वोट की अपील की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से संवाद करते हुए भाजपा की नीतियों, विकास कार्यों और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। जयराम ठाकुर ने मंडी नगर निगम के सभी 14 वार्डों में भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि नगर निगम में भाजपा की जीत मंडी के विकास, पारदर्शी व्यवस्था और जनहित के कार्यों को नई गति देगी।

### भाजपा का बढ़ता कुनबा और चुनावी समीकरण

**प्रचार** के दौरान भाजपा को उस समय बड़ी मजबूती मिली जब मुस्लिम समुदाय के लगभग 20 लोगों ने कांग्रेस और अन्य दलों का साथ छोड़ भाजपा का दामन थामा। जयराम ठाकुर ने उन्हें पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया। उन्होंने भगवाहन, मंगवाई, समखेतर, सनयार्ड और पैलेस-1 व पैलेस-2 जैसे वार्डों में सघन जनसंपर्क किया। जयराम ठाकुर ने आत्मविश्वास के साथ कहा, 'गत चुनावों में हमने 15 में से 11 सीटों पर जीत दर्ज की थी, लेकिन इस बार जनता का उत्साह बता रहा है कि यह आंकड़ा और भी बड़ा होने वाला है।' इस अवसर पर जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा सहित भाजपा के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जोगिंद्रनगर में 3 जिला परिषद वार्डों में सभी 20 अभ्यर्थियों के नामांकन सही

अनंत ज्ञान

**अंकित कुमार, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में तीन जिला परिषद वार्ड के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच के दौरान भरे गए सभी 20 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र सही पाए गए हैं। अब इच्छुक आवेदक 15 मई को सायं 3 बजे तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। इसके उपरांत चुनाव लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

इस बात की पुष्टि करते हुए सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंदर नगर मनीश चौधरी ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए जारी शेड्यूल के अंतर्गत आज जोगिंदर नगर में तीन जिला परिषद वार्ड सदस्यों के चुनाव को लेकर दाखिल नामांकन पत्रों की जांच की गई। इस दौरान प्राप्त सभी 20 नामांकन पत्र सही पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक आवेदक 15 मई सायं तीन बजे से पहले तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। इसी दिन नाम वापसी के उपरांत चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह (प्रतीक) का आवंटन किया जाएगा। जबकि संबंधित जिला परिषद वार्डों के लिए ग्राम पंचायत एवं पंचायत समिति सदस्यों के साथ तीन चरणों में 26, 28 व 30 मई को प्रातः 7 बजे से सायं 3 बजे तक मतदान करवाया जाएगा। जबकि मतों की गिनती 31 मई को की जाएगी।

### ये हैं 20 अभ्यर्थी

**जोगिंद्रनगर** में तीन जिला परिषद सदस्यों के लिए 20 लोगों ने अपने नामांकन पत्र भरे हैं तथा जांच के दौरान सभी सही पाए गए हैं। जिनमें भड़याड़ा जिला परिषद वार्ड से अमर सिंह, अजय कुमार, बलवीर सिंह, शेष राम, विजय कुमार, विशाल सिंह, कश्मीर सिंह, केहर सिंह, राकेश कुमार व कुशाल भारद्वाज, नेरघरवासड़ा जिला परिषद वार्ड से दक्षा देवी, बिंदु बाला, हिमा देवी व अनीता, जबकि लांगणा जिला परिषद वार्ड से राखी देवी, रजनी देवी, रीमा देवी, प्रियंका सकलानी, मीना देवी व नीशा राणा शामिल हैं।

# भोगड़ा पल्ली पंचायत की निर्विरोध प्रधान चुनी विनीता वर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष विनीता वर्मा को ठियोग विधानसभा क्षेत्र की नवगठित भोगड़ा पल्ली पंचायत का निर्विरोध प्रधान चुना गया है। अनारक्षित श्रेणी की इस पंचायत में स्थानीय लोगों ने समाज सेवा और



क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान के प्रति उनकी सक्रियता को देखते हुए उन पर पूर्ण विश्वास जताया। विनीता वर्मा लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय रही हैं और क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाती रही हैं। निर्विरोध प्रधान चुने जाने पर विनीता वर्मा ने पंचायतवासियों, मतदाताओं और क्षेत्र के सभी नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लोगों ने जो भरोसा उन पर जताया है, उस पर खरा उतरने के लिए वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगी। उन्होंने ठियोग के विधायक कुलदीप राठौर का भी विशेष आभार जताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और सहयोग से भोगड़ा पल्ली पंचायत को आदर्श पंचायत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व विनीता वर्मा तीन बार धर्मपुर पंचायत की प्रधान भी रह चुकी हैं।

# शिक्षकों की काउंसलिंग पर चुनावी ब्रेक

## अब 31 मई के बाद ही होंगी सीबीएसई स्कूलों में नियुक्तियां

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सीबीएसई संबद्ध सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्तियों और काउंसलिंग प्रक्रिया पर चुनावी आचार संहिता का साया पड़ गया है। शिक्षा विभाग ने अब स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश के 145 सीबीएसई स्कूलों में प्रस्तावित शिक्षकों की काउंसलिंग 31 मई के बाद ही आयोजित की जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के बाद यह निर्णय लिया गया है, क्योंकि प्रदेश में नगर निगम, पंचायत और शहरी निकाय चुनावों को लेकर प्रशासनिक मशीनरी पूरी तरह चुनावी तैयारियों में जुटी हुई है। ऐसे में शिक्षकों को चुनावी ड्यूटी से मुक्त करना संभव नहीं माना गया।

शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार टीजीटी, सीएंडवी, डीपीई, पीजीटी और जेबीटी सहित विभिन्न श्रेणियों के शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया के लिए सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई थीं। विभाग ने काउंसलिंग प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए नौ केंद्रों के साथ 10 अलग-अलग समितियों का गठन भी कर दिया है। इन समितियों में वरिष्ठ अधिकारियों, शाखा प्रमुखों, सहायक कर्मचारियों और आईटी स्टाफ को शामिल किया गया है ताकि पूरी प्रक्रिया तकनीकी और प्रशासनिक दृष्टि से सुचारु रूप से संचालित हो सके। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि चुनाव प्रक्रिया समाप्त होते ही नियुक्तियों को तेज़ी से अंतिम रूप दिया जाएगा, जिससे स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर किया जा सके। शिक्षा विभाग ने मंगलवार को यह भी स्पष्ट किया है कि ट्रेनिंग या संविदा आधार पर कार्यरत वे शिक्षक, जो चयनित होकर सीबीएसई स्कूलों में तैनात किए जाएंगे, उनकी मौजूदा सेवा शर्तों पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। साथ ही यदि कोई चयनित शिक्षक काउंसलिंग के बाद दी गई पोस्टिंग स्वीकार नहीं करता या निर्धारित समय में जॉइनिंग नहीं देता, तब भी उसे भविष्य में सीबीएसई स्कूलों में नियुक्ति के अवसरों से वंचित नहीं किया जाएगा। विभागीय स्तर पर इसे शिक्षकों के हित में लिया गया महत्वपूर्ण और राहतभरा निर्णय माना जा रहा है। प्रदेश भर के हजारों अभ्यर्थियों और शिक्षकों की निगाहें अब चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने और नई काउंसलिंग तिथियों की घोषणा पर टिकी हुई हैं।

- पंचायत और शहरी निकाय चुनावों के चलते टली प्रक्रिया
- चुनाव आयोग के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने लिया बड़ा फैसला

# भाजपा ने जनता को ठगा, 5 साल में विकास शून्य : विक्रमादित्य सिंह

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी के चुनावी रण में कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। मंगलवार देर शाम पुरानी मंडी वार्ड में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए नगर निगम चुनाव प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भाजपा पर तीखे हमले किए।



विक्रमादित्य सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले पांच वर्षों में मंडी की जनता ने भाजपा को नगर निगम की कमान सौंपी थी, लेकिन भाजपा के मेयर और डिप्टी मेयर जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने में पूरी तरह विफल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास के बड़े-बड़े दावों के बावजूद धरातल पर कुछ भी नहीं हुआ। भाजपा शासनकाल में शहर की जनता को पानी, सड़क और सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए भी तरसना पड़ा। 'भाजपा ने मंडी की भोली-भाली जनता को सिर्फ ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 5 साल सत्ता में रहने के बावजूद वे शहर को मूलभूत सुविधाएं तक नहीं दे पाए। अब समय आ गया है कि जनता काम न करने वालों को जवाब दे।

चुनाव प्रभारी ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि इस बार मंडी की जनता बदलाव के मूड में है। उन्होंने भरोसा जताया कि शहर के चहुंमुखी विकास के लिए जनता कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों को भारी बहुमत से जिताएगी। इस जनसभा में धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर, जिला कांग्रेस की अध्यक्षा चम्पा ठाकुर, कांग्रेस प्रत्याशी रेखा और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जहां चुनाव की रणनीति पर भी चर्चा की गई।

# हिमाचल में सरकारी कर्मचारियों के लिए सख्त आचार संहिता

## सोशल मीडिया व पहनावे को लेकर फिर मिले निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के आचरण, पहनावे और सोशल मीडिया गतिविधियों को लेकर एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। कार्मिक विभाग द्वारा जारी ताज़ा निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि सभी कर्मचारी कार्यालयों, न्यायालयों और सार्वजनिक स्थानों पर अपने पद की गरिमा के अनुरूप व्यवहार करें तथा शालीन, सादे और औपचारिक पहनावे को प्राथमिकता दें।

सरकार ने यह भी कहा है कि कर्मचारियों का आचरण केवल कार्यालय समय तक सीमित नहीं माना जाएगा, बल्कि सार्वजनिक जीवन में भी उनकी जिम्मेदारी और मर्यादा बनी रहनी चाहिए। सरकार के संज्ञान में लगातार ऐसी शिकायतें आने के बाद यह कदम उठाया गया है, जिनमें कुछ कर्मचारियों द्वारा सोशल मीडिया मंचों पर सरकारी नीतियों, प्रशासनिक निर्णयों और संवेदनशील विषयों पर सार्वजनिक टिप्पणियां किए जाने की बात सामने आई थी। विभाग ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी पुस्तक, लेख, मीडिया कार्यक्रम अथवा सार्वजनिक मंच पर विचार व्यक्त करते समय यह स्पष्ट करना आवश्यक होगा कि वे व्यक्तिगत विचार हैं। साथ ही कर्मचारियों को ऐसे वक्तव्यों और गतिविधियों से दूर रहने को कहा गया है, जिनसे सरकारी सेवा की निष्पक्षता, अनुशासन और गरिमा प्रभावित हो सकती है।

कार्मिक विभाग की ओर से सचिवालय प्रशासन सेवाएं-1 के माध्यम से जारी सर्कुलर में सभी विभागाध्यक्षों और कार्यालय प्रमुखों को आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। निर्देशों में यह भी उल्लेख किया गया है कि कार्यालयों में कैजुअल अथवा पार्टी परिधान पहनकर आने से बचा जाए और कर्मचारियों का पहनावा कार्यस्थल की मर्यादा के अनुरूप हो। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सरकारी दस्तावेजों और संवेदनशील सूचनाओं को अनधिकृत व्यक्तियों के साथ साझा करना सेवा नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। सरकार ने संकेत दिए हैं कि आदेशों की अवहेलना करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जा सकती है।

### प्रभावी निर्देशों को न मानने पर होगी कार्रवाई

**सरकार** का मानना है कि बदलते दौर में सोशल मीडिया और सार्वजनिक अभिव्यक्ति के बढ़ते प्रभाव के बीच सरकारी सेवाओं की विश्वसनीयता, तटस्थता और अनुशासन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक हो गया है। इसी उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों के लिए आचार संहिता संबंधी दिशा-निर्देशों को दोबारा प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्णय लिया है।

- सरकारी कार्यालयों में बनाए रखें अनुशासन, मर्यादा व पेशेवर व्यवहार

# रेखा कुमारी बिना मैच खेले बनी बिझड़ी बीडीसी सदस्य

अनंत ज्ञान



**एसके ठाकुर, बड़सर।** कहते हैं, किसी को अगर राजयोग हो तो उसे कोई नहीं छीन सकता है, ऐसा बिझड़ी वार्ड से निर्वाचित रेखा कुमारी के साथ हुआ। उन्होंने बीडीसी के लिए नामांकन भरा था अब हुआ यूं कि उनके अगेंस्ट किसी ने भी बीडीसी के लिए पर्चा दाखिल नहीं किया।

रेखा कुमारी बिना फील्डिंग सजाए ही मैच जीत गई है। जीत के बाद रेखा कुमारी कांग्रेस के खेमे में चली गई है। कांग्रेस नेता सुभाष ढटवलिया तथा पूर्व जिला परिषद मीना कुमारी ने मुंह मीठा करवा कर उन्हें शुभकामनाएं दी। कांग्रेस पार्टी में उनका स्वागत किया। कांग्रेस को बीडीसी में 1-0 की बढ़त मिल गई है। यह मुख्यमंत्री के लिए भी सुखद संदेश माना जा रहा है। सवाल खड़ा होता है कि क्या बीजेपी विचारधारा ने कोई महिला कैंडिडेट खुद ही खड़ी नहीं की या फिर बिना मैच खेले ही हार मान ली। यह जो खेला हुआ है इसमें कहीं न कहीं बीजेपी को जिला परिषद और बीडीसी चुनाव लड़ रहे भाजपा विचारधारा के उम्मीदवारों को नुकसान हो सकता है।

एक तो पहले ही जिला परिषद् बिझड़ी वार्ड हॉट सीट बनी हुई है। आने वाले चुनाव में इस जीत का कांग्रेस भाजपा के लिए क्या असर होगा या तो आने वाला भक्त ही बता सकता है, लेकिन बिझड़ी में खेल होना भाजपा के लिए सूक्त संदेश नहीं लग रहा है।

# वेतन न मिला तो थम जाएंगे बसों के पहिए

## कर्मियों का फूटा गुस्सा, बोले- हर महीने वेतन के लिए करना पड़ता है संघर्ष

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल पथ परिवहन निगम में वेतन संकट अब विस्फोटक रूप लेता जा रहा है। मई माह की 12 तारीख गुजरने के बावजूद कर्मचारियों के खातों में वेतन न पहुंचने से चालक-परिचालकों सहित हजारों कर्मियों का गुस्सा भड़क उठा है। निगम कर्मचारी यूनियनों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि बुधवार सुबह 10 बजे तक वेतन जारी नहीं हुआ तो प्रदेशभर में बसों के पहिये थाम दिए जाएंगे। इस ऐलान के बाद प्रदेश में परिवहन व्यवस्था चरमराने और लाखों यात्रियों के प्रभावित होने की आशंका गहरा गई है।


मांगों को लेकर प्रदर्शन करते चालक-परिचालक। अनंत ज्ञान

शिमला में हुई चालक-परिचालक यूनियन की आपात बैठक में कर्मचारियों ने निगम प्रबंधन के खिलाफ जमकर रोष व्यक्त किया। यूनियन नेताओं मान सिंह ठाकुर, प्रीत महेंद्र और दीपेंद्र कंवर ने कहा कि कर्मचारियों को हर महीने वेतन के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई कर्मचारी बैंक ऋण, बच्चों की फीस और घरेलू खर्चों के दबाव में टूट चुके हैं। यूनियन ने स्पष्ट कहा कि अब सिर्फ आश्वासनों से काम नहीं चलेगा और समय रहते वेतन जारी न हुआ तो बस अड्डों में खड़ी बसें सरकार और प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल बन जाएंगी।

कर्मचारियों ने एचआरटीसी मुख्यालय के बाहर जोरदार गेट मीटिंग और नारेबाजी कर अपना आक्रोश जाहिर किया। कर्मचारियों का कहना है कि निगम में करीब 12 हजार कर्मचारी और लगभग 7 हजार पेंशनर हैं, जिनकी आजीविका वेतन पर निर्भर है। दूसरी ओर प्रबंधन ने दावा किया है कि वेतन जारी करने के आदेश दे दिए गए हैं और बुधवार तक राशि कर्मचारियों के खातों में पहुंच जाएगी। हालांकि कर्मचारियों ने साफ संकेत दे दिए हैं कि यदि भुगतान में और देरी हुई तो प्रदेश की परिवहन व्यवस्था पूरी तरह ठप हो सकती है।

# भाजपा ने किया धर्मशाला-पालमपुर नगर निगम का विजन डॉक्यूमेंट जारी

## मूलभूत सुविधाओं और आधुनिक विकास पर फोकस: सुधीर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक सुधीर शर्मा ने धर्मशाला नगर निगम चुनावों के लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी करते हुए कहा कि भाजपा धर्मशाला को आधुनिक, सुव्यवस्थित, पर्यावरण अनुकूल और विश्वस्तरीय पर्यटन शहर के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा द्वारा तैयार किया गया यह संकल्प पत्र केवल चुनावी घोषणा नहीं बल्कि धर्मशाला के भविष्य का विजन डॉक्यूमेंट है, जिसे पूरे नगर निगम की समग्र विकास दृष्टि को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पवन काजल, प्रवक्ता राकेश शर्मा, संजय शर्मा, विश्व चक्षु और जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।


संकल्प पत्र जारी करते विधायक सुधीर शर्मा। अनंत ज्ञान

### स्मार्ट पार्किंग, 24 घंटे पेयजल व्यवस्था का वादा

**सुधीर** शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र धर्मशाला की वर्तमान जरूरतों और भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि पार्टी की प्राथमिकता मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना, यातायात व्यवस्था को आधुनिक बनाना और नागरिकों की जीवन गुणवत्ता सुधारना है। इसके तहत 22 स्थानों पर स्मार्ट पार्किंग, 24 घंटे पेयजल व्यवस्था और जल संरक्षण के लिए छोटे बांध बनाने की योजना शामिल है। भाजपा चरान खड्ड से भागसूनाग तक फनिकुलर यातायात परियोजना, बस अड्डे का विकास, बाजार पुनर्विकास और ई-टैक्सी सेवा शुरू करने पर भी काम करेगी। महिलाओं के लिए स्वरोजगार योजनाएं और युवाओं के लिए स्टार्टअप सेंटर, स्पोर्ट्स जोन और स्किल डेवलपमेंट की पहल प्रस्तावित है। साथ ही नगर सेवाओं को ऑनलाइन और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया गया है।

### धर्मशाला को बनाया जाएगा नशा मुक्त

**सुधीर** शर्मा ने कहा कि धर्मशाला को ड्रग मुक्त शहर बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत सीसीटीवी निगरानी, तकनीक आधारित ट्रैकिंग, जनजागरूकता और प्रशासनिक समन्वय के जरिए नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन शहर की पहचान सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण से ही मजबूत होती है। स्मार्ट सिटी परियोजनाओं को लेकर उन्होंने कांग्रेस सरकार और नगर निगम पर निशाना साधते हुए कहा कि कई योजनाएं केवल कागजों में रहीं और जनता के धन का सही उपयोग नहीं हुआ। उन्होंने पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी का आरोप भी लगाया। भाजपा ने नगर निगम की आय बढ़ाने, निजी निवेश आकर्षित करने और केंद्र योजनाओं के बेहतर उपयोग से धर्मशाला को आधुनिक शहर बनाने का संकल्प दोहराया।

## भाजपा नेता बोले- संकल्प पत्र चुनावी घोषणा नहीं, बल्कि पालमपुर के समग्र विकास का रोडमैप

- वीर सपूतों की स्मृति में बनेगा शहीद स्मारक
- पालमपुर को धार्मिक व पर्यटन सर्किट जोड़ा जाएगा

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** भाजपा ने मंगलवार को पालमपुर नगर निगम चुनाव के लिए अपना विजन डॉक्यूमेंट एवं संकल्प पत्र लॉन्च किया। इस अवसर पर भाजपा लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार ने कहा कि भाजपा का यह संकल्प पत्र केवल चुनावी घोषणा नहीं, बल्कि पालमपुर के समग्र विकास का रोडमैप है। परमार ने कहा कि पालमपुर वीरों, शहीदों, देवी-देवताओं और सांस्कृतिक विरासत की भूमि है तथा भाजपा का प्रयास रहेगा कि नगर निगम क्षेत्र के सभी प्रमुख प्रवेश द्वारों का नामकरण शहीदों के नाम पर किया जाए। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध के प्रथम शहीद सौरभ कालिया, परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा, कैप्टन विक्रम बत्रा, मेजर सुधीर वालिया सहित देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों की स्मृति में भव्य शहीद स्मारक बनाया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान को सदैव याद रखें।


संकल्प पत्र को जारी करते सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज, विपिन परमार व अन्य। अनंत ज्ञान

### धार्मिक पर्यटन, आधुनिक सुविधाएं और रोजगार पर जोर

**परमार** ने कहा कि पालमपुर को धार्मिक और पर्यटन सर्किट से जोड़ा जाएगा, जिसमें हिमानी चामुंडा, चामुंडेश्वरी, काली माता मंदिर, विद्यावासिनी मंदिर, शोभा सिंह आर्ट गैलरी, कृषि विश्वविद्यालय और सीएसआईआर जैसे स्थल शामिल होंगे। उन्होंने ट्रैफिक सुधार के लिए अंडरपास, ओवरहेड ब्रिज और आधुनिक यातायात व्यवस्था विकसित करने की बात कही। बिजली-संचार तारों को व्यवस्थित कर शहर की सुंदरता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। गौ सदन, आवास योजना, 400 मकानों के निर्माण, हर वार्ड में पार्क, सिंगल विंडो सिस्टम और 150 दिन रोजगार जैसे प्रस्ताव भी विजन में शामिल हैं। भाजपा पालमपुर को चिट्टा मुक्त और नशा मुक्त बनाने के लिए व्यापक अभियान चलाएगी। वहीं, सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में ट्रांसफर माफिया, खनन माफिया, शराब माफिया, ड्रग माफिया, कबाड़ माफिया और चिट्टा माफिया का बोलबाला है। चंबा मनोहर हत्याकांड, बिलासपुर गोलीकांड और मंडी में युवती हत्याकांड जैसी घटनाएं प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था का प्रमाण हैं।

# नीट परीक्षा रद्द होने से विद्यार्थियों का भविष्य संकट में : अनुराग शर्मा

### कहा- सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की निगरानी में करवाई जाए मामले की जांच

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने नीट परीक्षा रद्द होने के मामले को लेकर केंद्र सरकार और परीक्षा प्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। मंगलवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि यह देश के लाखों विद्यार्थियों और उनके परिवारों के साथ बड़ा अन्याय है।

लगभग 24 लाख विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा के लिए दिन-रात मेहनत की, कई छात्रों ने ड्रॉप लेकर तैयारी की, तो कई परिवारों ने कर्ज लेकर बच्चों को कोचिंग दिलाई।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी घरों से दूर रहकर कठिन परिस्थितियों में तैयारी करते हैं और परीक्षा के बाद जब उन्हें राहत मिलती है, तभी पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने जैसी खबरें सामने आ जाती हैं। इससे बच्चों पर मानसिक दबाव बढ़ता है


धर्मशाला में प्रेसवार्ता करते सांसद अनुराग शर्मा। अनंत ज्ञान

और अभिभावक भी अवसाद की स्थिति में पहुंच जाते हैं। अनुराग ने कहा कि किसी भी राजनीतिक संरक्षण के बिना पेपर लीक जैसी घटनाएं संभव नहीं हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार है और प्रदेश में भाजपा सरकार के समय भी पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ था। ऐसे मामलों से जनता का अधिकारियों और व्यवस्था पर भरोसा कमजोर हो रहा है। उन्होंने मांग उठाई कि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की निगरानी में एक विशेष समिति गठित की जाए, जो पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करे तथा दोषियों को कठोर से कठोर सजा दी जाए। इस समय विद्यार्थी मानसिक प्रताड़ना से गुजर रहे हैं और कांग्रेस पार्टी विद्यार्थियों व उनके परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है।

उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश के लगभग 32 हजार विद्यार्थी शामिल थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा में 8 से 9 हजार बच्चों ने परीक्षा दी, जबकि धर्मशाला में करीब 2 हजार विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी।

## जरूरतमंद बच्चों को बांटी किताबें व कॉपियां



अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ जमूला में कार्यरत प्राध्यापक अजय सिंह पटियाल प्रवक्ता रसायन विज्ञान द्वारा 6वीं से लेकर 12वीं कक्षा तक के जरूरतमंद बच्चों को किताबें तथा कॉपियां वितरित की गईं। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या मीनू सूद भी मौजूद रहीं।

उन्होंने इन किताबों व कापियों के वितरण के लिए अजय सिंह पटियाल का धन्यवाद किया।

## पत्नी के अवैध संबंधों के चलते पति ने की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट के थाना तारागढ़ के गांव अदालतगढ़ में, 46 वर्षीय हलवाई रमेश पाल ने अपने पत्नी के अवैध संबंधों और प्रेमी की धमकियों से परेशान होकर दरिया में कूदकर आत्महत्या कर ली। रमेश की पत्नी जसवंती के गुरदासपुर के शिवा नामक युवक के साथ संबंध थे। घरेलू कलह और मानसिक तनाव से पीड़ित रमेश 6 मई को घर से लापता हुआ, और 10 मई को उसकी लाश दरिया में मिली। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य फरार हैं। परिवार का आरोप है कि प्रताड़ना से ही रमेश ने यह कदम उठाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने की धाराओं के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।

# देहरा अस्पताल में एक महीने से अल्ट्रासाउंड मशीन बनी सफेद हाथी

अनंत ज्ञान

**देहरा।** देहरा के सिविल अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन पिछले एक महीने से सफेद हाथी बनी धूल फांक रही है और जिम्मेदार अधिकारी गहरी नींद में सोए हुए हैं। जसवां परागपुर और देहरा विधानसभा क्षेत्र की गरीब जनता भारी उम्मीदों के साथ अस्पताल की दहलीज चूमती है, लेकिन वहां से उन्हें इलाज के बजाय केवल टका सा जवाब मिलता है कि मशीन खराब है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

> **अल्ट्रासाउंड** मशीन के खराब होने की सूचना सीएमओ के माध्यम से स्वास्थ्य निदेशालय को भेज दी गई है। यह मशीन अपनी कार्य अवधि की तय सीमा पार कर चुकी है, यानी पूरी तरह कंडम हो चुकी है। अगर सरकार आज मुझे नई मशीन उपलब्ध करवा दे, तो मैं तत्काल प्रभाव से लोगों के अल्ट्रासाउंड करना शुरु कर दूंगा।
>
> **-डॉ. अंकुश, रेडियोलॉजिस्ट, सिविल अस्पताल देहरा**

सबसे शर्मनाक पहलू यह है कि देहरा वर्तमान में प्रदेश की सबसे वीआईपी यानी हॉट सीट है, जहां की विधायक कमलेश कुमारी स्वयं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की धर्मपत्नी हैं। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग की यह घोर लापरवाही सरकार की साख पर बट्टा लगा रही है। अस्पताल की इस बदहाली ने गरीब मरीजों, विशेषकर गर्भवती महिलाओं को निजी केंद्रों की लूट का शिकार होने पर मजबूर कर दिया है। जो लोग सरकारी सुविधा के हकदार हैं, उन्हें अपनी जेबें ढीली कर निजी अस्पतालों की शरण लेनी पड़ रही है। विडंबना देखिए कि जब इस समस्या पर एसएमओ गुरमीत सिंह से संपर्क साधने की कोशिश की गई, तो उन्होंने जिम्मेदारी निभाने के बजाय संवेदनहीनता की हदें पार कर दीं। संवाददाता का फोन बार-बार काटना और जवाबदेही से भागना यह दर्शाता है कि स्वास्थ्य प्रशासन को आम जनमानस की पीड़ा से कोई सरोकार नहीं है। जब रक्षक ही मौन हो जाएं और फोन काटने लगें, तो जनता अपनी गुहार लेकर किसके पास जाए। यह खबर सीधे तौर पर उस कुंभकरणी नींद में सोए स्वास्थ्य निदेशालय पर प्रहार है, जिसे शायद गरीब की चीखें सुनाई नहीं दे रही हैं।

# डीआर पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत





अनंत ज्ञान

**गरली।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में डीआर पब्लिक स्कूल नैहरनपुखर के होनहारों ने सरहानीय प्रदर्शन किया है। सभी 14 विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल का नाम रोशन किया।

परी और आकाशी ने 645/700 अंक हासिल कर संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया है। साहिल सपेहिया ने 635 अंक लेकर दूसरा, जबकि आरुषि ने 632 अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया। मोक्ष कुमार ने 619, वीरेन कुमार ने 574, नीलेश शर्मा ने 567 तथा अक्षित मैहरा ने 565 अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यार्थियों, अध्यापकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम मेहनत, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण है।

# शुभ ने जीता स्ट्रॉन्गमैन ऑफ चैंपियनशिप का खिताब

### शाहपुर में हुई राज्यस्तरीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप, 150 खिलाड़ियों ने लिया भाग

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** शाहपुर के संतोष पैलेस में पावरलिफ्टिंग स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन के अधिकार के तहत एचपी स्टेट पावरलिफ्टिंग, बेंच प्रेस और डेडलिफ्ट चैंपियनशिप 2026 का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन द रामा जिम रैत की ओर से किया गया, जिसमें प्रदेश के 8 जिलों से करीब 150 एथलीटों ने विभिन्न भार वर्गों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

- रामा जिम ओवरऑल बना चैंपियन

चैंपियनशिप के मुख्य अतिथि शाहपुर से भाजपा जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कमल कुमार शर्मा रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शाहपुर में इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से युवाओं को सही दिशा मिलती है।

उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को खेलों और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना समाज की जिम्मेदारी है और सामाजिक संगठनों और जागरूक लोगों को इसमें बढ़-चढ़कर योगदान देना चाहिए। कमल कुमार शर्मा ने सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी और अपनी ओर से 10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया।

चैंपियनशिप का आयोजन पीएसओ इंडिया के अध्यक्ष जीवन कुमार, एचपी राज्य महासचिव अंकुश राठौड़ और एचपी राज्य अध्यक्ष ऋषभ शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



मुख्यातिथि कमल कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

प्रतियोगिता में चंबा के शुभ कुमार ने कुल 760 किलोग्राम वजन उठाकर स्ट्रॉन्गमैन ऑफ चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। वहीं बैजनाथ की पारुल राज ने कुल 217.5 किलोग्राम वजन उठाकर स्ट्रॉन्गवूमन ऑफ चैंपियनशिप बनने का गौरव हासिल किया। टीम प्रदर्शन में रामा जिम ओवरऑल चैंपियन बना, जबकि द्रोणाचार्य जिम दूसरे और रणभूमि जिम तीसरे स्थान पर रहे।

## तनावपूर्ण जीवन में ध्यान अत्यंत जरूरी: प्रो. उपेंद्र

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सहयोग से 4 मई से 12 मई तक सात दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के मानसिक स्वास्थ्य क्लब द्वारा आयोजित किया गया। शिविर का संचालन बीके सुलक्षणा के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने ध्यान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ध्यान केवल आध्यात्मिक साधना नहीं, बल्कि तनाव कम करने, मानसिक स्थिरता बढ़ाने और जीवन में सकारात्मक सोच विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। क्लब संयोजक प्रो. वीरेंद्र सिंह तथा अन्य सदस्यों ने शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान प्राध्यापकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को मानसिक शांति, आत्म-जागरूकता और तनाव मुक्ति के व्यावहारिक अभ्यास करवाए गए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा ने कहा कि आज के तनावपूर्ण जीवन में ध्यान अत्यंत आवश्यक है और इसे दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

## करियाडा के सन्नी ने फिल्म इंडस्ट्री मुंबई में बनाई पहचान

**अनंत ज्ञान, गरली।** करियाडा के 39 वर्षीय सन्नी जमुआल ने मुंबई की फिल्म इंडस्ट्री में अपनी मजबूत पहचान बना ली है। सन्नी जमुआल पुत्र सुरेश जमुआल ने मुंबई के अंधेरी वेस्ट में अपनी कंपनी एसएसईजी सोल्यूशंज प्राइवेट लिमिटेड का कॉर्पोरेट ऑफिस स्थापित कर फिल्म प्रोजेक्ट फाइनेंसिंग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान हासिल किया है। बताया जा रहा है कि उनकी कंपनी कई बड़े फिल्मी और कॉर्पोरेट प्रोजेक्ट्स से जुड़ी हुई है, जिससे उनका नाम अब बॉलीवुड के प्रभावशाली कारोबारियों में गिना जाने लगा है। मुंबई के हाई-प्रोफाइल सर्किल में भी उनकी चर्चा तेज हो रही है। सन्नी जमुआल ने यह सफलता किसी फिल्मी या बड़े कारोबारी बैकग्राउंड के बिना हासिल की है। उन्होंने अपनी मेहनत और दूरदर्शिता के दम पर यह मुकाम पाया है। उनकी सफलता की कहानी अब युवाओं के लिए प्रेरणा बन रही है। करियाडा गांव में उनकी उपलब्धि को लेकर गर्व का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि उनका बेटा आज मुंबई में बड़ी हस्तियों के साथ काम कर रहा है। सन्नी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और संस्कारों को दिया है।



## पठानकोट में फर्जी पुलिस आईडी के सहारे घूम रहे तीन युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट पुलिस ने वायुसेना स्टेशन नौशहरा नलबंदा के पीछे नाकाबंदी के दौरान एक कार में सवार तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने खुद को पंजाब पुलिस का कांस्टेबल बताकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन जांच में उनका आईडी कार्ड फर्जी निकला। डीएसपी विपिन कुमार ने बताया कि एएसआई सरताज सिंह अपनी टीम के साथ विशेष नाके पर तैनात थे। रात करीब 11 बजे गांव पंजुपुर की ओर से आ रही आई-20 कार को जांच के लिए रोका गया। कार चालक ने अपना नाम कांस्टेबल सुनीर शर्मा बताते हुए पुलिस पहचान पत्र दिखाया और कहा कि वे 'खुफिया ड्यूटी' पर आए हैं। संदेह होने पर पुलिस ने आईडी कार्ड की बारीकी से जांच की, जिसमें वह नकली पाया गया। पूछताछ में तीनों युवकों ने स्वीकार किया कि वे पुलिस विभाग में कार्यरत नहीं हैं। आरोपियों ने बताया कि उन्हें होशियारपुर के एक पेट्रोल पंप के पास यह आईडी कार्ड मिला था, जिसका इस्तेमाल वे टोल प्लाजा और पुलिस नाकों से बचने के लिए कर रहे थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और सरकारी कर्मचारी का झूठा रूप धारण करने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**लापरवाही** जीवित पर वोटर सूची से नाम गायब, कई मृतकों के नाम अब भी शामिल

# कैंसर को हराया, सिस्टम की बेरुखी से हारा दीपक

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** अपर परागपुर के दीपक पटियाल ने कैंसर जैसी बीमारी से वर्षों तक लड़कर जिंदगी को दोबारा संभाला, लेकिन अब वे कहते हैं कि असली बीमारी शरीर में नहीं, सिस्टम में है। सब्जी बेचकर परिवार चलाने वाले दीपक का दर्द इस बात को लेकर है कि पंचायत चुनाव में उपप्रधान पद का सपना देखने वाले एक जीवित व्यक्ति का वोट सूची से गायब हो गया, जबकि गांव में वर्षों पहले मर चुके लोगों के नाम आज भी वोटर लिस्ट में दर्ज हैं। दीपक पटियाल वर्ष 2016 से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझते रहे। लंबे इलाज और संघर्ष के बाद वे सामान्य जीवन में लौटे। पिछले वर्ष स्वास्थ्य फिर बिगड़ा, लेकिन अब वे पूरी तरह सक्रिय हैं।

इस बार उन्होंने पंचायत चुनाव में उपप्रधान पद के लिए मैदान में उतरने का मन बनाया था। गांव के लोगों से मिलना-जुलना शुरू कर दिया था और उन्हें लग रहा था कि बीमारी के अंधेरे के बाद अब जिंदगी नई दिशा ले रही है। लेकिन तभी उन्हें पता चला कि उनके परिवार के नौ और चाचा



के परिवार के तीन वोट सूची से काट दिए गए हैं। दीपक का कहना है कि उन्होंने वर्ष 2005 से हर पंचायत, विधानसभा और लोकसभा चुनाव में मतदान किया है। वर्ष 2021 के पंचायत चुनाव में भी उन्होंने वोट डाला था। उन्होंने कभी वोट कटवाने या किसी प्रकार की करेक्शन के लिए आवेदन नहीं दिया, फिर भी उनका नाम सूची से गायब हो गया। दीपक ने तंज भरे लहजे में कहा कि गांव में जो लोग दस साल पहले इस दुनिया से जा चुके हैं, उनके नाम आज भी वोटर लिस्ट में मौजूद हैं, लेकिन उनका नाम काट दिया गया जबकि वे जिंदा हैं, गांव में रह रहे हैं और चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शायद इस

> **निर्धारित** समय सीमा के दौरान पंचायत के माध्यम से लोगों को सूचित किया गया था। जिन लोगों के वोट कटे थे, वे पंचायत कार्यालय में आकर सूची जांच सकते थे। अब निर्धारित प्रक्रिया का समय निकल चुका है।
>
> **-मीना शर्मा, बीडीओ, परागपुर।**

सिस्टम में जीवित रहने से ज्यादा जरूरी कागजों में जिंदा रहना है। उन्होंने बताया कि वे पंचायत सचिव, बीएलओ और बीडीओ कार्यालय तक गए, लेकिन कहीं से संतोषजनक जवाब नहीं मिला। उनका आरोप है कि यदि समय रहते सही सूचना दी जाती तो वे अपना वोट बहाल करवा सकते थे। दीपक का कहना है कि कैंसर के दौरान उन्हें डॉक्टरों ने उम्मीद दी थी, लेकिन सिस्टम ने उनसे उनका लोकतांत्रिक अधिकार ही छीन लिया। वहीं पंचायत सचिव वंदना ने बताया कि पंचायत में चौकीदार नहीं है। इसके बावजूद वार्ड पंचों को कहा गया था कि जिन लोगों के वोट कटे हैं, वे पंचायत घर में आकर सूची जांच लें। परागपुर क्षेत्र में यह मामला अब चर्चा का विषय बना हुआ है।

## विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में रिक्त सीटों पर 16 तक कर सकते है आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय धर्मशाला छावनी के प्रधानाचार्य सुनील चौहान ने आज यहां जानकारी देते हुए बताया है कि शैक्षणिक सत्र के लिए कक्षा 11वीं में विज्ञान तथा वाणिज्य संकाय में वर्तमान में रिक्त सीटों पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है। प्रधानाचार्य सुनील चौहान ने बताया वर्तमान शैक्षणिक सत्र में कक्षा 11वीं में कुछ सीटें रिक्त रहने के कारण अब पात्र विद्यार्थियों के लिए प्रवेश का अवसर उपलब्ध कराया गया है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार विज्ञान संकाय मेडिकल एवं नॉन मेडिकल में कुल 14 सीटें उपलब्ध हैं जबकि वाणिज्य संकाय में 13 सीटें रिक्त हैं। इप्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रवेश पंजीकरण की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 16 मई तक कर दिया गया है। पंजीकरण प्रक्रिया विद्यालय के प्रधानाचार्य कार्यालय में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक पूरी की जा सकेगी।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 1 .340 किलो चरस के साथ तीन गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** जिला नूरपुर पुलिस के एसपी कुलभूषण वर्मा के नेतृत्व में जिला नूरपुर पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए नूरपुर टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान भारी मात्रा में चरस बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।


पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार आरोपी। अनंत ज्ञान

जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम नियमित गश्त और वाहन चेकिंग के दौरान डिफेंस रोड कोपड़ा के समीप नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने एक ऑल्टो कार और एक होंडा कार को जांच के लिए रोका। तलाशी प्रक्रिया नियमानुसार पूरी की गई, जिसमें दोनों वाहनों से कुल 1.340 किलोग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए सैफ अली, अब्दुल्ला और फारुख निवासी चुराह, जिला चंबा को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसपी कुलभूषण ने बताया कि नशा तस्करी के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त दोनों वाहनों को भी कब्जे में लेकर आगामी जांच शुरू कर दी है।

# आईपीएल मैच: धर्मशाला पहुंची मुंबई इंडियंस टीम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला स्टेडियम में दिल्ली केपिटल्स की टीम पंजाब से जीत कर मंगलवार को वापस लौट गई। वहीं मुंबई इंडियंस, पंजाब से मुकाबले के लिए धर्मशाला पहुंच चुकी है। मुंबई के स्टार खिलाड़ी हिट-मेन रोहित शर्मा, भारतीय टीम के टी-20 कैप्टन सूर्या कुमार यादव व तिलक वर्मा सहित अन्य खिलाड़ी व कोच पहुंच गए हैं। जबकि मुंबई के कैप्टन हार्दिक पांडया धर्मशाला नहीं आए हैं। सितारों से सजी हुई मुंबई इंडियंस इस सीजन कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई है और सबसे पहले प्लेऑफ की दौड़ से एलिमनेट हो चुकी है। ऐसे में अब मुंबई की टीम पंजाब किंग्स का खेल बिगाड़ भी सकती है। पंजाब ने शुरूआत से ही बेहतरीन खेल दिखाते हुए लगातार छह मैच जीते थे, जबकि अब धर्मशाला दूसरे होम ग्रांउड में लगातार चौथी हार भी हो चुकी है। ऐसे में पंजाब को प्लेऑफ में बने रहने के लिए अपने आगामी मैच जीतना जरूरी हो गया है।

◆ **अहम होगा 14 मई को खेले जाने वाला मुकाबला**

◆ **धर्मशाला में जीत दर्ज कर लौटी दिल्ली टीम**







## दीपक चहर व अन्य खिलाड़ियों ने बच्चों के साथ खिंचवाए फोटो

गगल। मुंबई इंडियंस टीम के खिलाड़ी मंगलवार दोपहर दो बजकर बीस मिनट पर एलाइंस एयर के विमान द्वारा रोहित शर्मा अपनी टीम को लेकर चंडीगढ़ से कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचे। जहां अधिकारियों के द्वारा मुंबई टीम का स्वागत किया गया। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स की टीम अक्षर पटेल की अध्यक्षता में कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंची, जहां केएल राहुल ने अपने क्रिकेट प्रशंसकों को ऑटोग्राफ दिए और फोटो भी खिंचवाए। इसके बाद सभी खिलाड़ी एलाइंस एयर के विमान से दिल्ली को रवाना हो गए। मुंबई के खिलाड़ी दीपक चहर व अन्य खिलाड़ियों ने बच्चों को ऑटोग्राफ दिए और फोटो भी खिंचवाए।

## पंजाब के सीएम भगवंत मान आएंगे धर्मशाला

◆ **14 को पंजाब और मुंबई इंडियंस का देखेंगे मैच**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान 14 को धर्मशाला आएंगे। परिवार सहित धर्मशाला आ रहे मुख्यमंत्री भगवंत मान 14 मई को धर्मशाला में पंजाब और मुंबई इंडियंस के मध्य खेले जा रहे मैच देखेंगे। सूत्रों के अनुसार पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान 14 मई को दोपहर बाद धर्मशाला पहुचेंगे तथा योल के समीप निजी होटल में ठहरेंगे। 14 मई शाम को धर्मशाला स्टेडियम में पंजाब के मुख्यमंत्री परिवार सहित मैच भी देखेंगे तथा 15 मई को वापिस लौटेंगे। गौरतलब है कि धर्मशाला में खेले जाने वाले तीन आईपीएल मैचों में से एक में मेजबान पंजाब की टीम दिल्ली से हार चुकी है। 14 मई को पंजाब का मुकाबला मुंबई इंडियंस और 17 मई को पंजाब के सामने रॉयल चैलेंजर बंगलुरु की टीम होगी।

# पंजाब अब भी लगातार चौथी हार के बाद चौथे स्थान पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** आईपीएल के 19वें सीजन में पंजाब अब भी लगातार चौथी हार के बाद चौथे स्थान पर है, जबकि मुंबई सीजन में मात्र तीन जीत व आठ हार के साथ नौवें स्थान पर है। ऐसे में धर्मशाला में होने वाला मुकाबला पंजाब के लिए अहम होगा। पंजाब जीत की लय में वापस लौटना चाहेगी, वहीं मुंबई पांच बार की चैंपियन रह चुकी है, जोकि पूरे जोश के साथ मैदान में उतरेगी।

## पंजाब टीम ने की प्रेक्टिस

**पंजाब** के कैप्टन श्रेयस अय्यर, प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह, अर्शदीप सिंह शंशाक सिंह, हरप्रीत बराड़ सहित कई खिलाड़ियों ने मंगलवार को अभ्यास किया है। इसके साथ ही मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी भी धर्मशाला स्टेडियम में अभ्यास के लिए पहुंचे। दोनों टीमों का अभ्यास सत्र शाम छह बजे से रात नौ बजे तक चला। खिलाड़ियों ने मैदान में पहुंचकर दौड़ लगाई, शरीर को चुस्त रखने के लिए व्यायाम किया और इसके बाद बल्लेबाजी तथा गेंदबाजी का अभ्यास किया। बल्लेबाजों ने बड़े शॉट लगाने का अभ्यास किया, जबकि गेंदबाजों ने अपनी गेंदबाजी को मजबूत बनाने पर ध्यान दिया। खिलाड़ियों ने लंबे समय तक मैदान में पसीना बहाकर आगामी मुकाबलों की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। धर्मशाला में होने वाले मुकाबले पंजाब के लिए बेहद महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। वहीं मुंबई की टीम पर भी अपनी मजबूत पहचान और जीत की लय बनाए रखने का दबाव रहेगा। उधर, एचपीसीए के सह-सचिव विशाल शर्मा ने बताया कि दिल्ली की टीम दोपहर बाद धर्मशाला से वापिस लौट गई है। उन्होंने बताया कि मुंबई की टीम धर्मशाला-धर्मकोट पहुंच गई है।

# शाहपुर में करोड़ों का निर्माणाधीन पुल ढहा

## लापरवाही और खामियों के कारण पुल गिरने की आशंका



धनोटू-ललेटा-बनुमहादेव सड़क पर पुल बनने से पहले ही ढह गया। अनंत ज्ञान

▸▸ **विभागीय निगरानी और सुपरविजन की भूमिका पर सवाल**

▸▸ **बारिश के कारण पुल की शटरिंग धंसी और स्लैब बीच से ढही**

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** शाहपुर क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से बन रहा पुल गिर गया। शाहपुर की धनोटू-ललेटा-बनुमहादेव सड़क पर यह पुल बनाया जा रहा था। इस पुल के बनने से धनोटू क्षेत्र की जनता को लाभ मिलना था।

चंबी खड्ड पर करोड़ों रुपए की लागत से बन रहे इस पुल का कार्य अब आखिरी चरण में था, लेकिन इस बीच यह लापरवाही व खामी की भेंट चढ़ गया। जानकारी के अनुसार सोमवार शाम सात बजे के बाद उक्त पुल ढहा, जिसकी सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक ने विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें मंगलवार सुबह साढ़े छह बजे पुल साइट पर बुलाया और कमेटी गठित की, साथ ही मामले की जांच कर रिपोर्ट जल्द पेश करने को कहा है। इस घटना से पुल के डिजाइन एवं तकनीकी पक्ष सहित निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच तथा निर्माण कार्य के दौरान विभागीय निगरानी एवं सुपरविजन की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है बारिश के कारण पुल की शटरिंग धंस गई और स्लैब बीच से ढह गई। इस कारण सारा का सारा पुल खड्ड में आ गिरा।

## पठानिया ने दिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश



अधिकारियों के साथ स्थिति का जायजा लेते विधायक केवल पठानिया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** धनोटू-ललेटा-बनुमहादेव सडक़ पर निर्माणाधीन पुल के ढहने की घटना पर शाहपुर के विधायक एवं उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कड़ा संज्ञान लेते हुए उच्च स्तरीय जांच के आदेश जारी किए हैं। घटना की सूचना मिलते ही विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों तथा लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मौके का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। स्थानीय प्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों ने भी अपनी चिंताएं विधायक के समक्ष रखीं। इनमें संजय शर्मा, संजय कपूर, मोहिंदर सिंह, विक्रम सिंह चम्बयाल और इंद्रजीत प्रमुख रूप से शामिल रहे। पठानिया ने विभागीय अधिकारियों को घटना की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच करने के निर्देश देते हुए तीन प्रमुख बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने को कहा है, इनमें पुल के डिजाइन एवं तकनीकी पक्ष की जांच, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच तथा निर्माण कार्य के दौरान विभागीय निगरानी एवं सुपरविजन की भूमिका की समीक्षा शामिल है। उन्होंने कहा कि जनता के धन और लोगों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। जांच में दोषी पाए जाने वाले ठेकेदारों और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

◆ **कहा- जनता के धन और लोगों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं**

# पालमपुर निगम चुनावों में भाजपा का कमल खिलना तय: शांता

अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि पश्चिमी बंगाल में भाजपा की जीत के बाद कितना खुश हूं, आज बयान नहीं कर सकता। भाजपा कार्यालय पालमपुर में पत्रकार वार्ता में पार्टी की एकजुटता से प्रसन्न भाजपा वरिष्ठ नेता शांता कुमार ने कहा कि वह भारतीय जनसंघ के गठन से संगठन के साथ अब तक जुड़े हैं।

1951 से 1953 में जनसंघ की कानपुर में आयोजित प्रथम बैठक सहित सभी बैठकों में शामिल रहा हूं। उन्होंने वर्तमान को देश और भाजपा का स्वर्ण युग बताते हुए नगर निगम चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। शांता कुमार ने कहा कि उन्हें खुशी है कि निगम चुनावों में जीत दर्ज करने के लिए पार्टी एकजुटता से कार्य कर रही है। इसके लिए स्थानीय नेता और कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। उन्होंने याद किया कि भाजपा के इस युग का अकेला कार्यकर्ता हूं। साथी ठाकुर कुंज लाल के निधन उपरांत अकेला व्यक्ति हूं। उन्होंने कहा कि किसी समय दो सांसदों की भाजपा आज केंद्र सहित 22 राज्यों में शासन कर रही है। शांता कुमार ने पार्टी कार्यकर्ताओं की एकजुटता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नगर निगम में भाजपा की जगह को पक्का बताया। निगम चुनावों में भाजपा का कमल खिलना तय है तथा पालमपुर के विकास में रही कमी को पूरा किया जाएगा। नगर निगम पर कब्जा कर पालमपुर को भी कांग्रेस मुक्त बनाया जाएगा। रोपवे का सपना अधूरा रहने पर दुखी शांता कुमार ने कहा कि सरकार जाने से मेरा सपना टूटा था, लेकिन नगर निगम समेत प्रदेश सरकार में भाजपा का शासन होने पर यह सपना भी अवश्य पूरा होगा। जीवन का सपना पालमपुर का रोपवे को पूरा करना, भाजपा का ही दायित्व है। रोपवे बनने से पूरा जिला कांगड़ा, विश्व के पर्यटन पटल पर उभर कर आएगा। नगर निगम चुनाव में जीत दर्जकर पालमपुर का विकास ही भाजपा की प्राथमिकता रहेगी। जनता से आग्रह पालमपुर का विकास भाजपा की देन रही है।

◆ **पालमपुर के विकास में रही कमी को पूरा किया जाएगा**

# पालमपुर नगर निगम चुनाव : मतदान कर्मियों के लिए पूर्वाभ्यास शिविर आयोजित

अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** नगर निगम चुनावों की तैयारियों को लेकर चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर के सभागार में चुनावी पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर चुनाव पर्यवेक्षक एवं आईएएस अधिकारी सुनील शर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम पालमपुर डॉ. ओपी यादव और नगर निगम के संयुक्त आयुक्त रमेश कुमार की अगुवाई में किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सेक्टर अधिकारियों, पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों को संबोधित करते हुए चुनाव पर्यवेक्षक सुनील शर्मा ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में मतदाताओं का विश्वास बनाए रखना मतदान कर्मियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि चुनाव की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी कर्मचारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ करें। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। संयुक्त आयुक्त रमेश कुमार ने मतदान प्रक्रिया की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए सभी तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को नियम पुस्तिका (रूल बुक) का गहन अध्ययन करने का सुझाव दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी स्तर पर त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए, इसलिए नियमों की स्पष्ट समझ होना अनिवार्य है।



दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा। अनंत ज्ञान

# एचपीयू धर्मशाला में महिला रोजगार और वित्त आयोग पर व्याख्यान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा क्षेत्रीय केंद्र के सभागार में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक आचार्य, अर्थशास्त्र विभाग, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय (देहरा कैंपस) डॉ. कमल सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने भारत में महिला रोजगार: पीएलएफएस (2017-2024) से साक्ष्य तथा 16वां वित्त आयोग: प्रमुख मुद्दे, चुनौतियां और 15वें वित्त आयोग से निरंतरताएं विषयों पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए।

डॉ. कमल सिंह ने कहा कि वित्त आयोग भारत का एक संवैधानिक निकाय है, जिसका गठन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत राष्ट्रपति द्वारा प्रत्येक पांच वर्ष में किया जाता है। इसका प्रमुख कार्य केंद्र एवं राज्यों के बीच कर राजस्व के वितरण की अनुशंसा करना तथा राजकोषीय संतुलन सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि वित्त आयोग का उद्देश्य देशभर में संसाधनों का संतुलित वितरण सुनिश्चित करना एवं समावेशी विकास को बढ़ावा देना है।

उन्होंने आगे कहा कि 16वें वित्त आयोग (2026-31) द्वारा राजकोषीय संघवाद में कई महत्वपूर्ण बदलावों की सिफारिश की गई है। इनमें विभिन्न राज्यों को दिए जाने वाले राजस्व घाटा अनुदान को समाप्त करने का प्रस्ताव विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इस निर्णय से विशेषकर उन राज्यों पर वित्तीय दबाव बढने की संभावना है, जिन पर ऋण भार अधिक है और जो संरचनात्मक राजस्व घाटे से प्रभावित हैं।

# नगर निगम चुनावों में जनता देगी भाजपा की जनविरोधी नीतियों का करारा जवाब

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय चरान धर्मशाला में नगर निगम चुनावों को लेकर वरिष्ठ सलाहकार प्रो. चौधरी चंद्र कुमार की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर कांग्रेस पार्टी के प्रति अपना समर्थन और विश्वास व्यक्त किया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नगर निगम चुनावों में धर्मशाला की जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों का करारा जवाब देने जा रही है और कांग्रेस पार्टी पूरे दमखम के साथ भाजपा का सूपड़ा साफ करेगी। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी विकास, जनहित और पारदर्शिता की राजनीति में विश्वास रखती है, जबकि भाजपा केवल भ्रम और दबाव की राजनीति कर रही है। बैठक में नगर निगम धर्मशाला के सह-प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा, वार्ड प्रभारी केवल सिंह पठानिया, एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा, वाइस चेयरमैन विशाल चंबियाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरभजन चौधरी, मीडिया इंचार्ज पुनीत मल्ली, आईटी मीडिया इंचार्ज दिनेश शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

◆ **नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस की अहम बैठक आयोजित**

## धर्मशाला नगर निगम प्रत्याशियों के पक्ष में कांग्रेस का रोड शो 15 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा के धर्मशाला नगर निगम चुनाव में 15 मई को कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में रोड शो का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल विशेष रूप से शिरकत करेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी नगर निगम चुनाव को लेकर प्रदेश के दौरे पर हैं। रजनी पाटिल द्वारा वीरवार को यानी 14 मई को पालमपुर, जबकि 15 मई को धर्मशाला में रोड़ शो का आयोजन होगा। धर्मशाला में रोड़ शो उपरांत रजनी पाटिल हवाई मार्ग से दिल्ली के लिए रवाना होंगी। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विनोद जिंटा ने दी।

◆ **प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल रहेंगी मौजूद**

# बिजली बोर्ड ने की पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता की घोषणा

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड ने पालमपुर के तहत बिंद्रावन क्षेत्र में तैनात लाइनमैन मोहन लाल की ड्यूटी के दौरान हुई दुखद मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। बोर्ड के अध्यक्ष ने दिवंगत कर्मचारी को श्रद्धांजलि देते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं जताईं। अध्यक्ष ने कहा कि स्व. मोहन लाल की ओर से विद्युत क्षेत्र में दी गई सेवाओं को हमेशा सम्मान और कृतज्ञता के साथ याद रखा जाएगा। किसी भी प्रकार की आर्थिक सहायता अमूल्य मानव जीवन की भरपाई नहीं कर सकती, लेकिन इस कठिन समय में बोर्ड परिवार के साथ खड़ा है। बोर्ड ने मृतक के परिजनों को तत्काल राहत के रूप में 50 हजार रुपए की सहायता राशि जारी की है। इसके अलावा कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, 1923 के तहत 15.28 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। साथ ही समूह बीमा योजना के तहत अतिरिक्त 5 लाख रुपए की सहायता देने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। मार्च 2026 में विस्तृत विचार-विमर्श के बाद विद्युत लाइनों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सख्त सुरक्षा निर्देश जारी किए गए थे। इन निर्देशों में कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और लापरवाही के मामलों में जवाबदेही तय करने का प्रावधान शामिल है। प्रारंभिक जांच के आधार पर संबंधित कनिष्ठ अभियंता को जांच पूरी होने तक निलंबित कर दिया गया है। अध्यक्ष ने दोहराया कि कर्मचारियों की सुरक्षा के मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी और सभी अधिकारियों को सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

◆ **लाइनमैन की मौत पर जताया शोक**

## मां भगवती केवल शक्ति का स्वरूप ही नहीं, अपने भक्तों के दुख हरने वाली जगत जननी भी

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ के महाराजा पैलेस में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सुप्रसिद्ध कथा वाचक पवन नंदन द्वारा श्रद्धालुओं को मां भगवती की दिव्य लीलाओं का रसपान करवाया जा रहा है। कथा के सातवें दिन मां की अलौकिक महिमा और उनकी करुणामयी लीलाओं का विस्तृत वर्णन किया गया, जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के दौरान पूरा पंडाल भक्ति और श्रद्धा के सागर में सराबोर नजर आया। कथा वाचक ने बताया कि मां भगवती केवल शक्ति का स्वरूप ही नहीं, बल्कि अपने भक्तों के दुख हरने वाली जगत जननी भी हैं। जब-जब संसार में अधर्म, अन्याय और अहंकार बढ़ता है, तब माता विभिन्न रूपों में प्रकट होकर दुष्ट शक्तियों का विनाश करती हैं और धर्म की रक्षा करती हैं। मां दुर्गा ने महिषासुर जैसे राक्षसों का संहार कर यह संदेश दिया कि सत्य और धर्म की हमेशा विजय होती है। कथा में यह भी वर्णित किया गया कि मां अपने भक्तों की परीक्षा भी लेती हैं, लेकिन सच्चे मन और श्रद्धा से जो भक्त माता का स्मरण करता है, मां उसकी हर बाधा को दूर कर जीवन में सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करती हैं।

# एसडीएम संकल्प ने पेयजल एवं सीवरेज कार्यों का लिया जायजा

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** उपमंडलाधिकारी बैजनाथ संकल्प गौतम ने मंगलवार को खड़ानाल तथा आसपास के क्षेत्रों में जल शक्ति विभाग की ओर से पेयजल सुविधा सुदृढ़ करने के लिए बिछाई जा रही पाइप लाइन के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों से कार्य की प्रगति, गुणवत्ता तथा निर्धारित समय सीमा के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जाए। साथ ही उतराला वाया मलघोटा वैकल्पिक सड़क मार्ग के किनारों को दुरुस्त करने तथा तंग स्थानों को खुला करने के निर्देश भी दिए, ताकि आवागमन सुचारु रूप से बना रहे। उपमंडलाधिकारी ने कहा कि पेयजल योजनाएं जनहित से जुड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजनाएं हैं, जिनका उद्देश्य लोगों को बेहतर एवं सुचारू पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पाइप लाइन को उपयुक्त एवं सुरक्षित स्थान से बिछाया जाए, ताकि भविष्य में सड़क अथवा यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो। इस दौरान एसडीएम ने पपरोला से उतराला की ओर जाने वाली सड़क पर चल रहे सीवरेज कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित कॉन्ट्रैक्टर को कार्य में आवश्यक तेजी लाने तथा एक सप्ताह के भीतर कार्य पूर्ण कर सड़क को आवागमन के लिए बहाल करने के निर्देश दिए, ताकि स्थानीय लोगों एवं यात्रियों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग राहुल धीमान, कनिष्ठ अभियंता पवन धीमान आदि उपस्थित रहे।



कार्यों का जायजा लेते एसडीएम संकल्प। अनंत ज्ञान

# एनसीसी के 20 कैडेट्स लेंगे प्रशिक्षण



अनंत ज्ञान

**नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में 12 मई को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के तहत संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी) के लिए 20 कैडेट्स को धर्मशाला रवाना किया गया। यह 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर एनसीसी गतिविधियों, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

कॉलेज के एनसीसी संयोजक प्रो. रविंद्र कुमार के नेतृत्व में कैडेट्स का दल धर्मशाला के लिए रवाना हुआ। रवाना होने से पूर्व महाविद्यालय परिसर में कैडेट्स को अनुशासन, समय प्रबंधन और शिविर के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रो. रविंद्र कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स को परेड, ड्रिल, हथियार प्रशिक्षण, व्यक्तित्व विकास, आपदा प्रबंधन, सामाजिक सेवा तथा नेतृत्व कौशल से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा कैडेट्स को टीम भावना, आत्मविश्वास और राष्ट्र सेवा की भावना को मजबूत करने का अवसर भी मिलेगा। महाविद्यालय प्रशासन ने शिविर में भाग लेने वाले सभी कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग स्थगित

**अनंत ज्ञान, नादौन।** एसडीएम कार्यालय नादौन के अंतर्गत 13 मई को प्रस्तावित ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग फिलहाल स्थगित कर दी गई है। नादौन के एसडीएम और पंजीकरण एवं लाइसेंसिंग प्राधिकारी निशांत शर्मा ने बताया कि प्रशासनिक कारणों से इन्हें स्थगित करना पड़ा है। उन्होंने बताया कि ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग की नई तिथि जल्द ही निर्धारित कर दी जाएगी।

### बाह्न्वीं स्कूल में मेधावी स्टूडेंट्स किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाह्न्वीं में प्रधानाचार्य निर्मल कुमार की अध्यक्षता में सम्मान समारोह में आयोजित किया गया। उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने ड्राइंग विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि छह विद्यार्थियों ने ड्राइंग विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए हैं। समारोह में ड्राइंग अध्यापक पिंटू को भी विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन देने के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### हमीरपुर थाने में टैक्सी वाहन की नीलामी 15 जून को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपमंडल बड़सर के एक टैक्सी वाहन से संबंधित एक मामले में सिविल जज न्यायालय बड़सर ने वारंट ऑफ सेल जारी किया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजीव ठाकुर ने बताया कि डिक्रिटल राशि की रिकवरी के लिए इस वाहन की बिक्री खुली नीलामी के माध्यम से की जाएगी। इस वाहन की नीलामी की प्रक्रिया 15 जून को सुबह 11 बजे पुलिस थाना हमीरपुर के परिसर में पूर्ण की जाएगी। इच्छुक लोग इस नीलामी में भाग ले सकते हैं।

### पनसाई और मालग में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विद्युत उपमंडल धनेटा में 14 मई को लाइनों की आवश्यक मरम्मत और पेड़ों की टहनियों की काट-छांट के कार्य के चलते पंचायत पनसाई, मंझोली, मालग, बढेड़ा, सनाही, बूणी और बलेटा के सभी गांवों एवं पेयजल योजनाओं की विद्युत आपूर्ति सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बंद रहेगी। सहायक अधिशाषी अभियंता किशोरी लाल ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### तकनीकी विवि प्रवेश परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने प्रवेश परीक्षा के सभी विषयों की उत्तर कुंजी जारी की है। तकनीकी विश्वविद्यालय ने 9 और 10 मई को बीटेक, बी फार्मेसी, एमबीए, एमसीए सहित अन्य विषयों की प्रवेश परीक्षा ली थी। सभी विषयों की प्रवेश परीक्षा में 8584 अभ्यर्थी बैठे थे। तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक अनुपम कुमार ठाकुर ने कहा कि प्रवेश परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी कर दी है। किसी अभ्यर्थी का उत्तर कुंजी को लेकर कोई त्रुटि सुधार या सुझाव है, तो वह 20 मई तक ईमेल या पत्राचार के माध्यम से विश्वविद्यालय को सूचित कर सकते हैं। इसके बाद ही फाइनल उत्तर कुंजी जारी की जाएगी।

### जेबीटी की डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन स्थगित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) द्वारा आयोजित जेबीटी भर्ती परीक्षा (पोस्ट कोड-25004) पास करने वाले उम्मीदवारों की डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया फिलहाल स्थगित कर दी गई है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इन उम्मीदवारों की डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 22 मई से आरंभ होनी थी, लेकिन प्रशासनिक कारणों से इसे स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसका शेड्यूल बाद में जारी किया जाएगा।

### 15 तक अपनी ऑप्शन दें सहायक स्टाफ नर्स के अभ्यर्थी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने 30 अप्रैल 2026 से 11 मई तक सहायक स्टाफ नर्स, पोस्ट कोड-26004 की डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों से 15 मई तक निर्धारित प्रपत्र पर विभाग के आवंटन के विकल्प आमंत्रित किए हैं। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि निर्धारित प्रपत्र पर ये विकल्प स्वयं आयोग के कार्यालय में या आयोग के ईमेल एचपी-आरसीए एट द रेट एचपी.जीओवी.इन पर भेजे जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अगर इस अवधि के दौरान कोई अभ्यर्थी अपना विकल्प जमा नहीं करवाता है तो उसे पदों की उपलब्धता के आधार पर स्वास्थ्य विभाग या स्वास्थ्य शिक्षा विभाग आवंटित कर दिया जाएगा।

# प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति डालेगी कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों के खिलाफ वोट

## कहा- प्रदेशभर के पेंशनर्स सरकार की बेरुखी का डटकर देंगे जवाब

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश पेंशनर्स की संयुक्त संघर्ष समिति को बार-बार दिए गए आश्वासन के बाद भी आज तक वार्ता के लिए न बुलाने का प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर, महासचिव इंद्रपाल शर्मा, अतिरित महासचिव भूप राम वर्मा व अन्य पदाधिकारियों ने सरकार की कड़े शब्दों में निंदा की है।

प्रदेश पेंशनर्ज संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रदेश में हो रहे पंचायतीराज व शहरी निकायो के चुनावों में कांग्रेस के समर्थित सभी प्रत्याशियों के विरुद्ध वोट डालने का निर्णय लिया है। संघर्ष समिति के महासचिव इंद्र पाल शर्मा ने प्रेसवार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री तथा उनका कार्यालय 30 मार्च के विशाल धरना प्रदर्शन के बाद लगातार समिति को वार्ता के लिए बुलाए जाने को लेकर झूठ और गुमराह करने का काम कर रहा है। गत 22 अप्रैल को मुख्यमंत्री के निजी सचिव ने मुझे फोन कर सूचित किया कि 2 से 5 मई के बीच वार्ता के लिए बुलाया जाएगा। फिर अतिरिक्त महासचिव को 5 मई को फोन कर कहा कि जल्दी ही वार्ता की डेट तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सरकार तथा पेंशनर विरोधी सरकारी पिट्ठुओं की मिलीभगत योजना साफ दिखाई देती है कि प्रदेश में होने वाले पंचायतीराज व शहरी निकाय चुनाव में प्रदेश के करीब 2 लाख पेंशनरों को सरकार समर्थित प्रत्याशियों के विरुद्ध चुनाव लड़ने और उनका विरोध करने से रोका जा सके, क्योंकि 11 मई को नामांकन की अंतिम तिथि थी। प्रदेश संघर्ष समिति के सभी 18 प्रमुख संगठनों ने पहले की इन चुनाव में अभी तक 300 प्रत्याशियों को चुनाव में उतार दिया है और अन्य सभी स्थानों पर कांग्रेस के प्रत्याशियों के विरुद्ध योग्य और शिक्षित ईमानदार प्रत्याशियों के पक्ष में वोट डालने के लिए सभी जिला के संयुक्त संघर्ष समितियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।



संघर्ष समिति के महासचिव इंद्र पाल शर्मा ने की प्रेसवार्ता। अनंत ज्ञान

इंद्र पाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश के सभी पेंशनर इन चुनावों में सरकार को अब राजनीतिक फ्रंट पर हराकर अपनी एकता का परिचय देंगे और अगले वर्ष होने वाले विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस के विरुद्ध सभी 68 विधानसभा में अपने सहयोगियों और अन्य प्रत्याशियों का समर्थन कर के इस सरकार को सत्ता से उखाड़ कर ही दम लेंगे। इस अवसर ओम प्रकाश गर्ग, राकेश शर्मा, गोपाल कृष्ण, जगदीश चंदेल उपस्थिति रहे।

# जिला परिषद प्रत्याशी काजल का नामांकन पत्र हुआ रद्द

अनंत ज्ञान

◆ बीडीसी के सभी 100 प्रत्याशी स्क्रूटनिंग में पास

**नादौन।** जिला परिषद के चुनाव के लिए नादौन उपमण्डल से चार सीटों के 9 प्रत्याशियों में से मालग वार्ड की प्रत्याशी काजल का नामांकन पत्र रद्द हो गया है, जबकि शेष सभी 8 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र स्क्रूटनिंग के दौरान सही पाए गए हैं।

अब कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशियों की सभी चार वार्डों में आमने सामने टक्कर होगी। स्क्रूटनिंग के दौरान पंचायत समिति के सभी 100 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र सही पाए गए हैं। जिला परिषद के सबसे प्रतिष्ठित अमलेहड़ वार्ड जो मुख्यमंत्री का गृह वार्ड है, उसमें कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी रविंद्र कुमार गद्दी व भाजपा समर्थित वीरेंद्र सिंह एडवोकेट में मुकाबला काफी दिलचस्प होगा, क्योंकि रविंद्र कुमार मुख्यमंत्री के खास हैं तो वीरेंद्र सिंह के पिता जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन रह चुके हैं और इसी वार्ड से दो बार जिला परिषद का चुनाव जीत चुके हैं।

वार्ड सपड़ोह, लहड़ा व मालग में कांग्रेस व भाजपा समर्थकों में आमने सामने मुकाबला होगा।

### बड़सर हलके के 4 जिला परिषद वार्डों के नामांकन सही

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** जिला परिषद सदस्य चुनाव 2026 के अंतर्गत विभिन्न तिथियों को प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच उपरांत, वार्ड-वार निर्वाचन लड़ने के लिए वैध पाए गए हैं। अब जिला परिषद वार्ड नंबर 12-करेर में गुरदीप सिंह, विक्रम सिंह और सुरजीत के बीच मुकाबला होगा। इसी प्रकार जिला परिषद वार्ड नंबर 13-बिझड़ी परमजीत शर्मा, विकास कुमार, यशपाल सिंह, संदीप सिंह के बीच मुकाबला है। जिला परिषद वार्ड नंबर 14-झंझयाणी में विपन कुमार और रामेश्वर दत्त के बीच मुकाबला है। जिला परिषद वार्ड नंबर 15-दांदडू में रेनू बाला, नीना देवी और रजनी पीला के बीच मुकाबला है।

## संशोधित ग्रेच्युटी व बकाया राशि के भुगतान के आदेश जारी करे सरकार

अनंत ज्ञान

◆ हिम आंचल पेंशनर्स संघ ने बैठक में उठाई मांग


**हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्ज संघ की शीर्ष नेतृत्व बैठक पेंशनर भवन हमीरपुर में संपन्न हुई, जिसमें पेंशनरों की लंबित आर्थिक मांगों पर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक में जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त पेंशनरों के संशोधित लीव-एनकैशमेंट, ग्रेच्युटी, कम्यूटेशन और अन्य बकाया भुगतान प्रमुख मुद्दा रहा।

इसके साथ ही महंगाई भत्ता की देय किस्तें जारी न होने, लंबित चिकित्सा बिलों के भुगतान में देरी और पेंशन संशोधन एरियर न मिलने पर पदाधिकारियों ने सरकार के प्रति नाराजगी जताई। उन्होंने मांग की कि सभी लंबित देनदारियों का शीघ्र भुगतान किया जाए ताकि पेंशनरों को राहत मिल सके। प्रदेश पदाधिकारियों ने बैठक में स्पष्ट किया कि संगठन लगातार पूर्व और वर्तमान सरकार के समक्ष यह मुद्दे उठाता रहा है। उन्होंने बताया कि उनके प्रयासों से जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त श्रेणी 1 से 3 को छोड़कर अधिकांश पेंशनरों को एरियर का भुगतान दिलाया गया है, जबकि शेष वर्ग के लिए प्रयास जारी हैं। बैठक में यह भी मांग उठी कि मृतक पेंशनरों के आश्रितों को उनकी सभी लंबित देनदारियों का एकमुश्त भुगतान किया जाए। साथ ही संगठन को और मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान को नियमित रूप से चलाने पर जोर दिया गया। बैठक में बैठक में जीडी शर्मा, लक्ष्मी आर्य, रोशन लाल चौधरी, दीप राम शर्मा, लेख राम कौशल, रामपाल शर्मा, बालकृष्ण शर्मा, जैसी राम विमल, जगदीश चंद शर्मा, कैलाश चंद, हेमराज शर्मा, जगदीश चंद शर्मा कारगू, अवनीश कुमार, पृथ्वीराज शर्मा, रोशन लाल पटियाल आदि मौजूद रहे।

## सांख्यिकीय सहायक भर्ती का फाइनल परिणाम घोषित तीन उम्मीदवारों का चयन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने सांख्यिकीय सहायक (ट्रेनी) के पदों को भरने के लिए पोस्ट कोड-25013 के तहत आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षा में सफल हुए उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच के बाद अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इन पदों के लिए कुल 626 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 320 उम्मीदवारों ने कंप्यूटर आधारित परीक्षा दी थी और इस परीक्षा में 13 उम्मीदवारों का चयन दस्तावेजों की जांच के लिए किया गया था। 24 अप्रैल को दस्तावेजों की जांच के बाद 3 उम्मीदवारों किंजल कौंडल, अमित कुमार और अक्षित कुमार का चयन किया गया है। सचिव ने बताया कि यह अंतिम परिणाम सभी उम्मीदवारों के नाम, रोल नंबर और अंकों सहित आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीए.एचपी.जीओवी.इन पर उपलब्ध है।

## मदर्स प्राइड पब्लिक स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत



विद्यार्थियों को मॉर्निंग असेंबली में सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के मदर्स प्राइड पब्लिक स्कूल मलोटी का 10वीं एवम 10+2 का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के एम डी प्रदीप सिंह. एवम प्रिंसिपल प्रवीण कौशल ने जानकारी देते हुए बताया कि. स्कूल के विधार्थियों पुरवई ने 97.71%, वंशिका ने 95.86%, प्रिंस ने 94.71%, कौशिक ने 94.43%, कनिका ने, 94.14%, साहिल कटोच ने 93.43%, कृतिका ने 93%, अदिति ने, 92.71%, अंबिका ने 92.57%, प्रियांशु ने 91.29%, उत्कर्ष ने 90.43% ओर कृतिका ने 90.4% अंक लेकर स्कूल एवं जिला हमीरपुर के नादौन क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। इन उत्कृष्ट परिणामों पर स्कूल प्रशासन ने सभी सफल विद्यार्थियों को मॉर्निंग असेंबली में मंच पर बुलाकर सम्मानित किया। इस दौरान छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को इस सफलता का श्रेय दिया और भविष्य में और बेहतर परिणाम की उम्मीद जताई।

## नादौन में भैंसे के हमले से वृद्ध व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन की पंचायत अमलेहड़ पंचायत में भैंस के हमले से 74 वर्षीय बुजुर्ग अजीत सिंह की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पुखरू पलाखर गांव के अजीत सिंह पुत्र रूलिया राम अपने पशुओं को चराने के लिए पास के चारागाह में गए थे। इसी दौरान एक भैंसा अचानक आक्रामक हो गया और उसने उन पर जोरदार हमला कर दिया। गंभीर चोटों के कारण बुजुर्ग की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही निर्मल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह मामला पशु के हमले से हुई दुर्घटनात्मक मृत्यु का प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। एसएचओ निर्मल सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला पशु के हमले से हुई दुर्घटनात्मक मृत्यु का प्रतीत हो रहा है और जांच जारी है।

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मेधावी व आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को देगी 100% स्कॉलरशिप

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर एवं होनहार छात्रों के लिए एडमिशन-कम-स्कॉलरशिप प्रोग्राम के तहत सीयूसीईटी 2026 के माध्यम से 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्रदान की जा रही है।

इस योजना के अंतर्गत मोहाली कैंपस के लिए 200 करोड़ रुपए तथा लखनऊ कैंपस के लिए 50 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। इच्छुक छात्र यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं और अपनी सुविधानुसार परीक्षा स्लॉट चुन सकते हैं।

यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर प्रो. (डॉ) आरएस बावा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 2012 में स्थापना के बाद से अब तक 28 राज्यों, 8 केंद्र शासित प्रदेशों और विदेशों के 1.40 लाख से अधिक छात्रों ने स्कॉलरशिप का लाभ लिया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में ही हिमाचल प्रदेश के 4300 से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति मिली है, जिनमें 2329 छात्र सीयूसीईटी के माध्यम से और 1977 अन्य स्कॉलरशिप योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं। डिफेंस स्कॉलरशिप के तहत पिछले 13 वर्षों में 5,723 छात्रों को 6 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता दी गई है, जिसमें हिमाचल प्रदेश के 105 छात्र शामिल हैं। डिफेंस कर्मियों के परिजन आर्म्ड फोर्सेज एजुकेशनल वेलफेयर स्कीम और शहीद कैप्टन विक्रम बतरा स्कॉलरशिप का लाभ भी ले सकते हैं। यूनिवर्सिटी का एनसीसी विंग देशसेवा के लिए छात्रों को प्रशिक्षित कर रहा है, जिसमें 50 कैडेट्स भारतीय सशस्त्र बलों में सेवाएं दे रहे हैं। शोध और नवाचार में यूनिवर्सिटी के नाम 21,000 से अधिक रिसर्च पब्लिकेशन, हजारों पेटेंट और अंतरराष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियां दर्ज हैं। 2025 में 1300 से अधिक कंपनियों से 10,000 से ज्यादा जॉब ऑफर मिले, जिनमें हिमाचल प्रदेश के 650 से अधिक छात्र शामिल रहे। हमीरपुर के कई छात्रों ने टॉप कंपनियों में प्लेसमेंट हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया है।



प्रो-चांसलर प्रो. (डॉ) आरएस बावा ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस। अनंत ज्ञान

# यूनियन ने पूछा, करंट लगने से कर्मचारी की मौत का जिम्मेदार कौन?

अनंत ज्ञान

◆ बिजली हादसों पर कर्मचारियों में आक्रोश, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की उठाई मांग

**ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल विद्युत बोर्ड लिमिटेड में लगातार हो रही दुर्घटनाओं और कर्मचारियों की मौतों को लेकर कर्मचारी यूनियन ने गंभीर सवाल उठाए हैं। यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष नितिश भारद्वाज ने पूछा कि इन हादसों की जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा। यह एक गंभीर चिंता का विषय है।

हाल ही में आंधी-तूफान के कारण प्रदेशभर में बिजली लाइनों के क्षतिग्रस्त होने के बाद बहाली कार्य तेजी से चल रहा था। इस दौरान पालमपुर डिवीजन के विन्द्रावन क्षेत्र में 11 केवी लाइन पर काम कर रहे 30 वर्षीय लाइनमैन मोहन लाल करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। यूनियन का आरोप है कि यह हादसा बिना लाइन बंद किए काम शुरू करने के कारण हुआ। यूनियन नेताओं ने कहा कि बोर्ड में लगभग 6500 तकनीकी पद खाली पड़े हैं और 2021 के बाद भर्ती नहीं हुई है। ऐसे में काम का दबाव सीमित कर्मचारियों पर डाला जा रहा है, जिससे वे जोखिम भरे हालात में काम करने को मजबूर हैं। महासचिव प्रशांत शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि आउटसोर्स आधार पर 'बिजली मित्र' की तैनाती भी कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए खतरा बन रही है। नितिश भारद्वाज के अलावा महासचिव प्रशांत शर्मा (पैटर्न कामेश्वर शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार) और विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने प्रेस बयान में कहा कि इस मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों को अतिशीघ्र गिरफतार किया जाए और नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई अम्ल में लाई जाए अन्यथा यूनियन सम्बधित अधिकारियों का उनके कार्यालय में ही घेराव करने से गुरेज नहीं करेंगे।

## युवाओं ने वृद्ध आश्रम में वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों से ली प्रेरणा

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** मेरा युवा भारत हमीरपुर द्वारा वृद्ध आश्रम कृष्णा नगर में युवाओं के लिए एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों, जीवन मूल्यों एवं सामाजिक जिम्मेदारियों से अवगत करवाना था। इस कार्यक्रम के तहत 5 युवाओं ने भाग लिया तथा वे अलग-अलग दिनों में नागरिक वरिष्ठ केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के साथ समय बिताया, उनके अनुभवों को सुना एवं सेवा कार्यों में सहयोग प्रदान किया। युवाओं ने बुजुर्गों के जीवन अनुभवों से प्रेरणा लेते हुए सम्मान और संवेदनशीलता का संदेश भी दिया। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी दीपमाला स्वयं भी केंद्र में उपस्थित रहीं और युवाओं का मार्गदर्शन किया। साथ ही वृद्ध आश्रम के प्रबंधक मिलाप के सहयोग एवं समर्थन के लिए धन्यवाद किया।



एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम का आयोजन। अनंत ज्ञान

## नीलम पब्लिक स्कूल बीहडू का मैट्रिक का परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, एसके ठाकुर, बड़सर।** नीलम पब्लिक स्कूल बीहडू का मैट्रिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। अंश्विका ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड मैट्रिक में राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। गौरी शर्मा ने 12वां, जबकि रिद्धिमा और नंदिनी ने 19वां स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि के लिए स्कूल में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। स्कूल प्रबंधक नीलम ठाकुर ने बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों की मेहनत और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि सफलता मेहनत का परिणाम है। समारोह में मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह और फूलों का हार पहनाकर सम्मानित किया गया।



# चुनौतियों के बीच भारत तेजी से बढ़ रहा आत्मनिर्भरता की ओर : अनुराग

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'राष्ट्र प्रथम, कर्तव्य सर्वोपरि' विषय के अंतर्गत दिए सात नागरिक आह्वानों का स्वागत करते हुए इसे विकसित और आत्मनिर्भर भारत निर्माण का राष्ट्रीय संकल्प बताया है। उन्होंने कहा कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच भारत तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है और ऐसे समय में प्रत्येक नागरिक की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री के संदेशों का उद्देश्य लोगों को जिम्मेदार नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है, जिससे देश आयात पर निर्भरता कम कर सके और स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा मिले।



अनुराग ठाकुर ने कहा कि यदि 140 करोड़ भारतीय अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव अपनाते हैं तो इसका प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देगा। प्रधानमंत्री ने वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा देने, अनावश्यक यात्राओं से बचने, ईंधन की बचत और सार्वजनिक परिवहन, मेट्रो, कार पूलिंग, साइकिल तथा इलेक्ट्रिक वाहनों के अधिक उपयोग पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि यह केवल ईंधन बचत का विषय नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा दायित्व है। साथ ही गैर-जरूरी विदेशी यात्राओं से बचने का आग्रह भी विदेशी मुद्रा संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

घरेलू उपभोग के संदर्भ में उन्होंने खाद्य तेल की सीमित खपत, अनावश्यक स्वर्ण खरीद से बचाव और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की बात कही। इससे किसानों की लागत घटेगी, भूमि की उर्वरता बढ़ेगी और रासायनिक उत्पादों पर निर्भरता कम होगी।

## पंचायत चुनावों में कांग्रेस के उम्मीदवारों को वोट नहीं देंगे एचआरटीसी पेंशनर्स : अजमेर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कांग्रेस सरकार साढ़े तीन साल से एचआरटीसी के करीब 8700 पेंशनरों के 1-1-16 से जुलाई 2021 के बीच ग्रेज्युटी, लीव इन कैशमेंट, संशोधित वेतन मान का एरियर, 18 प्रतिशत डीए तथा चिकित्सा बिलों के ऊपर कुंडली मार कर बैठी है। प्रदेश सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच के कार्यकारी अध्यक्ष अजमेर ठाकुर ने प्रेस बयान में कहा कि पूर्व कर्मचारियों ने अपनी जवानी के 35 से 40 वर्ष रात-दिन जनता की सेवा में लगाए और वृद्धावस्था में उन्हें पेंशन भी समय पर नहीं दी जाती है, जबकि कई पेंशनर गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हैं जो पैसे के अभाव से सही ढंग से अपना इलाज तक नहीं करवा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि करीब 500 पेंशनर तो इस दुनिया को छोड़कर भी चले गए हैं उनके परिवार को भी उनका वकाया तक नहीं दिया गया है, इसलिए पेंशनर समाज ने वर्तमान सरकार से तंग आकर पंचायत व नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस के उमीदवारों के विरूध मतदान करने का मन बना लिया है ताकि सरकार को पेंशनरों की पीड़ा का एहसास करवाया जा सके।

# भाषण प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में राशि ने मारी बाजी

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल दुगनेहड़ा में चल रहे काइंडनेस माह के तहत विद्यार्थियों में सेवा, दया एवं मानवीय मूल्यों की भावना विकसित करने के उद्देश्य से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय वायस ऑफ काइंडनेस, स्पीक टू सर्व रखा गया, जिसमें जूनियर (कक्षा 6वीं से 8वीं) तथा सीनियर (कक्षा 9वीं से 11वीं) वर्ग के विद्यार्थियों ने भाग लिया।



कार्यक्रम में प्रतिभागियों के साथ टीचर्स। अनंत ज्ञान

विद्यार्थियों ने दया, सहयोग एवं मानवता से जुड़े विषयों पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत कर अपनी अभिव्यक्ति क्षमता एवं संवेदनशील सोच का परिचय दिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के उच्चारण, विषय-वस्तु, मंच प्रस्तुति एवं वक्तृत्व कला के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। सीनियर वर्ग में कक्षा 11वीं की राशि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा 11वीं की अर्शिता द्वितीय एवं कक्षा 11वीं के ध्रुव तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में कक्षा 6वीं की आइजाह प्रथम, कक्षा 6वीं की गौरी द्वितीय तथा कक्षा 8वीं की अनिका तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. नीलोफर (पीजीटी), मीनाक्षी कपूर (पीजीटी) व मीनाक्षी शर्मा (टीजीटी इंग्लिश) शामिल रहीं। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रेया ठाकुर (इंग्लिश अध्यापिका) द्वारा किया गया। निर्णायकों ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें जीवन में दया, सहानुभूति एवं सेवा जैसे मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या विनीता गुप्ता ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, संवेदनशीलता तथा दूसरों के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# धनेटा कॉलेज में शुरू होंगे एआई व डाटा साइंस जैसे आधुनिक कोर्स

अनंत ज्ञान

**धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में सत्र 2026-27 से विद्यार्थियों के लिए आधुनिक और रोजगारपरक शिक्षा के नए द्वार खुलने जा रहे हैं। महाविद्यालय में कला स्नातक और वाणिज्य स्नातक के साथ चार नए अत्याधुनिक पाठ्यक्रम बीएससी डाटा साइंस, बीएससी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बीसीए तथा बीबीए शुरू किए जाएंगे। इन पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार से स्वीकृति मिल चुकी है तथा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से संबद्धता के लिए आवेदन प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है।

महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार सत्र 2026-27 से सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश ऑनलाइन माध्यम से किए जाएंगे। वर्तमान समय में तकनीक, डिजिटल क्रांति और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप कौशल प्रदान किया जाएगा।

बीएससी डाटा साइंस के तहत विद्यार्थियों को डाटा विश्लेषण, मशीन लर्निंग और सांख्यिकीय तकनीकों का प्रशिक्षण मिलेगा, जबकि बीएससी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से एआई, ऑटोमेशन, रोबोटिक्स और स्मार्ट सिस्टम्स की जानकारी दी जाएगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्ञान चंद राणा ने बताया कि धनेटा कॉलेज हिमाचल प्रदेश का पहला महाविद्यालय बनने जा रहा है, जहां ये आधुनिक पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में एमसीए, एमबीए, टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट, फूड प्रोसेसिंग और बीएड इंटीग्रेटेड जैसे कई अन्य व्यावसायिक कोर्स भी शुरू करने की योजना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है तथा इन्हें शीघ्र प्रारंभ करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### बेकाबू ट्रैफिक से स्कूली बच्चों व राहगीरों की सुरक्षा पर मंडराया खतरा

# वन-वे व्यवस्था ध्वस्त, चौंतड़ा चौक पर पुलिस तैनाती बहाल करने की उठी मांग

अनंत ज्ञान

**चंबा।** ऐतिहासिक चंबा शहर की तंग गलियां अब लोगों के लिए राहत नहीं, बल्कि परेशानी और खतरे का कारण बनती जा रही हैं।



शहर में लगातार बिगड़ती यातायात व्यवस्था, अवैध पार्किंग व बेलगाम दोपहिया वाहनों ने आम लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। हालात इतने चिंताजनक हो चुके हैं कि स्कूली बच्चों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों की सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। इन्हीं गंभीर मुद्दों को लेकर चंबा वेलफेयर एसोसिएशन की एक अहम बैठक संगठन के प्रधान ओमप्रकाश गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निकुरम दुनेरिया, दयाराम गौतम, भागेश बोहरा, रामचंद्र धीमान, चैन लाल शर्मा और महासचिव सुरेश कश्मीरी सहित अन्य सदस्यों ने शहर की चरमराई यातायात व्यवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त की। बैठक के बाद जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि प्रशासन द्वारा पुराने बस स्टैंड से मोहल्ला चौंतड़ा, हटनाला होते हुए चौगान बाजार तक वन-वे व्यवस्था लागू की गई थी, ताकि शहर में यातायात सुचारू रह सके, लेकिन कुछ लापरवाह वाहन चालक खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं। तंग गलियों में दोनों ओर खड़े दोपहिया वाहनों के कारण राहगीरों को पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि कई नाबालिग युवक बिना किसी डर के दो-दो और तीन-तीन सवारियां बैठाकर तेज रफ्तार में गलियों से गुजरते हैं। तेज और कर्कश हॉर्न से लोगों का चैन छिन रहा है तथा हर समय किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। विशेष रूप से चौंतड़ा चौक को संवेदनशील क्षेत्र बताते हुए एसोसिएशन ने कहा कि इस मार्ग पर राइजिंग स्टार पब्लिक स्कूल, डीएवी स्कूल तथा राजकीय कन्या एवं बाल विद्यालय जैसे कई शिक्षण संस्थान मौजूद हैं। स्कूल खुलने और बंद होने के समय असामाजिक तत्व बाइक पर क्षेत्र में बेवजह घूमते रहते हैं, जिससे छात्र-छात्राओं और अभिभावकों में भय का माहौल पैदा हो रहा है। एसोसिएशन ने यह भी कहा कि पहले चौंतड़ा चौक पर पुलिस कर्मियों की तैनाती रहती थी, जिससे यातायात नियंत्रित रहता था, लेकिन अब कर्मचारियों को हटाने के बाद स्थिति और अधिक बिगड़ गई है। संगठन ने मांग की कि सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक तथा दोपहर 3:00 बजे से 3:30 बजे तक पुलिस कर्मियों की पुनः तैनाती सुनिश्चित की जाए। अंत में चंबा वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रशासन व पुलिस विभाग से शहर में अवैध पार्किंग तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग उठाई, ताकि चंबा शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाया जा सके और आम जनता को राहत मिल सके।

## जर्जर 'त्रिलोचन महादेव पुल' हादसे को दे रहा न्योता, सुध लेना भूला विभाग

अनंत ज्ञान



**देशराज कश्यप, धरवाला।** विकासखंड मैहला के अंतर्गत पड़ती ग्राम पंचायत राडी में बने त्रिलोचन महादेव पुल की स्थिति बेहद जर्जर व जानलेवा हो चुकी है। पुल के बीचों बीच बड़े-बड़े गड्ढे पड़ चुके हैं, जिससे स्थिति और भी भयावह हो चुकी है। कई बार वाहन चालकों की गाड़ी के पहिए इन गड्ढों में फंस चुके हैं, जिससे न सिर्फ वाहन चालकों को दिक्कतें पेश आ रही हैं, बल्कि राहगीरों के साथ-साथ विद्यालय जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को लेकर अभिभावकों की चिंता भी बढ़ गई है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

त्रिलोचन महादेव पुल न सिर्फ राडी भटवाड़ा पंचायत को जोड़ता है, बल्कि पठानकोट भरमौर नेशनल हाईवे के धरवाला लोथल वह रांग घार के पास सड़क मार्ग के अवरुद्ध होने पर किसी भी आपातकालीन स्थिति में एकमात्र विकल्प है। गत वर्ष मणिमहेश यात्रा के दौरान आई प्राकृतिक आपदा के समय भी जब सड़कें बह गई थी वह जगह-जगह भूस्खलन होने के कारण सड़क मार्ग पूरी तरह ठप थे, तब भी हजारों श्रद्धालुओं के लिए त्रिलोचन महादेव पुल एकमात्र सहारा बना था। स्थानीय लोगों ने पुल के बीचों बीच पड़े अनेक गड्ढों को भरने के लिए बड़े-बड़े पत्थर डाल दिए हैं, ताकि वाहन चालकों व राहगीरों का सफर काफी हद तक सुरक्षित हो सके व यातायात प्रभावित न हो। वहीं, अब विभाग के सुस्त रवैए को लेकर स्थानीय लोगों में खासी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि प्रतिदिन वाहन चालकों, राहगीरों के साथ-साथ विद्यालय जाने वाले बच्चों की जिंदगी भी दांव पर लगी हुई है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द त्रिलोचन महादेव पुल की सुध ली जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। लोगों का कहना है कि यदि विभाग द्वारा ठोस कदम यहां न उठाए गए, तो होने वाली किसी भी दुर्घटना का स्वयं संबंधित विभाग जिम्मेदार होगा।

# बस स्टैंड से कथलग मार्ग बदहाली की मार झेल रहा

### लवर्स लेन रोड की हालत खस्ताहाल, मिट्टी-मलबे से पैदल चलना भी मुश्किल

अनंत ज्ञान

**अजीत सिंह, डलहौजी।** पर्यटन नगरी डलहौजी में विकास के दावों की पोल खोलती एक तस्वीर इन दिनों लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।

डलहौजी बस स्टैंड से कथलग मार्ग, जिसे लवर्स लेन रोड के नाम से भी जाना जाता है, अपनी बदहाल स्थिति के कारण स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए मुसीबत का कारण बन गया है। हालात इतने खराब हैं कि इस मार्ग पर पैदल चलना तक दूभर हो गया है, जबकि वाहन लेकर गुजरना किसी जोखिम से कम नहीं। हैरानी की बात यह है कि नगर परिषद के रिकॉर्ड में यह सड़क पक्की और बेहतर बताई जाती है, लेकिन जमीनी हकीकत पूरी तरह इसके उलट नजर आ रही है। स्थानीय निवासी संजीव कुमार, जिनका घर और गेस्ट हाउस इसी मार्ग पर स्थित है। उन्होंने बताया कि एक निजी ठेकेदार द्वारा लगातार सड़क पर मिट्टी व मलबा फेंका जा रहा है, जिससे मार्ग की हालत और अधिक दयनीय हो गई है। उन्होंने कहा कि हर दिन स्थानीय लोगों, पर्यटकों व वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन नगर परिषद इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही। गौरतलब है कि यह मार्ग केवल एक आम सड़क नहीं, बल्कि कथलग गांव, कई होटलों व सरकारी भवनों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। बावजूद इसके सड़क की हालत लंबे समय से बदहाल बनी हुई है। स्थानीय लोगों में नगर परिषद के प्रति भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि जिस डलहौजी को पर्यटन नगरी व स्वच्छ शहर के रूप में प्रचारित किया जाता है, वहां की सड़कों की यह तस्वीर प्रशासनिक दावों की सच्चाई खुद बयां कर रही है। लोगों ने प्रशासन व नगर परिषद से मांग की है कि इस मार्ग की जल्द मरम्मत करवाई जाए और सड़क पर फेंके गए मिट्टी-मलबे को तुरंत हटाया जाए, ताकि आने-जाने वालों को राहत मिल सके।



बदहाली की मार झेल रहा कथलग मार्ग। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### 4500 मीटर की ऊंचाई पर चस्क भटोरी मतदान केंद्र

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा का जनजातीय क्षेत्र पांगी में पंचायतीराज चुनाव-2026 के तहत ग्राम पंचायत सेचू का वार्ड चस्क भटोरी पांगी घाटी का ही नहीं, बल्कि जिला चंबा का सबसे ऊंचाई वाला मतदान केंद्र है। यह मतदान केंद्र समुद्र तल से लगभग 4500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इस मतदान केंद्र पर लगभग 19 परिवारों के 98 मतदाता मतदान करेंगे, जिनमें 57 पुरुष और 41 महिला मतदाता शामिल हैं। चस्क भटोरी मतदान केंद्र पांगी घाटी के मुख्यालय किलाड़ से लगभग 45 किलोमीटर दूर स्थित है। किलाड़ से चस्क तक बस द्वारा पहुंचा जा सकता है, जबकि चस्क से भटोरी तक लगभग 6 किलोमीटर पैदल यात्रा करनी पड़ती है। अत्यधिक ऊंचाई और खराब मौसम के कारण यहां कभी भी बर्फबारी शुरू हो सकती है। इसके बावजूद चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारी और स्थानीय लोग लोकतंत्र के इस पर्व को सफल बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### ईवीएम व मतदान प्रक्रिया का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** नगर परिषद चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से मंगलवार को बचत भवन चंबा में पुरुष एवं महिला पीठासीन अधिकारियों, सहायक पीठासीन अधिकारियों तथा चुनाव अधिकारियों के लिए दूसरे चुनाव पूर्वाभ्यास का आयोजन किया गया। पूर्वाभ्यास के दौरान चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी प्रत्येक बारीकी पर अधिकारियों को विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर प्रोफेसर अविनाश ने अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया, वोट डलवाने की विधि, विभिन्न प्रपत्रों को भरने, चुनाव सामग्री प्राप्त व जमा करवाने सहित ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को जोड़ने एवं सुचारू रूप से संचालित करने की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मॉक पोल करवाने और चुनाव के दौरान उत्पन्न होने वाली जटिल परिस्थितियों का सरल एवं प्रभावी समाधान करने के तरीके भी समझाए। प्रशिक्षण सत्र के दौरान अधिकारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का प्रोफेसर अविनाश ने विस्तारपूर्वक उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। वहीं, नोडल अधिकारी आशीष कॉमरोय ने सभी अधिकारियों को वीडीएमएस ऐप के माध्यम से मतदान दिवस पर विभिन्न जानकारियां अपडेट करने का प्रशिक्षण दिया। इसके अलावा इंजीनियर अजय कुमार एवं उनकी टीम द्वारा ईवीएम मशीनों पर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें मशीनों को जोड़ना, सील लगाना, मॉक पोल करवाना और मतदान प्रक्रिया का व्यावहारिक अभ्यास करवाया गया।

### सेवा, समर्पण और करुणा की मिसाल हैं नर्सें



**अनंत ज्ञान, चंबा।** पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल चंबा के जीएनएम स्कूल सभागार में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस बड़े हर्षोल्लास और गरिमामय माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रदीप सिंह ने बतौर मुख्य ातिथि शिरकत की, जबकि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जलम भारद्वाज ने विशेष रूप से उपस्थित होकर नर्सों की सेवा भावना को मानवता की सबसे बड़ी ताकत बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि लेडी विद द लैम्प के नाम से प्रसिद्ध फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने नर्सिंग सेवा को सम्मान और नई पहचान दिलाई। मुख्यातिथि डॉ. प्रदीप सिंह ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि सेवा, करुणा और मानवता का जीवंत स्वरूप है। उन्होंने कहा कि नर्सें दिन-रात मरीजों की देखभाल कर उन्हें नया हौसला और जीवन जीने की ताकत देती हैं। महामारी जैसे कठिन दौर में भी नर्सों ने अपनी जान जोखिम में डालकर समाज की सेवा की, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। वहीं, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जलम भारद्वाज ने भावुक शब्दों में कहा कि जब कोई शिशु इस दुनिया में पहली किलकारी देता है, तब भी नर्सें उसके साथ होती हैं और जब कोई व्यक्ति जीवन के अंतिम पड़ाव पर होता है, तब भी उसकी सेवा और देखभाल नर्सें ही करती हैं।

## चलती बस पर पहाड़ी से बरसे पत्थर, घायल चालक ने दिखाई बहादुरी; टला बड़ा हादसा

अनंत ज्ञान



**देशराज कश्यप, धरवाला।** चंबा-होली मार्ग पर मंगलवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब चलती निजी बस पर अचानक पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थर आ गिरे। पत्थरों की चपेट में आने से बस का अगला शीशा चकनाचूर हो गया व चालक घायल हो गया।

हादसे के बावजूद चालक ने अदम्य साहस व सूझबूझ का परिचय देते हुए बस को सड़क किनारे सुरक्षित खड़ा कर दिया, जिससे बस में सवार यात्रियों की जान बच गई और एक बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना मंगलवार करीब साढ़े तीन बजे जांघी नामक स्थान पर हुई। निजी बस चंबा से होली की ओर जा रही थी कि अचानक पहाड़ी से पत्थरों की तेज बौछार बस पर आ गिरी। एक बड़ा पत्थर बस का शीशा तोड़ते हुए सीधे अंदर जा घुसा, जिससे चालक घायल हो गया। घटना के बाद बस में बैठी सवारियों में चीख-पुकार और भगदड़ मच गई। हालांकि, घायल होने के बावजूद चालक ने हिम्मत नहीं हारी और बस को नियंत्रित रखते हुए सुरक्षित स्थान पर रोक दिया। यात्रियों ने चालक की बहादुरी और तत्परता की सराहना की। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने राहत कार्य शुरू किया व घायल चालक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल चंबा पहुंचाया गया। राहत की बात यह रही कि बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। वहीं लगातार गिरते पत्थरों व भूस्खलन की आशंका के चलते लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने और संवेदनशील स्थानों पर आवश्यक सुरक्षा दीवारें व चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग उठाई है।

# चंबा में 3,99,858 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

अनंत ज्ञान

**चंबा।** डीसी व जिला निर्वाचन अधिकारी चंबा मुकेश रेपसवाल ने बताया कि पंचायतीराज संस्थाओं के आगामी चुनावों के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण की जा रही हैं।



उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के उपरांत जिले में कुल 3 लाख 99 हजार 858 मतदाता दर्ज किए गए हैं, जिनमें 1 लाख 96 हजार 932 महिला तथा 2 लाख 2 हजार 926 पुरुष मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि विकास खंड भटियात में कुल 92,395 मतदाता हैं, जिनमें 45,955 महिला एवं 46,440 पुरुष मतदाता हैं, पांगी में कुल 15,201 मतदाताओं में 7,310 महिला तथा 7,891 पुरुष मतदाता हैं, विकास खंड भरमौर में कुल 35,228 मतदाताओं में 16,657 महिला एवं 18,571 पुरुष, चंबा में कुल 61,541 मतदाताओं में 30,541 महिला व 31,000 पुरुष, मैहला में कुल 69,059 मतदाताओं में 33,943 महिला एवं 35,116 पुरुष, सलूणी में कुल 64,159 मतदाताओं में 31,970 महिला एवं 32,189 पुरुष तथा विकास खंड तीसा में कुल 62,275 मतदाताओं में 30,556 महिला एवं 31,719 पुरुष मतदाता पंजीकृत हैं। उन्होंने कहा कि जिले में 18 वर्ष आयु पूर्ण कर पहली बार मतदाता बने युवाओं की संख्या 1741 है। इनमें भरमौर में 240, भटियात में 315, चंबा में 214, मेहला में 314, पांगी में 56, सलूणी में 310 तथा तीसा में 292 नए मतदाता शामिल हैं। डीसी ने बताया कि जिले में 100 वर्ष से अधिक आयु के कुल 7 वरिष्ठ मतदाता भी लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेने के पात्र हैं। इनमें भटियात विकास खंड की 109 वर्षीय आशा देवी सर्वाधिक उम्रदराज मतदाता हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने सभी पात्र मतदाताओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह भी किया।

- भटियात विकास खंड की 109 वर्षीय आशा देवी सर्वाधिक उम्रदराज मतदाता
- जिले में 1741 युवा पहली बार करेंगे मतदान

## चंबा में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के लिए 8479 नामांकन पत्र दाखिल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने बताया कि नामांकन के अंतिम दिन विभिन्न पदों के लिए कुल 3831 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। उन्होंने बताया कि पहले दिन 2067, दूसरे दिन 2581 तथा अंतिम दिन 3831 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। इस प्रकार तीनों दिनों में जिलेभर से कुल 8479 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विभिन्न विकास खंडों के अंतर्गत प्रधान पद के लिए कुल 1591, उपप्रधान पद के लिए 1568 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। वहीं, वार्ड सदस्य पद के लिए सर्वाधिक 4564 तथा पंचायत समिति सदस्य पद के लिए 636 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। उन्होंने बताया कि जिलेभर में जिला परिषद सदस्य पद के लिए कुल 120 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। डीसी मुकेश रेपसवाल ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही।

# 'विश्वगुरु' के दावों के पीछे छिपी आर्थिक हकीकत अब देश के सामने : कांग्रेस

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से सोना खरीदने से बचने, पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने और खाद्य तेल का सीमित इस्तेमाल करने की अपील के बाद सियासी माहौल गरमा गया है।

कांग्रेस नेताओं ने इसे देश की बिगड़ती आर्थिक स्थिति का संकेत बताते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है।



जिला कांग्रेस कमेटी चंबा के अध्यक्ष एडवोकेट सुरजीत शर्मा भरमौरी और डलहौजी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनीष सरीन ने भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियों को पूरी तरह विफल करार दिया। मनीष सरीन ने कहा कि पिछले 11 वर्षों से देश को विश्वगुरु, अमृतकाल और पांच ट्रिलियन इकोनॉमी जैसे बड़े नारों के सहारे सपने दिखाए गए, लेकिन अब खुद प्रधानमंत्री की अपील यह साबित कर रही है कि सरकार को देश की आर्थिक स्थिति पर भरोसा नहीं रहा। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, तो फिर जनता से सोना न खरीदने, पेट्रोल कम इस्तेमाल करने और रोजमर्रा की जरूरतों में कटौती करने की अपील क्यों की जा रही है? सरीन ने कहा कि नोटबंदी ने देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ तोड़ दी। छोटे कारोबारी, पर्यटन उद्योग, ट्रांसपोर्ट सेक्टर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था आज तक उस झटके से उबर नहीं पाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गलत तरीके से लागू जीएसटी, रिकॉर्ड बेरोज़गारी, बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल पर भारी टैक्स और सार्वजनिक उपक्रमों की बिक्री ने देश को आर्थिक संकट की कगार पर ला खड़ा किया है।

### सुरजीत भरमौरी ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों पर उठाए सवाल

**वहीं,** जिला कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट सुरजीत शर्मा भरमौरी ने कहा कि अच्छे दिन का सपना दिखाने वाली सरकार अब जनता को बुनियादी जरूरतों में कटौती करने की सलाह दे रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार वैश्विक मंचों पर भारत को विश्वगुरु बताती है, जबकि दूसरी तरफ प्रधानमंत्री खुद देशवासियों से खपत घटाने की अपील कर रहे हैं। यह साफ संकेत है कि देश की अर्थव्यवस्था गहरे दबाव में है।

भरमौरी ने सवाल उठाया कि क्या देश आर्थिक आपातकाल की ओर बढ़ रहा है? उन्होंने कहा कि सोना भारतीय परिवारों की सुरक्षा और बचत का प्रतीक है, पेट्रोल-डीजल देश की अर्थव्यवस्था की धुरी हैं और खाद्य तेल आम रसोई की जरूरत। ऐसे में इन चीजों की खपत कम करने की अपील आम आदमी की चिंता बढ़ाने वाली है। कांग्रेस नेताओं ने इस दौरान हाल ही में राहुल गांधी के हिमाचल दौरे के दौरान दिए गए बयान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने पहले ही चेतावनी दी थी कि पांच राज्यों के चुनावों के बाद पेट्रोल-डीजल और महंगाई के दाम आसमान छूने लगेंगे और देश एक बड़े आर्थिक तूफान की ओर बढ़ेगा, जिसे संभालना सरकार के लिए मुश्किल होगा। कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि आज



हालात उसी दिशा में जाते दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने, मीडिया के जरिए वास्तविक मुद्दों को दबाने और जनता का ध्यान आर्थिक विफलताओं से हटाने के आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा कि आज देश का युवा बेरोज़गारी से परेशान है, मध्यम वर्ग महंगाई की मार झेल रहा है, किसान कर्ज़ में दबा है और छोटे व्यापारी संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार केवल प्रचार और छवि निर्माण में व्यस्त है। अंत में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देश को अब नारों और इवेंट मैनेजमेंट नहीं, बल्कि सच्चाई, जवाबदेही और मजबूत आर्थिक नेतृत्व की आवश्यकता है और वह राहुल गांधी के रूप में है।

## युवाओं का भविष्य बचाने के लिए नशा माफिया पर लगातार कसी जा रही नकेल : डीएसपी रंजन

अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा जिले के सलूणी उपमंडल में नशे के खिलाफ पुलिस ने अपना अभियान और तेज कर दिया है। खासकर चिट्टा तस्करी पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई अमल में ला रही है।

डीएसपी सलूणी रंजन शर्मा ने साफ शब्दों में कहा कि नशा तस्करों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और पुलिस पूरी सतर्कता के साथ उनके खिलाफ कार्रवाई कर रही है। डीएसपी रंजन शर्मा ने कहा कि चिट्टा और अन्य नशीले पदार्थ समाज के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि नशे की गिरफ्त में युवा पीढ़ी फंसती जा रही है, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस केवल तस्करों को पकड़ने तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का अभियान भी लगातार चलाया जा रहा है। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी भी क्षेत्र में नशा तस्करी या संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिले, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। जनता के सहयोग के बिना इस सामाजिक बुराई पर पूरी तरह नियंत्रण संभव नहीं है। डीएसपी ने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी व हर सूचना पर गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सलूणी पुलिस आने वाले समय में नशे के खिलाफ अपने अभियान को और अधिक तेज करेगी, ताकि क्षेत्र को नशा मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने युवाओं से भी आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों की ओर बढ़ें, क्योंकि जागरूक समाज ही नशा मुक्त भविष्य की सबसे बड़ी ताकत है।

**IN THE COURT OF THE EXECUTIVE MAGISTRATE- CUM-NAIB TEHSILDAR, DHEERA, DISTRICT KANGRA HIMACHAL PRADESH.**
Date of hearing 18-5-2026
Case No. 15/NT/Death/2025
***In the matter of-*** Rakesh Kumar s/o late Khembo Ram r/o Village Jalakh, Post Office Daroh, Gram Panchayat Marhoon, Tehsil Dheera, Distt. Kangra HP.
*...Applicant*
**Versus**
General Public Tehsil Dheera, District Kangra, Himachal Pradesh
*...Respondent*
**Proclamation regarding registration of birth under section 13(3) of Birth and Death Registration Act, 1969.**
Whereas, Rakesh Kumar s/o late Khembo Ram r/o Village Jalakh, Post Office Daroh, Gram Panchayat Marhoon, Tehsil Dheera, Distt Kangra HP. has filed an application before this court for registration of death of his sister i.e 07-12-2007 at village Suri, Post Office Daroh, Gram Panchayat Marhoon, Tehsil Dheera, Distt Kangra HP under under section 13(3) of the Birth and Death Registration Act, 1969, in the record of Death Register of Gram Panchayat Marhoon, tehsil Dheera, distt Kangra HP. Now, therefore, objections, if any are invited from the general public in respect of registration of Death of applicant's sister (Bimla Devi w/o Ramesh Chand) i.e 07-12-2007, in the record of Death/Birth Register of Gram Panchayat Marhoon. Any person having any objection in this regard may appear in this court on or before 18-05-2026, either personally or through a duly authorized agent or counsel. In case no objection is received within stipulated period, the matter shall be decided as ex-parte without any further opportunity of being heard and final order for registration of death of applicant's (Bimla Devi w/o Ramesh Chand) i.e 07-12-2007, shall be passed, accordingly. **Issued under my hand and seal today, 11-5-2026**
***Executive Magistrate, Dheera***

## एनएचपीसी प्रबंधन पर शोषण के आरोप, 15 से हड़ताल की चेतावनी

अनंत ज्ञान



**चंबा।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर मंगलवार को चंबा में मजदूरों के समर्थन में मांग दिवस जोरदार तरीके से मनाया गया।

बैरा स्यूल परियोजना में आंदोलनरत मजदूरों के साथ आयोजित इस प्रदर्शन में सीटू कार्यकर्ताओं और मजदूरों ने केंद्र सरकार के लेबर कोड के खिलाफ जमकर नारेबाजी की व विरोध स्वरूप लेबर कोड की प्रतियां जलाकर अपना रोष प्रकट किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू जिला महासचिव सुदेश ठाकुर, यूनियन सचिव कुशल ठाकुर, उपाध्यक्ष लोक राम ठाकुर, धर्म चंद, सुरेंद्र, मोती राम, दुनी चंद और राकेश सहित अन्य नेताओं ने केंद्र सरकार और एनएचपीसी प्रबंधन पर मजदूर विरोधी नीतियां अपनाने के गंभीर आरोप लगाए। नेताओं ने कहा कि सरकार अपने मित्र पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए लेबर कोड लागू कर रही है, जिससे मजदूरों के शोषण और अधिकारों के हनन का रास्ता खुल जाएगा। नेताओं ने आरोप लगाया कि फैक्टिरयों और परियोजनाओं में मजदूरों का लगातार शोषण हो रहा है, जिसके चलते अब मजदूर सड़कों पर उतरने को मजबूर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि आंदोलन को दबाने के लिए पुलिस दमन और प्रशासनिक दबाव का सहारा लिया जा रहा है, जो सरकार की तानाशाही मानसिकता को दर्शाता है। हालांकि मजदूर वर्ग इस दमन के आगे झुकने वाला नहीं है और हर स्तर पर संघर्ष जारी रहेगा।

# पंचायत चुनावों के चलते इस बार देव परंपरा तक सीमित रहेगा बालीचौकी मेला

### स्कूल मैदान में केवल देव परंपराओं का होगा निर्वहन, देव चुंजवाला महादेव व मार्कंडेय ऋषि ने तिथि बदलने से किया इंकार

अनंत ज्ञान

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** हिमाचल की समृद्ध देव संस्कृति व परंपराओं का प्रतीक जिला स्तरीय बालीचौकी देव मेला इस वर्ष भी अपनी पारंपरिक तिथि 23 मई से ही आरंभ होगा। हालांकि, पंचायत चुनावों के चलते इस बार मेले का स्वरूप सीमित रहेगा और केवल देव परंपराओं का ही निर्वहन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मंचीय आयोजनों और अन्य सार्वजनिक गतिविधियों पर रोक रहेगी। मंगलवार को मेला कमेटी, व्यापार मंडल व स्थानीय लोगों ने मेले की तिथि आगे बढ़ाने को लेकर देव चुंजवाला महादेव तथा मार्कंडेय ऋषि मंदिर में देव परामर्श लिया। इस दौरान देवताओं ने स्पष्ट रूप से मेले की तिथि बदलने से इंकार कर दिया और हर वर्ष की तरह 23 मई से ही मेला आयोजित करने के आदेश दिए। इसके बाद अब मेले को लेकर चल रहा असमंजस पूरी तरह समाप्त हो गया है। हालांकि, प्रशासन की ओर से पहले मेले को 1 जून से आयोजित करने का सुझाव मांगा गया था, ताकि पंचायत चुनाव प्रक्रिया प्रभावित न हो। लेकिन देव आदेश के बाद अब मेला अपनी निर्धारित तिथियों 23 से 27 मई तक ही आयोजित होगा। व्यापार मंडल बालीचौकी के अध्यक्ष यशवंत शर्मा ने कहा कि देव आज्ञा सर्वोपरि है और देव निर्णय के अनुसार ही मेला आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रतिबंधों के बावजूद व्यापार मंडल और मेला कमेटी आयोजन को गरिमामय स्वरूप देने का प्रयास करेगी।

### पांच दिनों तक चलता है ऐतिहासिक आयोजन

**बालीचौकी** का जिला स्तरीय देव मेला क्षेत्र की आस्था, संस्कृति और परंपरा का सबसे बड़ा आयोजन माना जाता है। हर वर्ष यह मेला 23 मई से शुरू होकर 27 मई तक चलता है, जिसमें विभिन्न देवी-देवताओं की भव्य हाजिरी लगती है। दूर-दराज क्षेत्रों से श्रद्धालु और व्यापारी यहां पहुंचते हैं। इस बार भले ही मेले का स्वरूप सीमित रहेगा, लेकिन देव परम्पराओं के निर्वहन को लेकर लोगों में विशेष उत्साह बना हुआ है।

### देव आदेश के बाद अब शांत हुआ असमंजस

**पिछले** कुछ दिनों से मेले की तिथि को लेकर लगातार असमंजस बना हुआ था। चुनावी प्रक्रिया के चलते तिथि आगे बढ़ाने की चर्चाएं तेज थीं, लेकिन देव आदेश आने के बाद अब स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो गई है। मार्कंडेय ऋषि के पुजारी रूप लाल शर्मा ने बताया कि देव परामर्श में साफ निर्देश मिला कि मेला अपनी तय तिथि पर ही आयोजित किया जाए और परम्पराओं का निर्वहन हर हाल में होना चाहिए।

### चुनाव आयोग की गाइडलाइन बनी सबसे बड़ी बाधा

**एसडीएम** बालीचौकी बचित्र सिंह ने बताया कि पंचायत चुनावों के चलते स्कूल मैदान में सामान्य मेला गतिविधिया आयोजित करना संभव नहीं है। चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार मतदान केंद्र के 100 मीटर दायरे में किसी भी प्रकार की सार्वजनिक गतिविधि आयोजित नहीं की जा सकती, ऐसे में प्रशासन केवल देव परंपराओं के निर्वहन की अनुमति देगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम, झूले, मंचीय आयोजन व अन्य सार्वजनिक गतिविधियां इस बार आयोजित नहीं होंगी। प्रशासन चुनावी नियमों और कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए निर्णय ले रहा है।

**SPECIAL FORCE TRAINING SCHOOL BAKLOH CANTT**
**AUCTION/CONDEMNATION OF UNSERVICEABLE ITEMS**
It is hereby notified that for information of general public the items proposed for auction include furniture, stores, equipment, scrap materials and other condemned articles at Bakloh Cantt on **14 May 2026 at 11:30 hrs.** Intersted bidders/vendors may inspect the items at the auction site.

**प्रत्येक** व्यक्ति की अच्छाई ही प्रजातंत्रीय शासन की सफलता का मूल सिद्धांत है।

–राजगोपालाचारी

## संपादकीय

# युद्ध, तेल संकट और भरोसा

पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बन चुका है। अमेरिका, ईरान और इसराइल के बीच बढ़ते टकराव ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थिर कर दिया है। ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता बढ़ रही है और इसका सीधा असर उन देशों पर पड़ना तय है जो तेल और गैस के आयात पर निर्भर हैं। भारत भी उन्हीं देशों में शामिल है। ऐसे समय में यदि सरकार ऊर्जा बचत, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग और अनावश्यक खर्चों में कटौती की अपील करती है, तो उसके कई आर्थिक और राजनीतिक मायने निकलते हैं। कोरोनाकाल के दौरान देश ने अभूतपूर्व परिस्थितियां देखीं लॉकडाउन, वर्क फ्रॉम होम, सीमित यात्रा, ऑनलाइन बैठकें और सामाजिक आयोजनों पर नियंत्रण जैसी बातें उस समय मजबूरी थीं।

इसलिए जब आज फिर ऊर्जा संकट और वैश्विक युद्ध की आशंकाओं के बीच लोगों से संयम बरतने की बातें सामने आती हैं, तो स्वाभाविक रूप से जनता के मन में वही दौर ताजा हो जाता है। फर्क केवल इतना है कि उस समय खतरा स्वास्थ्य संकट का था, जबकि आज चुनौती आर्थिक और ऊर्जा सुरक्षा की है। भारत की सबसे बड़ी कमजोरी उसकी ऊर्जा निर्भरता है। देश अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है। कच्चे तेल की कीमतों में थोड़ी सी बढ़ोतरी भी भारतीय अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव डालती है। जाहिर सी बात है कि जब परिवहन महंगा होता है और उद्योगों की लागत बढ़ती है तो उसका बोझ आम आदमी पर पड़ता है।

पेट्रोल–डीजल और गैस की कीमतों में बढ़ोतरी का असर केवल वाहन चलाने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि रसोई, खेती, व्यापार और रोजमर्रा की वस्तुओं तक पहुंच जाता है। युद्ध के कारण यदि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल लगातार महंगा होता है, तो सरकार के सामने विकल्प सीमित हो जाते हैं। या तो वह टैक्स कम करके राहत दे और राजस्व घाटा झेले, या फिर कीमतें बढ़ाकर जनता पर बोझ डाले। दोनों ही स्थितियां राजनीतिक रूप से चुनौतीपूर्ण हैं। यही कारण है कि सरकारें अक्सर सीधे कठोर फैसले लेने से पहले जनता को मानसिक रूप से तैयार करने की कोशिश करती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से ऊर्जा बचत, कार पूलिंग, मेट्रो और सार्वजनिक परिवहन के उपयोग जैसी अपीलें इसी रणनीति का हिस्सा मानी जा सकती हैं।

हालांकि सवाल यह भी है कि क्या केवल अपीलों से समस्या का समाधान निकल सकता है? भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश में हर नागरिक के लिए सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध नहीं है। छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में लोग निजी वाहनों पर निर्भर हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों की बात करना आसान है, लेकिन उनकी कीमत, चार्जिंग व्यवस्था और बुनियादी ढांचा अभी भी सीमित है। ऐसे में यदि सरकार जनता से त्याग की अपेक्षा करती है, तो उसे समानांतर रूप से सुविधाएं और भरोसा भी देना होगा। विपक्ष का यह आरोप भी पूरी तरह नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि सरकार को केवल अपीलों के बजाय ठोस आर्थिक रोडमैप प्रस्तुत करना चाहिए।

जनता यह जानना चाहती है कि यदि वैश्विक संकट लंबा चलता है तो सरकार के पास क्या योजना है? क्या गरीब और मध्यम वर्ग को राहत मिलेगी? क्या आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित रखा जा सकेगा? क्या रोजगार और उद्योगों पर असर कम करने के लिए कोई विशेष पैकेज तैयार है? केवल संयम की अपीलें तब तक प्रभावी नहीं होतीं जब तक उनके साथ स्पष्ट नीति और पारदर्शिता न हो। यह भी सच है कि भारत में गैर–जरूरी आयात और खर्चों पर नियंत्रण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जाती रही है। सोने का भारी आयात, विदेशी यात्राओं पर बढ़ता खर्च और ऊर्जा की अत्यधिक खपत विदेशी मुद्रा पर दबाव बढ़ाते हैं।

यदि संकट की घड़ी में सरकार इन क्षेत्रों में संतुलित नियंत्रण की दिशा में कदम उठाती है, तो उसे आर्थिक दृष्टि से गलत नहीं कहा जा सकता लेकिन ऐसे कदम लोकतांत्रिक संवाद और जनभागीदारी के साथ ही सफल हो सकते हैं। जनता पर अचानक पाबंदियां थोपना या भय का वातावरण बनाना किसी भी सरकार के लिए नुकसानदायक हो सकता है। कुल मिलाकर इस समय प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल अर्थव्यवस्था संभालने की नहीं, बल्कि जनता का विश्वास बनाए रखने की है।

## आज की प्रमुख हस्ती

### विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु



श्री श्री रवि शंकर
जन्म : 13 मई, 1956

**श्री श्री रवि शंकर** का जन्म 13 मई 1956 को दक्षिण भारत में हुआ था। वे विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु और मानवतावादी हैं। उन्होंने तनावमुक्त और हिंसामुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से वैश्विक स्तर पर 150 से अधिक देशों में अनेक कार्यक्रम चलाए। बाल्यकाल से ही रवि शंकर अत्यंत प्रतिभाशाली थे। चार वर्ष की आयु में वे भगवद गीता का पाठ करने लगे थे और ध्यान में गहरी रुचि रखते थे। उन्होंने वैदिक साहित्य तथा भौतिकी का अध्ययन किया। वर्ष 1982 में कर्नाटक के शिमोगा में दस दिनों के मौन साधना के दौरान उन्होंने 'सुदर्शन क्रिया' नामक श्वास तकनीक विकसित की, जो बाद में आर्ट ऑफ लिविंग के प्रमुख कार्यक्रमों का आधार बनी।

रवि शंकर ने 1981 में आर्ट ऑफ लिविंग की स्थापना की। यह संस्था शिक्षा, योग, ध्यान, आत्म–विकास और मानवीय मूल्यों के प्रसार के लिए कार्य करती है। 1997 में उन्होंने इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर ह्यूमन वैल्यूज की स्थापना की, जिसका उद्देश्य सतत विकास, ग्रामीण उत्थान और संघर्ष समाधान को बढ़ावा देना है। संस्था के स्वयंसेवकों ने भारत, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका सहित अनेक क्षेत्रों में हजारों गांवों में विकास कार्य किए हैं।

उन्हें विश्वभर में अनेक सम्मानों से सम्मानित किया गया है। भारत सरकार ने उन्हें 2016 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया, जो भारत का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। इसके अतिरिक्त पेरू, कोलंबिया, पैराग्वे, मंगोलिया और रूस सहित कई देशों ने उन्हें मानव सेवा और शांति स्थापना के लिए सम्मान प्रदान किए। रवि शंकर को विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा मानद डॉक्टरेट उपाधियां भी दी गई हैं। उन्होंने विश्व शांति, मानवीय मूल्यों और मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक योगदान दिया है। उनके कार्यक्रम योग, ध्यान और श्वास तकनीकों के माध्यम से लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करते हैं।



कविता

## चुनाव के बाद भाईचारा

सुभाष चंद कासव, गांव जौवा
डाकघर गैहरा, तहसील व जिला चंबा

**चुनाव** आए, मतभेद हुए, तकरार, तंज सब तेज हुए,
पर रिश्तों की मधुर डोर का, न कभी भी हो बंटवारा
चुनाव के बाद भी, बना रहे भाईचारा।
वोट अलग हों, सोच अलग हो, पर दिल से दिल का योग अटल हो,
गांव, गली और चौपालों में, प्रेम का रहे उजियारा
चुनाव के बाद भी, बना रहे भाईचारा।
जीत मिले या हार किसी को, सम्मान मिले हर एक जनों को,
कड़वे शब्दों की जगह सदा, मिलन का ही नारा
चुनाव के बाद भी, बना रहे भाईचारा।
लोकतंत्र का यही धर्म है, आपस में सद्भाव कर्म है,
पंचायत से संसद तक, बस एकता का रहे सितारा
चुनाव के बाद भी,बना रहे भाईचारा।

# वर्तमान राजनीति में एकदलीय प्रभुत्व और विकास



विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर, महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, सोलन

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

आज भारत की राजनीति एक ऐसे दौर से गुजर रही है जहां कई राज्यों में एक ही राजनीतिक दल का प्रभाव लगातार मजबूत होता दिखाई दे रहा है। केंद्र की राजनीति से लेकर अनेक राज्यों तक सत्ता का संतुलन तेजी से बदल रहा है। कई जगह विपक्ष कमजोर हुआ है, क्षेत्रीय दलों का प्रभाव घटा है और चुनावी राजनीति अधिकतर एक दल के इर्द–गिर्द केंद्रित होती जा रही है।

इसी कारण आज यह बहस तेज हो गई है कि क्या वर्तमान समय में 'वन पार्टी डॉमिनेंस' यानी एकदलीय प्रभुत्व लोकतंत्र और विकास के लिए सही है या यह भविष्य में लोकतांत्रिक संतुलन को कमजोर कर सकता है।

वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति में देखा जाए तो देश के कई राज्यों में एक ही दल लगातार चुनाव जीत रहा है। केंद्र में भी मजबूत बहुमत वाली सरकार होने के कारण नीति निर्माण और निर्णय लेने की प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक तेज दिखाई देती है। सरकार बड़े स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल इंडिया, रक्षा, रेलवे, एक्सप्रेसवे, सेमकंडक्टर, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाओं को आगे बढ़ा रही है। समर्थकों का मानना है कि यह सब एक मजबूत और स्थिर सरकार की वजह से संभव हो पाया है। आज भारत वैश्विक स्तर पर तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में देखा जा रहा है। विदेशी निवेश बढ़ रहा है, बड़े–बड़े उद्योग भारत में आ रहे हैं और भारत खुद को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। केंद्र और कई राज्यों में एक ही राजनीतिक सोच होने के कारण नीतियों के क्रियान्वयन में तेजी आई है। पहले गठबंधन राजनीति के दौर में कई फैसले लंबे समय तक अटके रहते थे क्योंकि अलग–अलग दलों के बीच सहमति बनाना कठिन होता था, लेकिन वर्तमान समय में निर्णय लेने की प्रक्रिया अधिक केंद्रीककृत और तेज हो गई है।

उदाहरण के तौर पर जी–20 जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजन, हाईवे नेटवर्क का विस्तार, रेलवे का आधुनिकीकरण, डिजिटल भुगतान प्रणाली और रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी निर्माण को सरकार अपनी बड़ी उपलब्धियों के रूप में प्रस्तुत करती है। सरकार का तर्क है कि यदि राजनीतिक स्थिरता नहीं होती, तो इतने बड़े स्तर पर योजनाओं को लागू करना आसान नहीं होता, लेकिन दूसरी ओर वर्तमान राजनीतिक स्थिति को लेकर कई चिंताएं भी सामने आ रही हैं। लोकतंत्र केवल विकास परियोजनाओं तक सीमित नहीं होता, बल्कि उसका आधार मजबूत विपक्ष और विचारों की विविधता भी है। आज कई राज्यों में विपक्ष कमजोर होता दिखाई दे रहा है। कुछ क्षेत्रीय दल टूट रहे हैं, कुछ नेताओं का लगातार दल बदल हो रहा है और कई जगह चुनावी मुकाबला एकतरफा नजर आने लगा है। इससे लोकतंत्र में राजनीतिक संतुलन कमजोर होने का डर पैदा हो रहा है।




विपक्ष का काम केवल सरकार का विरोध करना नहीं होता, बल्कि वह सरकार को जवाबदेह बनाने का कार्य करता है। संसद और विधानसभाओं में मजबूत विपक्ष सरकार की नीतियों की समीक्षा करता है, गलतियों की ओर ध्यान दिलाता है और जनता के मुद्दों को उठाता है। यदि विपक्ष बहुत कमजोर हो जाए, तो सरकार के फैसलों पर पर्याप्त बहस और प्रश्न नहीं हो पाते। वर्तमान समय में यही चिंता सबसे अधिक दिखाई दे रही है।

आज सोशल मीडिया और डिजिटल राजनीति के दौर में चुनावी प्रचार भी पहले से काफी बदल गया है। बड़े राजनीतिक दलों के पास संसाधन, मीडिया पहुंच और तकनीकी ताकत अधिक है। इससे छोटे दलों और नए राजनीतिक विकल्पों के लिए जगह बनाना कठिन होता जा रहा है। वर्तमान राजनीति में चुनाव केवल विचारधारा का नहीं बल्कि संगठन, संसाधन और छवि निर्माण का भी खेल बन गया है।

कुछ आलोचकों का मानना है कि वर्तमान समय में राजनीतिक शक्ति का अत्यधिक केंद्रीकरण हो रहा है। यदि एक ही दल लंबे समय तक बहुत अधिक शक्तिशाली बना रहे, तो लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है। मीडिया, जांच एजेंसियां और प्रशासनिक संस्थाओं पर राजनीतिक प्रभाव बढ़ने की आशंकाएं भी समय–समय पर उठती रही हैं। यही कारण है कि लोकतंत्र में "Checks and Balances" यानी शक्ति संतुलन को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। हालांकि यह भी सच है कि केवल मजबूत विपक्ष होने से विकास नहीं हो जाता। कई बार विपक्ष केवल विरोध की राजनीति करता है, जिससे महत्वपूर्ण योजनाएं भी प्रभावित होती हैं। संसद में लगातार हंगामा, राज्यों और केंद्र के बीच टकराव तथा राजनीतिक अस्थिरता भी विकास की गति को धीमा कर सकती है। इसलिए जनता अक्सर स्थिर और मजबूत सरकार को प्राथमिकता देती है।

वर्तमान भारत में राजनीति की दिशा बदल रही है। अब जनता केवल जाति आधारित राजनीति नहीं, बल्कि विकास, राष्ट्रवाद, कल्याणकारी योजनाओं और मजबूत नेतृत्व को महत्व देती है। कई राज्यों में एकदलीय प्रभुत्व बढ़ा है, जिससे निर्णय और विकास कार्यों में तेजी आई है लेकिन लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रभावी विपक्ष और राजनीतिक संतुलन भी जरूरी है। भारत जैसे विविध लोकतंत्र में विकास के साथ लोकतांत्रिक संस्थाओं, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और स्वस्थ राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का मजबूत बने रहना अत्यंत आवश्यक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# राष्ट्रहित में नागरिक कर्तव्य, आर्थिक जिम्मेदारी और संयमित जीवनशैली की आवश्यकता



वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, जिला बिलासपुर

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

जब राष्ट्र किसी असाधारण स्थिति से गुजर रहा हो, तब देशभक्ति का अर्थ केवल सीमा पर बंदूक थामे सैनिकों तक सीमित नहीं रहता। उस समय देश का हर नागरिक अपने आचरण, संयम और जीवन शैली से राष्ट्र की शक्ति बनता है। सैनिक सीमा पर शत्रु से लड़ते हैं,, जबकि नागरिक भीतर से देश की आर्थिक, सामाजिक और मानसिक मजबूती सुनिश्चित करते हैं।
यही कारण है कि कठिन समय में जनता से संयम और सहयोग की अपेक्षा रहती है। युद्ध जैसे हालात हों या राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी कोई गंभीर परिस्थिति, उस समय सरकार, सेना और आम जनता–तीनों की संयुक्त भूमिका ही देश को मजबूती प्रदान करती है।
हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों से अपील की गई कि हम अपने संसाधनों का विवेक पूर्ण उपयोग करें–सोने की खरीदारी सीमित रखें, ईंधन बचाएं, जहां संभव हो वर्क फ्रॉम होम अपनाएं और अनावश्यक विदेशी यात्राओं से बचें। यह केवल आर्थिक सलाह नहीं, बल्कि राष्ट्रहित के प्रति हमारी साझी जिम्मेदारी का आह्वान है। राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र हित प्रत्येक नागरिक की साझी जिम्मेदारी है जिसका निर्वहन हर नागरिक को बिना किसी दबाव के निभाना चाहिए। भारत आज विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, लेकिन ऊर्जा के क्षेत्र में हम अभी भी बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर हैं।
पेट्रोलियम उत्पादों के लिए भारत को भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। यदि वैश्विक तनाव, युद्ध या आपूर्ति बाधित होती है, तो तेल की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। इसका असर सीधे परिवहन, कृषि, उद्योग और रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ता है। इसी प्रकार सोने का आयात भी भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव डालता है। भारत में सोना केवल आभूषण नहीं बल्कि भावनात्मक और सामाजिक महत्व का प्रतीक है। फिर भी संकट के समय यदि सोने की खरीद थोड़े समय के लिए टाल दी जाए, तो देश की हार्दिक स्थिति अधिक सुदृढ़ रह सकती है। इतिहास में अनेक देशों ने संकट के समय राशनिंग, इंधन बचत, आयात नियंत्रण और उपभोग संयम जैसे कदम उठाए हैं। इसीलिए ऐसे उपाय असामान्य नहीं है, यदि उनका उद्देश्य राष्ट्रीय हित हो और वे पारदर्शी व सीमित अवधि के हों, तो उन्हें केवल अंकुश नहीं,बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में देखा जाना चाहिए।




वर्तमान समय में भारत अकेला देश नहीं है जो नागरिकों से संसाधनों की बचत और विवेकपूर्ण खर्च की अपील कर रहा है, बल्कि ऑस्ट्रेलिया ,डेनमार्क, फिलीपींस,यूरोपीय देश और कई अन्य राष्ट्र भी ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिति के लिए इस प्रकार के कदम उठा रहे हैं।
भारतीय परंपरा सदैव संयम और त्याग की शिक्षा देती रही है। 'तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा:' – अर्थात् त्याग पूर्वक उपभोग करो। यही विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है। संसाधनों का जिम्मेदार उपयोग केवल आर्थिक नीति नहीं, बल्कि सांस्कृतिक मूल्य भी है। हर नागरिक अपने स्तर पर ईंधन बचाकर बड़ा योगदान दे सकता है। थोड़ी दूरी हो तो पैदल चलें, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। अनावश्यक यात्राएं टालें। एक लीटर ईंधन की बचत करोड़ों नागरिकों के स्तर पर राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा का बड़ा आधार बन सकती है। हर चुनौती आत्म मंथन का अवसर भी होती है। यह हमें सिखाती है कि जरूरत और इच्छा में अंतर क्या है? संसाधनों का मूल्य क्या है? और सामूहिक शक्ति कितनी महत्वपूर्ण है?
देशभक्ति केवल तिरंगा लहराने या राष्ट्रगान तक सीमित नहीं, बल्कि अपने व्यवहार और जिम्मेदारियों से राष्ट्रहित को प्राथमिकता देने में निहित है। जब नागरिक बिजली बचाते हैं, अनावश्यक खर्च रोकते हैं, स्वदेशी वस्तुओं को अपनाते हैं और समाज में सहयोग व अनुशासन बनाए रखते हैं, तब वे सच्ची राष्ट्रसेवा करते हैं। संकट के समय छोटे–छोटे त्याग देश को मजबूत बनाते हैं। राष्ट्र निर्माण केवल सरकार या सेना का कार्य नहीं, बल्कि हर नागरिक की साझी जिम्मेदारी है। जागरूक, अनुशासित और संवेदनशील नागरिक ही देश की सबसे बड़ी ताकत होते हैं और यही सच्ची देशभक्ति का परिचय है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# शैक्षणिक संस्थान दलगत राजनीति से दूर रहें तो छात्रों के भविष्य के लिए उचित




वीरेन ठाकुर
गांव भैला, जिला मंडी (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

शिक्षा समाज का महत्वपूर्ण अंग है, लेकिन उच्च कोटि की शिक्षा प्राप्त करने के लिए परिवेश भी शांत और निष्पक्ष होना चाहिए। कैंपस राजनीति के कारण बहुत सी हिंसक घटनाएं हुई हैं जिससे बहुत से छात्र अपनी जान गंवा चुके हैं।

यह देखते हुए कि सुप्रीम कोर्ट ने मूल रूप से लिंगदोह समिति के दिशा–निर्देशों को एक अंतरिम उपाय के रूप में लागू किया था, उसे केरल उच्च न्यायालय द्वारा विकसित सिद्धांत का संज्ञान लेना चाहिए और शिक्षण संस्थानों के विवेक पर छोड़ देना चाहिए कि छात्र संघों को कैसे संचालित होना चाहिए। शैक्षणिक संस्थानों में प्रशासन चलाने वाले लोग बहुत ही सूझबूझ और उच्च स्तर की शिक्षा वाले होते हैं और वह भली–भांति जानते हैं कि किस तरह से शैक्षणिक संस्थानों में परिवेश को शांतिपूर्ण और बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के रखा जाना चाहिए। दशकों से, भारत में अदालतों ने चिंता व्यक्त की है कि कैंपस की राजनीति शैक्षणिक माहौल की कीमत पर तनाव और अराजकता को बढ़ावा देती है। केरल, जिसने राजनीतिक दलों से जुड़ी सैकड़ों कैंपस हिंसा की घटनाओं का अनुभव किया है, इस चर्चा में सबसे आगे रहा है। अब, एक जनहित याचिका के जवाब में, केरल उच्च न्यायालय ने शिक्षण संस्थानों से ऐसे नियम बनाने का आह्वान किया है जो सौहार्दपूर्ण माहौल सुनिश्चित करेंगे और उन्हें राजनीतिक प्रभाव से मुक्त रखेंगे। यह निर्देश परिसरों में राजनीतिक दलों के प्रभाव को प्रबंधित करने के दो अलग–अलग तरीकों के बीच टकराव पैदा कर सकता है।

एक तरफ, केरल उच्च न्यायालय ने शिक्षण संस्थानों के आचार संहिता बनाने के अधिकार को बरकरार रखा है जो पार्टी की राजनीतिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाती है और छात्र प्रतिनिधित्व को निर्धारित मंचों के माध्यम से प्रसारित करने की आवश्यकता है। दूसरी ओर, प्रिंसिपलों की परिषद (2006) में, सुप्रीम कोर्ट ने, अधिक विनम्रता से, केवल छात्र चुनावों को राजनीतिक दलों से अलग करने की मांग की, यह आदेश दिया कि चुनाव की अवधि के दौरान कोई भी व्यक्ति, जो कॉलेज या विश्वविद्यालय के रोल पर छात्र नहीं है, को किसी भी क्षमता में चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। लिंगदोह समिति और केरल उच्च न्यायालय के विचारों के बीच मुख्य विवाद छात्र राजनीति की सीमा को लेकर है। एक पक्ष मानता है कि शिक्षण संस्थानों का उद्देश्य शिक्षा, अनुशासन और बौद्धिक विकास है, इसलिए परिसर में दलगत राजनीति पर कठोर नियंत्रण होना चाहिए। दूसरा पक्ष यह मानता है कि छात्र चुनाव लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता और प्रतिनिधित्व की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।




केरल उच्च न्यायालय ने तीन प्रमुख सिद्धांतों पर बल दिया। पहला, संस्थागत उद्देश्य, जिसके अनुसार महाविद्यालय राजनीतिक गतिविधियों के नहीं बल्कि शैक्षणिक उत्कृष्टता के केंद्र हैं। दूसरा, संस्थागत स्वायत्तता, जिसके अंतर्गत संस्थानों को अनुशासन बनाए रखने और राजनीतिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार प्राप्त है। तीसरा, व्यक्तिगत अधिकार, जिसके अनुसार छात्रों को अभिव्यक्ति और संगठन बनाने की स्वतंत्रता है, परंतु यह स्वतंत्रता अन्य छात्रों की शिक्षा में बाधा नहीं डाल सकती।

लिंगदोह समिति ने छात्र राजनीति पर पूर्ण प्रतिबंध का समर्थन नहीं किया। उसका मानना था कि छात्र चुनाव युवाओं को लोकतंत्र और सुशासन के सिद्धांत सिखाते हैं। हालांकि समिति ने यह भी स्वीकार किया कि राजनीतिक दलों का अत्यधिक हस्तक्षेप हिंसा, गुटबाजी और अपराधीकरण को बढ़ावा दे सकता है।

इसलिए उसने नियंत्रित और पारदर्शी चुनाव व्यवस्था का सुझाव दिया। आगे का रास्ता संतुलित दृष्टिकोण अपनाने में है। शिक्षण संस्थानों में हिंसक, बाहरी और दलगत राजनीति को सीमित किया जाना चाहिए, लेकिन छात्रों को लोकतांत्रिक भागीदारी से पूरी तरह वंचित करना भी उचित नहीं होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पंचायत चुनाव : गांवों के भविष्य के लिए सही नेतृत्व चुनने का समय



डॉ. संजय कुमार
बनोरडू (लहस्सर), योल कैंप, धर्मशाला, जिला कांगड़ा

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनावों को लेकर इस बार जिस प्रकार का उत्साह दिखाई दे रहा है, वह ग्रामीण लोकतंत्र की जागरूकता का सकारात्मक संकेत है। हजारों लोग ग्राम सेवा के लिए मैदान में उतरे हैं, लेकिन गांवों का भविष्य केवल चुनाव लड़ने से नहीं, बल्कि सही सोच वाले प्रतिनिधियों के चयन से तय होगा। आज आवश्यकता ऐसे जन प्रतिनिधियों की है जो गांव को केवल विकास योजनाओं का केंद्र न मानें, बल्कि उसे एक सुंदर, शिक्षित, स्वस्थ, संस्कारित और आधुनिक समाज के रूप में विकसित करने का सपना देखें।

समय बदल चुका है और गांवों की आवश्यकताएं भी बदल रही हैं। अब गांव का विकास केवल सीमेंट और सड़कों तक सीमित नहीं रह गया है। आज एक अच्छा प्रतिनिधि वह है जो गांव को शोर–शराबे, अव्यवस्था और नशे जैसी बुराइयों से मुक्त रखने की सोच रखता हो। गांव का वातावरण शांत, स्वच्छ और सौहार्दपूर्ण होना चाहिए, जहां बुजुर्ग सुकून महसूस करें, बच्चे सुरक्षित खेल सकें और युवा सकारात्मक गतिविधियों में आगे बढ़ें।

एक दूरदर्शी जनप्रतिनिधि गांव में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अच्छे खेल मैदान विकसित करवाने का प्रयास करेगा। खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि युवाओं को अनुशासन, स्वास्थ्य और नशे से दूरी की ओर ले जाने का सबसे प्रभावी माध्यम हैं। यदि गांवों में बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध हों, तो युवाओं की ऊर्जा सही दिशा में लग सकती है और गांवों में नई प्रतिभाएं उभर सकती हैं। इसके साथ–साथ गांव का सौंदर्यीकरण भी विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सुंदर और व्यवस्थित गांव केवल देखने में अच्छे नहीं लगते, बल्कि वहां रहने वालों में गर्व और अपनत्व की भावना भी पैदा करते हैं। एक अच्छा प्रतिनिधि लोगों को अपने घरों, गलियों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों को सजाने–संवारने के लिए प्रेरित करेगा। गांवों में फूलों की क्यारियां, स्वच्छ रास्ते, हरियाली और साफ–सुथरे सार्वजनिक स्थल एक सकारात्मक वातावरण तैयार करते हैं।




शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी प्रतिनिधि की सोच बेहद महत्वपूर्ण होती है। सरकारी स्कूलों को मजबूत बनाना, उनमें बच्चों का नामांकन बढ़ाना, पुस्तकालय स्थापित करना, बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित करना और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। गांवों में स्वच्छ पेयजल, बेहतर स्वच्छता व्यवस्था, स्वास्थ्य जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। आज जब समाज अनेक सामाजिक चुनौतियों से गुजर रहा है, तब गांव का प्रतिनिधि केवल योजनाओं का संचालक नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाला प्रेरक व्यक्तित्व होना चाहिए। हमें ऐसे व्यक्ति को चुनना होगा जो ईमानदार हो, संवेदनशील हो, दूरदर्शी हो और गांव को आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर बनाने का सपना देखता हो।

यदि हिमाचल के गांवों में ऐसे प्रतिनिधियों का चयन होता है, तो आने वाला समय केवल विकास का नहीं, बल्कि आदर्श ग्राम संस्कृति के पुनर्जागरण का समय होगा, जहां हर गांव स्वच्छ होगा, हर बच्चा शिक्षित होगा, हर युवा नशामुक्त होगा, हर मैदान खेलों से जीवंत होगा और हर घर में खुशहाली और सम्मान का दीप जलेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# आधी रात आए आंधी-तूफान से सहमे लोग, कई क्षेत्रों में गिरे पेड़

## चौक गांव में गोशाला क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों और शहीद भगत सिंह स्मृति संघ ने संभाला मोर्चा

अनंत ज्ञान

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** सोमवार देर रात करीब दो बजे आए तेज आंधी-तूफान ने क्षेत्र में दहशत फैला दी। तूफान इतना भयावह था कि लोगों की नींद खुल गई और कई परिवार डर के कारण रातभर जागते रहे।

तेज हवाओं के चलते घरों की टीन की छतें फड़फड़ाने लगीं। बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को पूरी रात अंधेरे में बितानी पड़ी, जबकि मंगलवार सुबह पानी की समस्या ने भी लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। डीनक, डुगराईं, भौर, घोरी और चौक सड़क पर कई स्थानों पर पेड़ उखड़कर गिर गए, जिससे मार्ग अवरुद्ध हो गया।


आंधी-तूफान में घर के ऊपर गिरा पेड़। अनंत ज्ञान

घोरी और चौक गांव से नुकसान की सूचनाएं भी सामने आईं। चौक गांव निवासी जय सिंह ठाकुर की गऊशाला पर पेड़ गिरने से उसकी छत क्षतिग्रस्त हो गई।

तूफान थमते ही ग्रामीण राहत कार्य में जुट गए। गांव के लोगों ने मिलकर सड़कों पर गिरे पेड़ों को काटकर रास्ते बहाल किए, ताकि स्कूल जाने वाले बच्चों और आम लोगों को परेशानी न हो।

समाजसेवी हरवेल सिंह राणा ने बताया कि सड़क को सुचारू करने में करीब दो घंटे का समय लगा। राहत कार्य में ग्रामीण अनिल कुमार, मनोज कुमार और भक्त राम के साथ शहीद भगत सिंह स्मृति संघ महादेव के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। संघ के प्रधान देवेंद्र ठाकुर ने सभी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों का आभार जताते हुए कहा कि संकट की घड़ी में लोगों ने एकजुट होकर सराहनीय कार्य किया।

## लडभड़ोल बाजार में दो दुकानों से सामान और नकदी चोरी

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** लडभड़ोल बाजार में अज्ञात चोरों ने दो दुकानों को निशाना बनाते हुए नकदी और लाखों के सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों में भारी रोष है। जानकारी के अनुसार, चोरों ने एक कॉस्मेटिक शॉप और एक गिफ्ट सेंटर में सेंधमारी की। कॉस्मेटिक दुकान के मालिक शिवम ने बताया कि वह पारिवारिक कारणों से शहर से बाहर थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने दुकान के शटर का बाहरी कुंडा काटा और अंदर प्रवेश कर लिया। चोर गल्ले में रखी नकदी, कीमती हार तथा सामान से भरा एक बड़ा कार्टन चोरी कर ले गए। वहीं दूसरी ओर, बाजार स्थित एक गिफ्ट सेंटर को भी चोरों ने निशाना बनाया। दुकान मालिक मुनीश कुमार ने बताया कि सुबह दुकान का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर से गल्ले में रखी नकदी के साथ उनके जरूरी व्यक्तिगत दस्तावेज भी गायब थे। घटना की सूचना मिलते ही लडभड़ोल पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर दुकानदारों के बयान दर्ज किए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अभिलाषी विश्वविद्यालय एवं अभिलाषी शिक्षा समिति की स्मृति में सजा दंगल

# अभिनायक, मोंटी और आशु ने जीता बाल्ट टांडा दंगल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** अभिलाषी यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति एवं अभिलाषी शिक्षा समिति के चेयरमैन डॉ. आरके अभिलाषी के मार्गदर्शन में उनके पैतृक गांव बाल्ट टांडा में भव्य एवं ऐतिहासिक दंगल का आयोजन किया गया।

दंगल में हिमाचल प्रदेश सहित देशभर से पहुंचे करीब 300 पहलवानों ने दमखम और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। दिनभर चले मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। मुख्य मुकाबले में उत्तर प्रदेश के भारत केसरी खिताब विजेता अभिनायक ने महाराष्ट्र के गौरव को हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता को ₹41,000, जबकि उपविजेता को ₹31,000 की नकद राशि प्रदान की गई। मध्यम माली वर्ग में दिल्ली के मोंटी ने खिताब जीता। उन्हें ₹21,000 और कैथल के गुरसेवक को उपविजेता रहने पर ₹19,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। छोटी माली वर्ग में चंबा के आशु विजेता रहे। उन्हें ₹15,000, जबकि होशियारपुर के हैदर को उपविजेता रहने पर ₹12,000 की राशि दी गई।


विजेता पहलवान के साथ गणमान्य। अनंत ज्ञान

डॉ. आरके अभिलाषी ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि इस प्रकार के पारंपरिक खेल आयोजन युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करने के साथ ग्रामीण प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का मंच प्रदान करते हैं। बाल्ट टांडा समिति के प्रधान शेर सिंह और उपप्रधान प्रकाश नायक ने कहा कि दंगल का आयोजन प्रतिवर्ष इसी उत्साह और परंपरा के साथ किया जाएगा।

इस अवसर पर डॉ. ललित अभिलाषी, नमिता अभिलाषी, नरेंद्र अभिलाषी तथा परशुराम पुरस्कार से सम्मानित डॉ. संजय यादव विशेष रूप से मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### चुनावों के बीच सरकाघाट में अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पंचायत चुनावों के आगाज के साथ ही सरकाघाट और धर्मपुर क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर पुलिस की सख्ती बढ़ गई है। इसी कड़ी में सरकाघाट पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक कार चालक से करीब 18 हजार एमएल देसी और अंग्रेजी शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार बीती रात रोपड़ी पंचायत में लगाए गए नाके के दौरान टाटा कार नंबर एचपी 28ए-7403 को रोका गया। जांच के दौरान चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। तलाशी में 12 बोतल अंग्रेजी शराब रॉयल स्टैग और 12 बोतल देसी शराब ऊना नंबर वन बरामद हुई। आरोपी की पहचान सुरेश कुमार निवासी झंझेल के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और कहा है कि चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

### प्रधान पद के लिए 5 महिला प्रत्याशी मैदान में

**अनंत ज्ञान, राजेंद्र कुमार, जयदेवी।** नाचन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पलाहोटा में पंचायत चुनाव को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। पंचायत में विभिन्न पदों के लिए कुल 23 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल कर चुनावी मैदान में अपनी दावेदारी पेश की है। पंचायत में 2127 मतदाता हैं और इस बार प्रधान पद महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है। प्रधान पद के लिए गोदावरी, रीना देवी, सीता देवी, मनीषा और संतोष कुमारी ने नामांकन भरे हैं। वहीं उपप्रधान पद के लिए दिलीप कुमार, लीलाधर और दीवान सिंह चुनावी मैदान में उतरे हैं। इसके अलावा कई अन्य उम्मीदवारों ने वार्ड सदस्य पद के लिए भी नामांकन दाखिल किए हैं। पंचायत में चुनावी माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है और उम्मीदवार गांव-गांव जाकर मतदाताओं से समर्थन जुटाने में लगे हैं।

### वार्ड नंबर-5 भंगरोटू में मुकाबला दिलचस्प

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** नगर परिषद के अनारक्षित वार्ड नंबर-5 भंगरोटू में इस बार चुनावी मुकाबला दिलचस्प हो गया है। वार्ड से पांच उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतर चुके हैं, जिनके भाग्य का फैसला 1059 मतदाता करेंगे। इनमें 534 महिला और 525 पुरुष मतदाता शामिल हैं। चुनाव लड़ने वालों में नेरचौक व्यापार मंडल के प्रधान अमित सिंह काका, पूर्व सैनिक अधिकारी प्रदीप गुलरिया, सरकारी ठेकेदार सुनील, ऑटो सेक्टर से जुड़े दीपक और स्वीट शॉप संचालक अमन लखनपाल शामिल हैं। पूर्व पार्षद विजय कुमार ने इस बार चुनाव न लड़ने का निर्णय लिया है। वार्ड में नालियों पर पुल निर्माण, एप्रोच रोड, सर्विस रोड और स्ट्रीट लाइट जैसे मुद्दे प्रमुख बने हुए हैं। युवा रोजगार और बेहतर सुविधाओं की मांग कर रहे हैं, जबकि बुजुर्ग मतदाता स्वच्छ और सुंदर वार्ड चाहते हैं। उम्मीदवारों ने विकास और समाज सेवा को अपनी प्राथमिकता बताया है।

### नामांकन के लिए देर रात तक चली प्रक्रिया

**अनंत ज्ञान, भौर।** विकास खंड धनोटू की चौक पंचायत में पंचायत चुनाव नामांकन के अंतिम दिन उम्मीदवारों की भारी भीड़ देखने को मिली। प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्य पदों के लिए देर शाम तक नामांकन पत्र जमा करवाने का सिलसिला जारी रहा। उपप्रधान पद के लिए बिरेंद्र ठाकुर सहित चेत सिंह, नरेंद्र कुमार और निशांत चौहान ने नामांकन दाखिल किया। वहीं प्रधान पद के लिए लोकेश कुमार, पंकज चौहान, जितेंद्र कुमार, प्रभदयाल और वेली राम ने अपनी दावेदारी पेश की। वार्ड सदस्य पद के लिए समाज सेविका रंजू राणा के अलावा सावित्री देवी, निर्मला देवी, लेसरी देवी, सुशील कुमार और सुरेश कुमार ने भी नामांकन भरे। पंचायत सचिव प्रेम सिंह ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के कारण कर्मचारियों पर काम का दबाव बढ़ गया है और उन्हें देर रात तक कार्य करना पड़ रहा है।

### सुंदरनगर में जिप चुनाव के सभी नामांकन वैध

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर में पंचायत चुनाव के तहत जिला परिषद सदस्य पद के लिए दाखिल सभी 10 नामांकन पत्र जांच के दौरान वैध पाए गए हैं। छंटनी प्रक्रिया सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार 15 मई को सायं 3 बजे तक अपने नामांकन वापस ले सकते हैं। इसके बाद शेष प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। जिला परिषद मंडी के तहत निर्वाचन क्षेत्र 19-डैहर से प्रेम सिंह, नागराज, भानु प्रकाश शर्मा, रोशन लाल और कर्म चंद, क्षेत्र 20-सलापड़ से मोहित ठाकुर और राजकुमार, जबकि क्षेत्र 21-खिलड़ा से चमन राही, अमरू राम और नारायण सिंह चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति और ग्राम पंचायत सदस्यों के साथ तीन चरणों में 26, 28 और 30 मई को मतदान होगा, जबकि मतगणना 31 मई को की जाएगी।

### चार वार्डों से सभी 20 नामांकन पत्र वैध घोषित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट एवं गोपालपुर विकास खंड के अंतर्गत आने वाले चार जिला परिषद वार्डों के लिए प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया मंगलवार को पूरी कर ली गई। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट राजेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि सभी 20 नामांकन पत्र जांच के बाद वैध पाए गए हैं। वार्ड संख्या 27-कोट से 3 महिला प्रत्याशी, वार्ड 28-भांबला से 5 महिला उम्मीदवार, वार्ड 29-थौना से 6 महिला प्रत्याशी और वार्ड 33-नबाही से 4 पुरुष व 2 महिला उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी दस्तावेजों की गहन जांच की गई। अब आगामी चरणों में नाम वापसी और चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### 14 व 15 मई को वापल ले सकते हैं नामांकन

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** धर्मपुर विकास खंड के अंतर्गत आने वाले तीन जिला परिषद वार्डों के लिए प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया मंगलवार को पूरी कर ली गई। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम धर्मपुर जोगिंद्र पटियाल ने बताया कि सभी 12 नामांकन पत्र जांच के बाद वैध पाए गए हैं। वार्ड संख्या 32-सरी, 34-टिहरा और 35-सोहर से सभी महिला उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए थे। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार दस्तावेजों की गहन जांच की गई। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के तहत 14 और 15 मई को दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं।

### पंचायत समिति के 60 नामांकन पत्र वैध

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पंचायत चुनाव के तहत पंचायत समिति सदस्य पद के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की छंटनी प्रक्रिया सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं तहसीलदार सुंदरनगर अंकित शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जांच के दौरान सभी 60 नामांकन पत्र वैध पाए गए। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति सुंदरनगर के अंतर्गत 16 ग्राम सभाओं के लिए कुल 60 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र सही पाए गए हैं। इनमें पौड़ा कोठी, मलोह, सलापड़ कॉलोनी, सेरी कोठी, धवाल, सलापड़, डैहर, जड़ोल, बरोटी, चनोल, टिहरी, बरतो, चमूखा, कपाही, कलौहड़ और खिलाड़ी ग्राम सभाओं के उम्मीदवार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सभी नामांकन पत्रों की गहन जांच के बाद उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई है।

## जय दुर्गा मां कॉलेज में धूमधाम से मनाया अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस

# छात्राओं ने ली नर्सिंग सेवा की शपथ

अनंत ज्ञान

**अंकित कुमार, जोगिंद्रनगर।** जय दुर्गा मां नर्सिंग कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सिंग प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. तेंजिन उपस्थित रहीं।


अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर मौजूद प्रशिक्षु छात्राएं। अनंत ज्ञान

कॉलेज के संस्थापक राकेश धरवाल ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। कॉलेज की प्रधानाचार्य छवि ने बताया कि नर्सिंग दिवस के उपलक्ष्य पर पिछले एक सप्ताह से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही थीं, जिनमें कबड्डी, शतरंज और अन्य खेल शामिल रहे। प्रतियोगिता को चार हाउसों डायमंड हाउस, प्लेटिनम हाउस, गोल्ड हाउस और सिल्वर हाउस में विभाजित किया गया था। इस दौरान प्रशिक्षु छात्राओं ने हिमाचली पारंपरिक परिधानों में मंच पर शानदार प्रस्तुतियां देकर हिमाचली संस्कृति की झलक पेश की। कॉलेज की प्रधानाचार्य छवि ने ओथ सेरेमनी की जानकारी देते हुए प्रशिक्षुओं को नर्सिंग शपथ भी दिलाई। मुख्य अतिथि डॉ. तेंजिन ने अपने संबोधन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस प्रतिवर्ष 12 मई को स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों के समर्पण, सेवा और योगदान के सम्मान में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि यह दिन आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती के रूप में भी मनाया जाता है।

कॉलेज के प्रबंध निदेशक राकेश धरवाल ने कहा कि नर्सिंग दिवस के उपलक्ष्य पर खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षुओं की प्रतिभा को मंच प्रदान किया गया। इस अवसर पर सुरेंद्र काचरू सहित कई उपस्थित रहे।

## स्वातिलिका को राज्यपाल ने किया गोल्ड मेडल से सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत चोलथरा के गांव कोठी की बेटी स्वातिलिका ने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन किया है। चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय से बैचलर ऑफ वेटरिनरी साइंस एंड एनिमल हसबेंडरी (B.V.Sc. & A.H.) की पढ़ाई कर रही स्वातिलिका को विश्वविद्यालय में सर्वोच्च प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। यह सम्मान हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने प्रदान किया। विवि के अनुसार, स्वातिलिका ने शैक्षणिक सत्र 2018-19 में 10 में से 7.781 ओवरऑल ग्रेड प्वाइंट एवरेज प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की।

स्वातिलिका के पिता कमलेश ठाकुर शिक्षा विभाग में प्रधानाचार्य हैं, जबकि माता सुनीता ठाकुर गृहिणी हैं। उनकी छोटी बहन भी वर्तमान में मेडिकल कॉलेज हमीरपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही हैं। ग्रामीण परिवेश से निकलकर राष्ट्रीय स्तर की यह उपलब्धि हासिल करने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों, शिक्षकों व सामाजिक संगठनों ने स्वातिलिका व परिवार को बधाई दी।

## मैट्रिक में लॉर्ड्स कॉन्वेंट स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत और निवेदिता ने किया टॉप


लॉर्ड्स कॉन्वेंट स्कूल के होनहार सम्मानित किए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के दसवीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में लॉर्ड्स कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने शत-प्रतिशत रिजल्ट देकर कीर्तिमान रचा। कुल 60 छात्रों में सभी ने यह परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की।

स्कूल प्रधानाचार्य सपना ठाकुर ने बताया की निवेदिता ने 98.2% अंकों के साथ स्कूल टॉप किया और प्रदेश में 12वां स्थान हासिल किया। ध्रुविका 98.1% के साथ दूसरे व प्रदेश में 13वें, विभूति 97.2% के साथ तीसरे व प्रदेश में 19वें स्थान पर रहीं। विद्यालय के 30 छात्रों ने 90% से अधिक और 20 छात्रों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए। प्रदेश के टॉप 25 मेरिट लिस्ट में स्कूल के 7 छात्र शामिल हैं। स्कूल प्रबन्धक कर्नल बलवंत सिंह बरारी ने सभी छात्रों,अभिवावकों, व शिक्षकों को प्रार्थना सभा में मेडल व हार पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी टॉपर बच्चों को ₹1100 के नकद इनाम भी दिया और आगे आने वाली परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# नलसर स्कूल को रोटरी क्लब नेरचौक ने वितरित किया ई-लर्निंग सिस्टम



ई-लर्निंग सिस्टम स्थापित करने के दौरान गणमान्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**विनोद जसवाल, नेरचौक।** रोटरी क्लब नेरचौक द्वारा ई लर्निंग परियोजना के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नलसर को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के लिए कंप्यूटर, डेस्कटॉप, प्रोजेक्टर, स्पीकर, यूपीएस, सीलिंग माउंट मैप स्क्रीन सहित संबंधित उपकरण भेंट किए।

समाजसेवी एवं रोटरी क्लब नेरचौक के अध्यक्ष अमृतपाल सिंह काका ने बताया कि स्कूल में ई-लर्निंग सिस्टम स्थापित होने से छात्रों को विषय समझने में मदद मिलेगी छात्र और शिक्षक नवीनतम शिक्षण विधियां को सीखेंगे। मुख्याध्यापक एवं जिला विज्ञान पर्यवेक्षक संजीव पुरी ने रोटरी क्लब के सभी उपस्थित सदस्यों का आभार प्रकट करते कहां की स्कूल में ई-लर्निंग सिस्टम स्थापित होने से अध्यनरत छात्रों शिक्षण स्तर में बढ़ोतरी होगी उन्होंने क्षेत्र के ग्रामीण से आग्रह किया है कि वह अपने बच्चों को नलसर सरकारी स्कूल में पढ़ाई, ताकि बच्चे ई लर्निंग सिस्टम का फायदा उठा सके।

इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थी अध्यापक और रोटरी क्लब के सुरेंद्र मोहन, सौरभ महाजन, राकेश ठाकुर, सुंदर सिंह, आशू गुप्ता, मनमीत सिंह, हीरा सिंह मल्होत्रा, अर्चना वालिया, विकास गुप्ता, जगदीश वालिया शाहिद व्यापार मंडल नलसर के प्रधान हरीश कुमार भी मौजूद रहे।

## आचार संहिता के चलते पपलोग पुल की मरम्मत अटकी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर उपमंडल और सरकाघाट उपमंडल को जोड़ने वाले पपलोग पुल की मरम्मत का कार्य आचार संहिता लागू होने के कारण फिलहाल अटक गया है। जानकारी के अनुसार, पहले जारी किए गए टेंडर में किसी भी ठेकेदार ने भाग नहीं लिया, और आचार संहिता के चलते आगामी कुछ दिनों तक दोबारा टेंडर प्रक्रिया शुरू करना संभव नहीं है।

इस स्थिति को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व प्रत्याशी रमेश चन्द भारद्वाज ने उपमंडल अधिकारियों के माध्यम से राज्य चुनाव आयोग से विशेष अनुमति लेकर जल्द नया टेंडर जारी करने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि पुल की नींव पानी के स्तर से ऊपर दिखाई दे रही है, जिससे उसकी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने भी आशंका जताई है कि भारी बारिश के दौरान पुल को नुकसान पहुंच सकता है, इसलिए बरसात से पहले मरम्मत या वैकल्पिक वैली ब्रिज निर्माण आवश्यक है।

# बीएसएल स्कूल का खेल मैदान बदहाल

## टूटी चारदीवारी और कूड़े के ढेर से छात्रों व स्थानीय लोगों में रोष

अनंत ज्ञान

**भीम बसेडू राजपूत, महादेव।** बीएसएल (बीबीएमबी) सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुंदरनगर का खेल मैदान बदहाली की तस्वीर पेश कर रहा है। मैदान का बड़ा हिस्सा जगह-जगह धंसी जमीन, खाइयों और मिट्टी के ढेर में तब्दील हो चुका है, जबकि परिसर के आसपास प्लास्टिक सहित अन्य प्रकार का कूड़ा-कचरा फैला होने से वातावरण दूषित हो रहा है।



खेल मैदान की बदहाली से छात्र व लोग परेशान। अनंत ज्ञान

हालत यह है कि मैदान और स्कूल परिसर के बाहर बनी नालियां भी गंदगी से अटी पड़ी हैं, जिससे दुर्गंध फैल रही है और लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल के खेल मैदान की हालत लंबे समय से खराब बनी हुई है, लेकिन संबंधित प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। मैदान के आसपास बनी चारदीवारी का एक बड़ा हिस्सा ढह चुका है, जबकि बची हुई पुरानी जर्जर दीवार भी कभी हादसे का कारण बन सकती है। लोगों का आरोप है कि रखरखाव के अभाव में पूरा परिसर राम भरोसे छोड़ दिया गया है। बताया जा रहा है कि मैदान में कई स्थानों पर मिट्टी खोदकर छोड़ दी गई है, जिससे बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों और खाइयों में कूड़ा जमा होने से स्थिति और गंभीर हो गई है। स्कूल आने वाले छात्रों और खेल गतिविधियों में भाग लेने वाले युवाओं को भी इससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुद्धिजीवियों और स्थानीय निवासियों ने कहा कि कई बार संबंधित अधिकारियों और परियोजना प्रशासन के समक्ष मैदान सुधार की मांग उठाई जा चुकी है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। लोगों में बीबीएमबी परियोजना प्रबंधन और चीफ इंजीनियर के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

स्थानीय लोगों ने बीबीएमबी चेयरमैन से मांग की है कि स्कूल मैदान, नालियों और टूटी चारदीवारी की जल्द मरम्मत करवाई जाए, ताकि छात्रों को बेहतर माहौल मिल सके और क्षेत्र में फैल रही गंदगी से निजात मिल पाए।

## चुनाव | टिहरा जिप वार्ड में त्रिकोणीय मुकाबला, भाजपा-कांग्रेस समेत निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में

# बंदना, अनिता व रजिता के बीच कांटे की टक्कर

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल के अंतर्गत टिहरा जिला परिषद वार्ड में पंचायत चुनावों को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन भाजपा समर्थित उम्मीदवार बंदना गुलेरिया, कांग्रेस समर्थित अनिता देवी तथा रजिता वर्मा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपने नामांकन दाखिल किए। तीन प्रमुख उम्मीदवारों के मैदान में उतरने से इस वार्ड में चुनावी मुकाबला अब पूरी तरह त्रिकोणीय हो गया है।


बंदना गुलेरिया | अनिता देवी | रजिता वर्मा

भाजपा समर्थित उम्मीदवार बन्दना गुलेरिया के समर्थन में पूर्व मंत्री ठाकुर महेंद्र सिंह स्वयं सक्रिय नजर आए। नामांकन दाखिल होने से एक दिन पहले उन्होंने टिहरा मंडल की बैठक में पहुंचकर कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव लड़ने और बन्दना को विजयी बनाने की अपील की। राजनीतिक हलकों में इस बैठक को विशेष महत्व दिया जा रहा है, क्योंकि धर्मपुर क्षेत्र के अन्य जिला परिषद वार्डों में उन्होंने इस प्रकार की सक्रियता नहीं दिखाई। ऐसे में विपक्षी दल और स्थानीय राजनीतिक जानकार इसे पारिवारिक प्रतिष्ठा से जोड़कर भी देख रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार भाजपा मंडल की बैठक में कुछ कार्यकर्ताओं और कमेटी सदस्यों ने उम्मीदवार के व्यवहार और संगठनात्मक समन्वय को लेकर सवाल भी उठाए। हालांकि बाद में वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को शांत करते हुए पुराने मतभेद भुलाकर चुनाव में एकजुट रहने का संदेश दिया। माना जा रहा है कि भाजपा समर्थक माने जाने वाले कर्मवीर वर्मा परिवार की बहू रजिता कुमारी के निर्दलीय मैदान में उतरने से भाजपा के पारंपरिक वोटों में सेंध लग सकती है। इसी कारण पार्टी नेतृत्व को अब अधिक सक्रिय होना पड़ रहा है।

दूसरी ओर कांग्रेस ने दिवंगत प्रभास राणा की पत्नी अनिता देवी को उम्मीदवार बनाया है। प्रभास राणा छात्र जीवन से वामपंथी विचारधारा से जुड़े रहे थे और बाद में कांग्रेस में शामिल हो गए थे। वर्ष 2023 में आई आपदा के दौरान लोगों की मदद करते समय उनकी मृत्यु हो गई थी। कांग्रेस इस चुनाव में सहानुभूति और स्थानीय जुड़ाव को प्रमुख मुद्दा बनाकर मैदान में उतरी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पार्टी को उम्मीद है कि प्रभास राणा की छवि और उनके सामाजिक कार्यों का लाभ चुनाव में मिल सकता है।

क्षेत्र में यह चर्चा भी है कि कांग्रेस उम्मीदवार को वामपंथी विचारधारा से जुड़े लोगों और पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह के समर्थकों का भी फायदा मिल सकता है, हालांकि अभी तक इस संबंध में कोई औपचारिक घोषणा नहीं हुई है। भूपेंद्र सिंह की इस वार्ड में मजबूत पकड़ मानी जाती है और उनका रुख चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकता है।

अब देखना दिलचस्प होगा कि टिहरा जिला परिषद वार्ड की जनता भाजपा समर्थित बन्दना गुलेरिया, निर्दलीय उम्मीदवार रजिता कुमारी या कांग्रेस उम्मीदवार अनिता देवी में से किसे अपना समर्थन देती है।

# हरियाणा ने जीता तीसरे ऑल इंडिया लैक्रास फेडरेशन कप का खिताब

- पुरुष और महिला दोनों वर्गों के फाइनल में राजस्थान को हराया

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** एमएलएसएम कॉलेज मैदान सुंदरनगर में आयोजित तीसरे ऑल इंडिया लैक्रास फेडरेशन कप के पुरुष और महिला वर्ग के खिताब हरियाणा ने अपने नाम किए। दोनों फाइनल मुकाबलों में हरियाणा ने राजस्थान को हराकर विजेता ट्रॉफी जीती। पुरुष वर्ग के फाइनल में हरियाणा ने राजस्थान को 16-5 से मात दी, जबकि महिला वर्ग में हरियाणा ने राजस्थान को 12-9 से हराया। प्रतियोगिता में महाराष्ट्र तीसरे और गुजरात चौथे स्थान पर रहा। समापन समारोह में पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर ने विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया। हिमाचल लैक्रास संघ के महासचिव प्रो. लोकेश शर्मा और मीडिया प्रभारी प्रो. देजू रतन ने बताया कि पुरुष वर्ग के पहले सेमीफाइनल में हरियाणा ने गुजरात को 11-9 और दूसरे सेमीफाइनल में राजस्थान ने महाराष्ट्र को 31-5 से हराया था। क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में राजस्थान ने गोवा, महाराष्ट्र ने छत्तीसगढ़, हरियाणा ने आंध्रप्रदेश और गुजरात ने उत्तराखंड को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई थी। सोहन लाल ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में पहली बार लैक्रास प्रतियोगिता का आयोजन होना गौरव की बात है। इससे प्रदेश के खिलाड़ियों को इस खेल को समझने और आगे अपनाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में हिमाचल सरकार भी इस खेल को मान्यता देने की दिशा में कदम उठा सकती है। इस अवसर पर एशियन पैसिफिक लैक्रास यूनियन के कार्यकारी निदेशक क्रिस जिनो, भारतीय लैक्रास टीम के मुख्य प्रशिक्षक नीरज बत्रा, एमएलएसएम कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुमन कटोच, भारतीय टीम की कप्तान सुनीता मीणा, एचपीसीए रेफरी प्रो. अनिल गुलेरिया और प्रो. सुरजीत ठाकुर मौजूद रहे।

# दो चरणों में होगी डिजिटल माध्यम से जनगणना : पृथी पाल सिंह

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** सामान्य प्रशासन विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा 22 अप्रैल को जारी अधिसूचना के अनुसार राज्य में जनगणना-2027 डिजिटल माध्यम से दो चरणों में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त पृथी पाल सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत 16 जून से 15 जुलाई तक मकान सूचीकरण व आवास जनगणना का कार्य किया जाएगा। इसके अतिरिक्त नागरिकों को स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी, जिसके लिए विंडो लिंक httpsÑ//se.census.gov.in पर 1 जून से 15 जून तक सुविधा उपलब्ध रहेगी। आयुक्त ने बताया कि द्वितीय चरण में फरवरी, 2027 से जनसंख्या गणना का कार्य आरंभ किया जाएगा। इस दौरान योजना निर्माण, नीति-निर्धारण, संसदीय, विधानसभा, पंचायत व स्थानीय निकाय क्षेत्रों के परिसीमन तथा आरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े एकत्रित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनगणना अधिनियम, 1948 के प्रमुख प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति जनगणना अधिकारी द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सत्यतापूर्वक उत्तर देने के लिए वैधानिक रूप से बाध्य है। अधिभोगी व्यक्तियों को जनगणना अधिकारियों को परिसर में प्रवेश करने तथा जनगणना चिन्ह अथवा संख्यांक अंकित करने की अनुमति देनी होगी। इसके अतिरिक्त निवासगृह, वाणिज्यिक अथवा औद्योगिक संस्थानों के अधिभोगी या प्रबंधक को जनगणना अनुसूची भरकर हस्ताक्षरित करने के उपरांत वापस करनी होगी।

पृथी पाल सिंह ने बताया कि जनगणना के दौरान उत्तर देने से इनकार करना, मिथ्या जानकारी देना, अधिकारियों के कार्य में बाधा उत्पन्न करना अथवा जनगणना चिन्हों को नष्ट करना दंडनीय अपराध है, जिसके लिए एक हजार रुपए तक जुर्माना अथवा तीन वर्ष तक कारावास का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि जनगणना अभिलेख पूर्णतः गोपनीय रखे जाते हैं तथा इन्हें किसी भी सिविल अथवा दांडिक कार्यवाही में साक्ष्य के रूप में उपयोग नहीं किया जा सकता। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे आगामी जनगणना कार्यों में जनगणना अधिकारियों को पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा सटीक व वास्तविक जानकारी उपलब्ध करवाएं, ताकि इन आंकड़ों का उपयोग प्रभावी योजना निर्माण, नीति निर्धारण और सार्वजनिक प्रशासन के लिए किया जा सके।

# बिजली-पानी कनेक्शन बहाल न हुआ तो परिवार सहित आत्मदाह की चेतावनी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** जिला ऊना के नगर परिषद संतोषगढ़ के वार्ड नंबर-5 में रहने वाले एक परिवार की परेशानी अब प्रशासनिक गलियारों तक पहुंच गई है। बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित परिवार की महिला ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द उनके घर का बिजली श पानी कनेक्शन बहाल नहीं किया गया, तो वह अपने परिवार सहित आत्मदाह करने को मजबूर होंगी। महिला की इस चेतावनी के बाद प्रशासनिक तंत्र में हड़कंप मच गया है। सोमवार को पीड़ित महिला सुनीता देवी अपने पति व दो बच्चों के साथ डीसी कार्यालय पहुंची व डीसी के समक्ष अपनी व्यथा सुनाई। महिला ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर परिवार को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग उठाई।

## 'पारिवारिक विवाद के चलते कटवाए गए कनेक्शन'



**सुनीता** देवी का आरोप है कि पारिवारिक विवाद के कारण उनके जेठ व सास ने जबरन उनके घर का बिजली और पानी का कनेक्शन कटवा दिया। इसके चलते परिवार पिछले करीब दो महीनों से बेहद दयनीय परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहा है। महिला ने बताया कि भीषण गर्मी के बीच बिना बिजली के रहना मुश्किल हो गया है, जबकि पानी के लिए रोजाना दर-दर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार संबंधित विभागों व अधिकारियों के समक्ष शिकायतें रखी गई, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो पाया। महिला का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर केवल आश्वासन ही मिले हैं।

## दिहाड़ी मजदूरी से चल रहा परिवार

**परिवार** की आर्थिक स्थिति भी बेहद कमजोर बताई जा रही है। महिला के पति दिहाड़ी मजदूरी कर किसी तरह परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। पानी के लिए परिवार को पड़ोसियों और अन्य लोगों पर निर्भर रहना पड़ रहा है, ऐसे हालात में छोटे बच्चों के साथ जीवन यापन करना दिन-प्रतिदिन कठिन होता जा रहा है।

## प्रशासन से न्याय की गुहार

**महिला** ने डीसी से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर बिजली व पानी कनेक्शन बहाल करवाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो परिवार कोई बड़ा कदम उठाने को मजबूर होगा। मामले के सामने आने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने भी स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

## स्ट्रीट लाइट के नीचे पढ़ने को मजबूर बच्चे

**महिला** ने बताया कि बिजली न होने का सबसे अधिक असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। रात के समय बच्चे घर में रोशनी न होने के कारण स्ट्रीट लाइट के नीचे बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि हर समय किसी अनहोनी का भय बना रहता है, लेकिन मजबूरी के चलते बच्चों को बाहर बैठकर पढ़ना पड़ रहा है। सुनीता देवी ने भावुक होते हुए कहा कि बिजली व पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के बिना सामान्य जीवन जीना असंभव हो चुका है। परिवार मानसिक और आर्थिक दोनों तरह से परेशान है।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती, शादी का झांसा और दुष्कर्म का आरोप

### फौजी जवान के खिलाफ मामला दर्ज, युवती बोली-भरोसा जीतकर किया शोषण

अनंत ज्ञान

**राजेश शर्मा, ऊना।** सोशल मीडिया व ऑनलाइन दोस्ती के बढ़ते दौर में साइबर ठगी के साथ-साथ रिश्तों में धोखे के मामले भी तेजी से सामने आ रहे हैं। कई मामलों में आरोपी पहले प्यार और भरोसे का जाल बुनते हैं, फिर शादी का झांसा देकर युवतियों का मानसिक व शारीरिक शोषण करते हैं। ऐसा ही एक सनसनीखेज मामला जिला ऊना के अंब उपमंडल से सामने आया है, जहां एक युवती ने फौजी जवान पर शादी का वादा कर दुष्कर्म करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता की पहचान कुछ समय पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से आरोपी युवक से हुई थी। आरोपी पंजाब के होशियारपुर जिले की रामगढ़ तहसील का निवासी बताया जा रहा है और सेना में कार्यरत है। शुरुआत में दोनों के बीच सामान्य बातचीत होती रही, लेकिन धीरे-धीरे बातचीत दोस्ती और फिर नजदीकियों में बदल गई। युवती का आरोप है कि आरोपी ने खुद को गंभीर रिश्ते में होने की बात कहकर उसका विश्वास जीता। उसने लगातार शादी का भरोसा दिया व भविष्य साथ बिताने के सपने दिखाए। युवती ने बताया कि आरोपी के व्यवहार और बातों पर भरोसा कर उसने उसे अपने जीवन का हिस्सा मान लिया था।

## शादी का भरोसा देकर बनाए संबंध

**शिकायत** के अनुसार आरोपी कई बार अंब व आसपास के क्षेत्रों में युवती से मिलने आता रहा। इस दौरान उसने शादी का वादा कर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी लंबे समय तक उसे झूठे आश्वासन देता रहा और हर बार शादी की बात कहकर भरोसे में लेता रहा। युवती ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसके विश्वास और भावनाओं का फायदा उठाते हुए उसका मानसिक और शारीरिक शोषण किया। उसने कहा कि वह आरोपी की बातों पर पूरी तरह विश्वास कर चुकी थी व उसे कभी शक नहीं हुआ कि उसके साथ धोखा हो रहा है।

## पुलिस ने दर्ज किया मामला

**इसके** बाद पीड़िता अंब थाना पहुंची व पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। युवती ने आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी सैनिक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## हर पहलू की जांच में जुटी पुलिस

**डीएसपी** अंब अनिल पटियाल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि युवती की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान सभी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और तथ्यों के आधार पर आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## शादी की बात आते ही बदल गया व्यवहार

**मामले** में नया मोड़ तब आया जब युवती ने आरोपी पर शादी को लेकर स्पष्ट निर्णय लेने का दबाव बनाना शुरू किया। आरोप है कि इसके बाद आरोपी का व्यवहार अचानक बदल गया। उसने युवती से बातचीत कम कर दी और धीरे-धीरे दूरी बनाने लगा। पीड़िता के मुताबिक काफी समय तक टालमटोल करने के बाद आरोपी ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। आरोपी के इस रवैये से युवती मानसिक रूप से टूट गई व उसने खुद को ठगा हुआ महसूस किया।

# न्यूज ब्रीफ

## आपदाओं से बचाव के व्यावहारिक तरीके सिखाए

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जटेहड़ी में मंगलवार को आपदा प्रबंधन को लेकर विशेष मॉक ड्रिल आयोजित की गई। यह कार्यक्रम होमगार्ड्स की 12वीं वाहिनी के आदेशक हितेश लखनपाल के दिशा-निर्देशानुसार तथा 12/3 कंपनी बंगाणा के कंपनी कमांडर हंसराज की देखरेख में संपन्न हुआ। मॉक ड्रिल के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों को भूकंप, आगजनी जैसी प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं से बचाव के व्यावहारिक तरीके सिखाए गए। प्रशिक्षण में घायल व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने, प्राथमिक उपचार देने और अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग की जानकारी दी गई। कंपनी कमांडर हंसराज ने कहा कि आपदा प्रबंधन का उद्देश्य हर नागरिक को 'रिस्पॉन्डर' बनाना है। शिविर में 48 विद्यार्थियों और 13 अध्यापकों ने भाग लिया। विद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रम की सराहना की।

## छंटनी में 2 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला परिषद चुनावों के तहत ऊना जिले के 17 वार्डों में दाखिल नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया के दौरान दो उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द कर दिए गए, जबकि 53 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि जिले में कुल 55 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। जांच के दौरान उपमंडल हरोली के अंतर्गत वार्ड नम्बर 11 बाथू से प्रत्याशी रोज़ी और वार्ड नम्बर 13 हरोली से प्रत्याशी निर्मल कौर का नामांकन पत्र निर्धारित पात्रता संबंधी दस्तावेजों में आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण न पाए जाने के कारण रद्द किया गया। उन्होंने बताया कि अब 14 और 15 मई को उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे।

## लोक साहित्य संरक्षण पर दिया जोर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राष्ट्रीय साहित्य परिषद द्वारा साकेत गेस्ट हाउस बामटा में साहित्यकारों, कवियों और लेखकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिषद के अखिल भारतीय संगठन मंत्री मनोज कुमार ने कहा कि भारत की साहित्यिक परंपरा विश्व में सबसे समृद्ध है और देश में आज भी लाखों प्राचीन पांडुलिपियां सुरक्षित हैं। बैठक की अध्यक्षता महिधर प्रसाद ने की। वक्ताओं ने लोक साहित्य, लोकगीतों, लोक कथाओं और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। मनोज कुमार ने बताया कि 4 से 6 दिसंबर तक जयपुर में 'लोक मंथन' कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें देशभर के लगभग 3 हजार विद्वान और लोक कलाकार भाग लेंगे। वहीं 23 और 24 मई को दिल्ली में रचनात्मक लेखन कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी, जिसमें युवा लेखक भाग ले सकेंगे। बैठक में अमरनाथ धीमान, रविंद्र भट्टा, कर्मवीर कंडेरा, रोहित कुमार डोगरा और अन्य साहित्यकार उपस्थित रहे।

## बड़ी माली विजेता को मिलेगी मोटरसाइकिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** घाघस में हर वर्ष की तरह इस बार भी देव घाघस मेला एवं पारंपरिक दंगल का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। मेला कमेटी श्री घाघस देव प्रबंधन ने जानकारी दी कि 14 मई को सांस्कृतिक आयोजन जबकि 15 मई को भव्य कुश्ती दंगल होगा। दंगल की बड़ी माली के विजेता को बुलेट मोटरसाइकिल और छोटी माली के विजेता को स्कूटी इनाम में दी जाएगी, जो इस बार का मुख्य आकर्षण रहेगा। मेला तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में कई गणमान्य सदस्य मौजूद रहे। कमेटी ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की है ताकि यह पारंपरिक आयोजन सफल बनाया जा सके।

## बिलासपुर में जनगणना-2027 प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में जनगणना-2027 के प्रथम चरण 'गृह सूचीकरण कार्य' को लेकर तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त राहुल कुमार ने डीआरडीए सभागार में किया। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण सांख्यिकीय प्रक्रिया है, जिससे सरकार की योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आधार तैयार होता है। जनगणना के दौरान 33 प्रश्न पूछे जाएंगे। सहायक निदेशक प्रियांशु तिवारी ने बताया कि पहले चरण में मकानों की सूचीकरण प्रक्रिया होगी, जिसमें आवासीय सुविधाओं और परिसंपत्तियों का डेटा एकत्र किया जाएगा। प्रशिक्षण में सीएमएमएस पोर्टल, एचएलओ और एचएलबीसी ऐप के उपयोग की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिलासपुर में सीटू ने किया विरोध-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सीटू की जिला कमेटी के नेतृत्व में मंगलवार को बिलासपुर के मेहला स्थित मैक्स कंपनी की निर्माण साइट पर गेट रैली और विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनियन प्रधान बलबीर सिंह ठाकुर और साइट कामगार यूनियन के प्रधान रविंद्र कुमार ने की। रैली को संबोधित करते हुए सीटू जिला प्रधान लखनपाल शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां मजदूर विरोधी हैं और चार लेबर कोड से श्रमिकों के अधिकार कमजोर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से श्रमिक वर्ग प्रभावित है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए प्रतिमाह तय किया जाए और चारों लेबर कोड तुरंत वापस लिए जाएं। इस दौरान मजदूरों ने नारेबाजी करते हुए श्रम संहिताओं की प्रतियां भी जलाईं। सभा में कई यूनियन नेताओं ने मजदूरों से एकजुट होकर आंदोलन तेज करने का आह्वान किया।

# 50 फुट गहरी खाई में मिली चोरी की स्कूटी पंजाब से छह महीने पहले हुई थी गायब

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** जिला ऊना के उपमंडल अंब के तहत आने वाली ग्राम पंचायत सपौरी में उस समय सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों ने करीब 50 फुट गहरी खाई में एक स्कूटी पड़ी हुई देखी। वाहन को खाई में पड़ा देखकर लोगों को किसी अनहोनी की आशंका हुई व उन्होंने तुरंत इसकी सूचना अंब पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्कूटी को बाहर निकाला और जांच शुरू की तो पता चला कि यह स्कूटी पंजाब से करीब छह महीने पहले चोरी हुई थी।

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह कुछ ग्रामीण क्षेत्र में सैर के लिए निकले थे। इसी दौरान उनकी नजर सड़क से नीचे गहरी खाई में पड़ी एक स्कूटी पर गई। खाई में वाहन दिखाई देने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने बिना देर किए मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसआई संजीव धामी के नेतृत्व में अंब पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस जांच में पता चला कि स्कूटी पर पंजाब का नंबर दर्ज है। जब वाहन का रिकॉर्ड खंगाला गया, तो यह स्कूटी पंजाब के जिला रूपनगर निवासी एक व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड पाई गई। इसके बाद अंब पुलिस ने संबंधित वाहन मालिक से संपर्क साधा। स्कूटी मालिक ने पुलिस को बताया कि उसकी स्कूटी करीब छह महीने पहले दीपावली से पूर्व चोरी हो गई थी। इस संबंध में पंजाब के आनंदपुर साहिब थाना में एफआईआर भी दर्ज करवाई गई थी। चोरी की स्कूटी के हिमाचल के एक सुनसान क्षेत्र में मिलने से अब कई सवाल खड़े हो गए हैं। मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस अधिकारी अनिल पटियाल ने बताया कि स्कूटी को कब्जे में ले लिया गया है और उसके असली मालिक से संपर्क कर लिया गया है।

# वोहरू पंचायत में निर्विरोध प्रधान बनीं मीता देवी

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत वोहरू में पंचायत चुनावों के दौरान सर्वसम्मति की मिसाल देखने को मिली है।

ग्राम पंचायत वोहरू की मीता देवी पत्नी राजेश कुमार कांग्रेस समर्थक उम्मीदवार के रूप में निर्विरोध पंचायत प्रधान चुनी गई हैं। पंचायत में हुए इस शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण चयन को क्षेत्र में लोकतंत्र और सामाजिक एकता की बड़ी मिसाल माना जा रहा है, पंचायत के लोगों ने आपसी सहमति और भाईचारे के साथ पंचायत प्रतिनिधियों के चयन का उदाहरण पेश किया है, उसकी पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है। प्रधान पद के अलावा पंचायत के पांच वार्डों में से तीन वार्ड सदस्य भी निर्विरोध चुने गए हैं। इनमें रविंदर कुमार, ममता देवी और पूजा देवी शामिल हैं। पंचायत में निर्विरोध चुने गए



◆ पांच वार्डों में से तीन वार्ड सदस्य भी निर्विरोध चुने

प्रतिनिधियों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा विशेष रूप से पहुंचे। विधायक विवेक शर्मा ने नव निर्वाचित पंचायत प्रधान और वार्ड सदस्यों को सम्मानित कर उन्हें बधाई दी तथा पंचायत की जनता का आभार व्यक्त किया।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में सर्वसम्मति से पंचायत प्रतिनिधियों के चयन की परंपरा को बढ़ावा देना उनका प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव लोकतंत्र का पर्व होते हैं व यदि गांव के लोग आप सी भाईचारे विकास की भावना के साथ सर्वसम्मति से प्रतिनिधियों का चयन करते हैं, तो इससे गांव में एकता व विकास दोनों को मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत वोहरू में जनता ने जिस प्रकार समझदारी और आपसी सहयोग का परिचय दिया है, वह अन्य पंचायतों के लिए भी प्रेरणा दायक है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि अभी पंचायत के दो वार्ड सदस्य चुनावी मैदान में हैं, लेकिन प्रयास किया जा रहा है कि वहां भी सर्वसम्मति बन जाए ताकि पूरी पंचायत निर्विरोध चुनी जा सके।

# बडैहर स्कूल के स्टूडेंट्स ने बोर्ड परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बडैहर के विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के छात्र जसप्रीत सिंह ने 97.57 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञान सिंह रायजादा ने विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के सम्मान में आयोजित समारोह के दौरान दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय की छात्रा जसप्रीत कौर ने 96.57 प्रतिशत तथा छात्रा सिमरन ने 91.71 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से अभिभावकों के साथ-साथ विद्यालय परिवार भी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। प्रधानाचार्य ने बताया कि कुल 700 अंकों में से जसप्रीत सिंह ने 683 अंक, जसप्रीत कौर ने 676 अंक तथा सिमरन ने 642 अंक अर्जित किए हैं।

# बिलासपुर में पंचायतीराज और नगर निकाय चुनावों का माहौल गर्म

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** जिले में पंचायत और नगर निकाय चुनावों को लेकर राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है। गांवों से लेकर शहरों तक चुनावी सरगर्मियां तेज हैं और उम्मीदवार जनसंपर्क में जुट गए हैं। इस बार जिले में लाखों मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी निभाएंगे। जिला प्रशासन और निर्वाचन विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार पंचायतीराज संस्थाओं के लिए जिले की 173 ग्राम पंचायतों में कुल 3,13,888 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 1,57,692 पुरुष और 1,56,196 महिला मतदाता शामिल हैं। खास बात यह है कि इस बार बड़ी संख्या में युवा मतदाता पहली बार वोट डालेंगे, जिससे चुनावी मुकाबला और दिलचस्प होने की उम्मीद है। वहीं, पहली बार मतदान करने वाले युवा लोकतंत्र के इस उत्सव में भागीदारी निभाने को लेकर काफी उत्साहित हैं।

◆ लोकतंत्र का महापर्व तैयार, लाखों मतदाता करेंगे मतदान

## नगर निकाय चुनावों में 16,782 करेंगे मतदान

जिले के चार शहरी निकायों म्युनिसिपल काउंसिल बिलासपुर, म्युनिसिपल काउंसिल घुमारवीं , म्युनिसिपल काउंसिल श्री नयना देवी और नगर पंचायत तलाई में कुल 16,782 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 8,400 पुरुष, 8,381 महिला और एक ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। निर्वाचन विभाग की विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान 12 नए मतदाताओं को भी मतदाता सूची में जोड़ा गया है।

## नगर परिषद बिलासपुर में सबसे ज्यादा मतदाता

जिले की सबसे बड़ी शहरी निकाय म्युनिसिपल काउंसिल बिलासपुर में कुल 9,548 मतदाता मतदान करेंगे। बिलासपुर में पूर्व विधायक बंबर ठाकुर और वर्तमान विधायक त्रिलोक जम्वाल के समर्थकों के बीच महत्वपूर्ण मुकाबला माना जा रहा है इनमें 4,705 पुरुष, 4,842 महिला और एक ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल है। यहां 11 वार्डों के लिए 11 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

## घुमारवीं नगर परिषद में कांटे की टक्कर के संकेत

**म्युनिसिपल** काउंसिल घुमारवीं में कुल 4,793 मतदाता चुनाव में भाग लेंगे। सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी का घुमारवीं चुनाव क्षेत्र में वर्चस्व होने के कारण नगर परिषद में कांटे की टक्कर के संकेत मिल रहे हैं। यहां पर 2,443 पुरुष और 2,350 महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे क्षेत्र में नौ वार्डों के लिए नौ मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

## श्री नयना देवी जी नप में 689 मतदाता तय करेंगे भविष्य

**म्युनिसिपल** काउंसिल श्री नयना देवी जी में कुल 689 मतदाता मतदान करेंगे, जिनमें 368 पुरुष और 321 महिला मतदाता शामिल हैं। यहां सात वार्डों के लिए सात मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वहीं, नगर पंचायत तलाई में विधायक भाजपा से संबंधित जीतराम कटवाल तथा कांग्रेस में अपनी पैठ बेहतर स्थापित कर चुके विवेक कुमार के मध्य खुला मुकाबला है। इस क्षेत्र में कुल 1,752 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## पहली बार वोट डालने को उत्साहित युवा

**चुनाव** विभाग के अनुसार इस बार नए मतदाताओं में खास उत्साह देखा जा रहा है। पहली बार मतदान करने वाले युवा लोकतंत्र के इस उत्सव में भागीदारी निभाने को लेकर काफी उत्साहित हैं। प्रशासन ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। अब पूरे जिले की नजर मतदान दिवस पर टिकी है, जहां गांव की चौपालों से लेकर शहरों की गलियों तक लोकतंत्र की असली ताकत देखने को मिलेगी।

# कोल वैली इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में मनाया नर्सेस वीक



इनडोर और आउटडोर खेल स्पर्धाएं भी करवाईं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** कोल वैली इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में 6 मई से 12 मई तक नर्सेस वीक मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान में सप्ताह भर विभिन्न सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त उपनिदेशक कृषि डॉ. धर्मपाल गौतम तथा एमबीबीएस डॉक्टर साक्षी रहे। उन्होंने नर्सिंग पेशे की महत्ता पर प्रकाश डाला और समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। नर्सेस वीक के दौरान वार्षिक समारोह, पुरस्कार वितरण समारोह, शपथ ग्रहण समारोह तथा विभिन्न इनडोर और आउटडोर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और खेल गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के प्रबंध निदेशक प्रकाश ठाकुर, निदेशक अंजना ठाकुर, सहायक निदेशक सोनिका ठाकुर, सचिव प्रीति, प्रिंसिपल नम्रता नेगी तथा सभी अध्यापकगण पूरे समारोह के दौरान उपस्थित रहे।

### सिमुलेशन आधारित एंडोस्कोपी ट्रेनिंग से डॉक्टरों को मिला अत्याधुनिक अनुभव


# एम्स बिलासपुर ने चिकित्सा शिक्षा में जोड़ा नया अध्याय

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसस बिलासपुर लगातार स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। इसी कड़ी में संस्थान के सामान्य सर्जरी विभाग की ओर से 'सिमुलेशन आधारित हैंड्स-ऑन बेसिक एंडोस्कोपी कोर्स' का सफल आयोजन किया गया।

यह कार्यशाला केवल प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं रही, बल्कि संस्थान की चिकित्सा उपलब्धियों और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का उत्सव भी बनी। संस्थान के कार्यकारी निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. दलजीत सिंह के कुशल नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश वर्मा और डीन अकादमिक डॉ. रूपाली पार्लेवार ने विशेष रूप से भाग लिया।

कार्यक्रम का संचालन फैकल्टी समन्वयक डॉ. मोहिम ठाकुर ने विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश वर्मा के मार्गदर्शन में किया। कार्यशाला की सबसे बड़ी विशेषता इसका सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण मॉडल रहा। इसमें रेजिडेंट डॉक्टरों और फैकल्टी सदस्यों को इंसानी शरीर जैसे दिखने वाले अत्याधुनिक मैनकिन पर एंडोस्कोपी की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने एंडोस्कोपी के सिद्धांतों, तकनीकी पहलुओं और आधुनिक प्रक्रियाओं पर विस्तार से व्याख्यान दिए। इसके साथ ही एंडोस्कोप की सफाई और कीटाणुशोधन की वैज्ञानिक प्रक्रिया को भी बारीकी से समझाया गया, ताकि सर्जरी के दौरान संक्रमण के खतरे को न्यूनतम किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान सामान्य सर्जरी विभाग ने अपनी उपलब्धियों की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। विभाग ने गर्व के साथ जानकारी दी कि संस्थान में अब तक 672 एंडोस्कोपी प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक पूरी की जा चुकी हैं। इस उपलब्धि के पीछे कार्यरत सपोर्ट स्टाफ की भूमिका को भी सराहा गया। उत्कृष्ट सेवाओं और समर्पण के लिए सहायक कर्मचारियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रमों से डॉक्टरों का आत्मविश्वास बढ़ता है और मरीजों को अधिक सुरक्षित एवं उच्च स्तरीय उपचार उपलब्ध हो पाता है। कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों ने भी माना कि सिमुलेशन आधारित ट्रेनिंग से वास्तविक ऑपरेशन के दौरान आने वाली चुनौतियों को समझने और उनसे निपटने में काफी सहायता मिलेगी।



कार्यशाला में मैनकिन पर हुआ एंडोस्कोपी का लाइव अभ्यास। अनंत ज्ञान

# गेहड़वीं पंचायत में 'फैमिली पावर गेम'

### प्रधान पद पर श्वेता गौतम, पति दिनेश गौतम लड़ेंगे उपप्रधान का चुनाव

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** प्रदेशभर में पंचायत चुनावों का माहौल गर्म है, लेकिन जिला बिलासपुर की गेहड़वीं पंचायत इस समय सबसे ज्यादा चर्चाओं में बनी हुई है। वजह है भाजपा विचारधारा से जुड़े एक पति-पत्नी की जोड़ी, जिसने पंचायत की दो सबसे ताकतवर कुर्सियों पर एक साथ दावा ठोंक कर पूरे इलाके की राजनीति में हलचल मचा दी है।

गेहड़वीं पंचायत से श्वेता गौतम ने प्रधान पद के लिए नामांकन दाखिल किया है, जबकि उनके पति दिनेश गौतम ने उपप्रधान पद के लिए चुनावी ताल ठोंक दी है। एक ही परिवार के दो सदस्य, और वह भी पति-पत्नी, पंचायत की सत्ता के केंद्र माने जाने वाले दोनों अहम पदों पर चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में यह जोड़ी पूरे क्षेत्र में चर्चा का सबसे बड़ा विषय बन गई है।

गांव की चौपालों, बाजारों और सोशल मीडिया तक अब बस एक ही सवाल गूंज रहा है। 'क्या गेहड़वीं पंचायत की पूरी सत्ता एक ही घर के हाथों में जाएगी। जानकारी के अनुसार प्रधान पद के लिए चार प्रत्याशी मैदान में हैं, जबकि उपप्रधान पद पर भी कांटे की टक्कर मानी जा रही है। लेकिन सबसे ज्यादा सुर्खियां भाजपा समर्थित इस दंपति की रणनीति बटोर रही है। राजनीतिक जानकार इसे पंचायत चुनाव का 'मास्टर स्ट्रोक' मान रहे हैं, तो विरोधी इसे परिवारवाद का नया चेहरा बताकर सवाल खड़े कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पति-पत्नी का एक साथ चुनाव मैदान में उतरना पंचायत राजनीति में पहली बार देखने को मिल रहा है। वहीं समर्थकों का दावा है कि दोनों लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं और जनता का उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है। अब देखना दिलचस्प होगा कि गेहड़वीं पंचायत की जनता इस 'डबल इंजन फैमिली फॉर्मूले' पर भरोसा जताती है या चुनावी मुकाबले में कोई नया समीकरण उभरकर सामने आता है।

◆ गांव की राजनीति में मचा घमासान

◆ पति-पत्नी की जोड़ी बनी चुनावी चर्चा का केंद्र

फिलहाल, नामांकन के साथ ही इस जोड़ी ने पंचायत चुनाव को पूरी तरह हाई-प्रोफाइल बना दिया है। गेहड़वीं पंचायत में इस बार पंचायत चुनाव बेहद दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है।

## भाजपा से निष्कासित पूर्व मंत्री मार्कंडेय की वापसी की कोई संभावना नहीं : रवि ठाकुर

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, केलांग। पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि ठाकुर ने कहा कि भाजपा से निष्कासित पूर्व मंत्री रामलाल मार्कंडेय डेढ़ वर्ष से झूठे दावे कर अपने समर्थकों को भ्रमित कर रहे हैं।

मंगलवार को केलांग में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान रवि ठाकुर ने कहा कि रामलाल मार्कंडेय लगातार अपने समर्थकों और जनता को यह कहकर गुमराह कर रहे हैं कि उनकी पार्टी में वापसी होने जा रही है, जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा में उनकी वापसी की किसी प्रकार की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन इस मुद्दे पर स्पष्ट है और पार्टी में वापसी को लेकर कोई चर्चा नहीं चल रही है। उन्होंने प्रदेश की भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष में लाहौल-स्पीति के लिए एक रुपए का भी बजट प्रावधान नहीं किया गया है, जिसके चलते विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला में विकास की गति पूरी तरह से थम गई है। रवि ने कहा कि पंचायत चुनाव के दौरान भाजपा कार्यकर्ता व समर्थित प्रत्याशी घर-घर जाकर केंद्र सरकार द्वारा लाहौल-स्पीति में किए जा रहे विकास कार्यों और खर्च किए जा रहे करोड़ों रुपए की जानकारी जनता तक पहुंचाएंगे।

उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार के सहयोग से जिले में कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाएं संचालित हो रही हैं। उन्होंने लाहौल-स्पीति की जनता से अपील करते हुए कहा कि पंचायत चुनाव में विकास के मुद्दे पर भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को समर्थन दें। रवि ठाकुर ने विश्वास जताया कि इस बार जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों में भाजपा समर्थित प्रत्याशी जीत दर्ज करेंगे।

# पहाड़ों में हल्की बर्फबारी, मौसम हुआ सुहावना

### कुल्लू व लाहौल-स्पीति में तापमान में आई गिरावट, लाहौल के निचले क्षेत्रों में भी गिरे बर्फ के फाहे

अनंत ज्ञान

कमलेश वर्मा, केलांग/कुल्लू। कुल्लू व लाहौल-स्पीति में मंगलवार को मौसम ने सुबह ही करवट बदली और दोनों जिला की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई। साथ ही लाहौल के निचले क्षेत्रों में भी आसमान से बर्फ के सफेद फाहे गिरे।

वहीं, कुल्लू जिला के निचले क्षेत्रों बूंदाबांदी होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। 13,050 फीट रोहतांग दर्रा व इसके आसपास की ऊंची पहाड़ियों में भी बर्फ के फाहे गिरने गिरे हैं। लाहौल घाटी में हुई ताजा बर्फबारी से सौंदर्य निखर गया है। रोहतांग दर्रा के साथ कुंजम और बारालाचा में बर्फ गिरी है। वहीं, जिला कुल्लू में कुछ जगह हल्की बारिश होने से किसानों ने राहत की सांस ली है जबकि कुछ जगह अंधड़ व ओले गिरने से फसलों को नुकसान भी हुआ है। उधर, रोहतांग दर्रा सहित लाहौल की ऊंची चोटियों पर ताजा बर्फबारी हुई है। लाहौल के निचले इलाकों में भी हल्की बर्फबारी हुई है। इससे



लाहौल घाटी के निचले क्षेत्र में हो रही हल्की अनंत ज्ञान

आलू की बिजाई कर रहे किसानों के लिए संजीवनी बनी है। मनाली के निचले इलाकों में हल्की बारिश की फुहारें गिरी हैं। मई माह के दूसरे सप्ताह में मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के बाद कुल्लू व लाहौल-स्पीति का तापमान गिर गया है। तापमान में गिरावट के चलते लोगों को गर्मी से निजात मिली है। साथ ही साथ अंधड़, तूफान व ओलावृष्टि से भारी नुकसान भी हो रहा है। मंगलवार को मनाली की ऊंची चोटियों सहित मकरवे, शिकरवे, सेवन सिस्टर पीक, मनाली पीक, लदाखी पीक, हनुमान टिब्बा, देउ टिब्बा, मांगन कोट में ताजा बर्फबारी हुई है। रोहतांग सहित कुल्लू, लाहौल की ऊंची चोटियों पर हिमपात का सिलसिला इस बार अप्रैल व मई में रुक रुक कर जारी रहा है। वहीं दूसरी ओर निचले कुछ इलाकों में अंधड़ ने बागवानों को परेशान कर रखा है। अंधड़ से लगातार बागवानों व किसानों को सीजन से पहले ही नुकसान उठाना पड़ रहा है। बीते दिन अंधड़ व ओले गिरने से फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। लिहाजा, मई माह में मौसम सुहावना है और कुल्लू व लाहौल घाटी में निचले क्षेत्रों में बारिश व पहाड़ों में बर्फबारी होने से मौसम कूल कूल हो गया है । जिससे पर्यटकों की संख्या में भी लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। देश के अन्य राज्य गर्मी की तपिश से तप रहे हैं ऐसे में पर्यटक कुल्लू मनाली सहित हिमाचल के अन्य पर्यटन स्थलों में पहुंच रहे हैं और यहां पर मौसम ठंडा होने से पर्यटक राहत की सांस ले रहे हैं।

## जनगणना कार्य को गंभीरता से लें ट्रेनर : अश्वनी कुमार

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, कुल्लू। जनगणना-2027 को त्रुटिरहित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला कुल्लू के फील्ड ट्रेनरों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बचत भवन के बहुउद्देशीय हाल में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार ने की। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में प्रशिक्षण कार्यक्रमों की अहम भूमिका होती है और प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनर ही इसकी सफलता की नींव होते हैं। उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 के लिए जिला में में नियुक्त फील्ड ट्रेनरों को तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। उन्होंने सभी ट्रेनरों से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता से समझें, ताकि फील्ड में कार्य करते समय किसी प्रकार की कठिनाई न आए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनगणना से जुड़ी सभी जानकारियां पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाएंगी। उन्होंने जिला वासियों से आग्रह किया कि वे जनगणना अधिकारियों को सही व पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाएं। उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 में पहली बार स्व-गणना पद्धति लागू की जा रही है, जिसके तहत नागरिक वेब पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

प्रशिक्षण शिविर में मास्टर ट्रेनर उत्कर्ष यादव सहायक निदेशक सीजीओ तथा सीजीओ शिमला के प्रत्यूष सिंह ने फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण प्रदान किया। इसमें फील्ड ट्रेनरों को जनगणना के कानूनी पहलुओं तथा प्रश्नावली भरने के तरीकों, ले -आउट मैप्स, मोबाइल एप पर डाटा सिंक सहित विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्रदान की। यह कार्यक्रम तीन दिन चलेगा। इस अवसर पर जिला राजस्व अधिकारी सुरभि नेगी भी उपस्थित रहीं।

## क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज में नर्सेज वीक धूमधाम से मनाया

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज, ढालपुर कुल्लू में मंगलवार को आयोजित नर्सेज वीक का अंतिम दिवस बड़े उत्साह, उमंग व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

नर्सेज वीक के समापन अवसर पर कॉलेज परिसर में विभिन्न प्रकार की मनोरंजक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मंगलवार को आयोजित किए गए गेम्स प्रतियोगिताओं में जेंगा, चेस, कैरम तथा ऊनो जैसी रोचक खेल प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने खेल भावना, एकाग्रता एवं टीम वर्क का परिचय दिया। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत डांस प्रतियोगिता, माइम प्रतियोगिता तथा रोल प्ले प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिन्होंने पूरे वातावरण को उत्साह व मनोरंजन से भर दिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

इस सफल आयोजन में कॉलेज की एसोसिएट डायरेक्टर ज्योति मार्या मसीह और ऑफिशिएटिंग एसोसिएट डायरेक्टर तथा ऑफिशिएटिंग एसोसिएट डायरेक्टर सैमुअल मसीह का विशेष योगदान रहा। साथ ही कॉलेज के समस्त अध्यापकों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कॉलेज प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा इस सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। नर्सेज वीक के समापन समारोह ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास एवं उत्साह का संचार किया।




प्रशिक्षु छात्राएं लघु नाटक की प्रस्तुति देती हुई। अनंत ज्ञान

## विकास खंड लाहौल में पंचायतीराज चुनाव में विभिन्न पदों के लिए 429 नामांकन पत्र दाखिल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। डीसी व जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) लाहौल स्पीति किरण भड़ाना ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला के लाहौल उपमंडल में पंचायत चुनाव के लिए नामांकन के लिए निर्धारित तिथियों में कुल 429 प्रतिशियों ने जिला परिषद पंचायत समीति, पंचायत प्रधान, उप-प्रधान एवं वार्ड सदस्य के पदों के लिए अपने नामांकन भरे हैं।

उन्होंने बताया कि जिला परिषद वार्ड उदयपुर तथा कोलोंग, त्रिलोकनाथ से प्रत्येक से दो-दो प्रतिशियों, वार्ड जहालमा, केलंग सिस्सु तथा वारपा से एक -एक प्रत्याशियों ने जिला परिषद पद के लिए नामांकन दर्ज करवाया है। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति के लिए उदयपुर तथा तिंगरट, मूरिंग, जहालमा, केलंग में प्रत्येक से एक - एक प्रत्याशी , पंचायत समिति त्रिलोकनाथ, गोशाल कोलोंग प्रत्येक से दो - दो प्रत्याशी, पंचायत समिति तिन्दी व कारदंग प्रत्येक से तीन -तीन प्रत्याशी व गोहरमा पंचायत समिति के अंतर्गत 4 प्रत्याशियों ने पंचायत समिति चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरा है। जिला लाहौल-स्पीति में पंचायत चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन 67, दूसरे दिन 167 तथा तीसरे दिन 195 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। इस प्रकार तीन दिनों में कुल 429 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न पदों के लिए प्राप्त नामांकन पत्रों में लाहौल विकास खंड में जिला परिषद सदस्य के लिए 10, पंचायत समिति सदस्य के लिए 21, पंचायतों से प्रधान पद के लिए 15, उपप्रधान पद के लिए 35 तथा वार्ड सदस्य पद के लिए 114 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। प्रशासन द्वारा नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण व सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी।

## मनाली में पर्यटकों को हुड़दंग पड़ा भारी, काटा 2500 का चालान

### वाहन के सनरूफ से बाहर निकलकर जान जोखिम में डालने के साथ मचा रहे थे हुड़दंग

अनंत ज्ञान



मनाली। प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मनाली में इन दिनों सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ रही है, लेकिन उत्साह के बीच कुछ पर्यटक यातायात नियमों को ताक पर रखकर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं और ऐसे पर्यटकों पर मनाली पुलिस पूरी नजर बनाए हुए है और समय समय पर कार्रवाई भी पुलिस द्वारा अमल में लाकर पर्यटकों को सबक भी सिखाया जा रहा है। ऐसा ही मामला मंगलवार को मनाली में सामने आया है, जिसमें ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करना कुछ पर्यटकों को भारी पड़ गया।

चलती गाड़ी के सनरूफ से बाहर निकलकर स्टंट करना और नियमों की अवहेलना करने पर मनाली पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए 2500 का चालान काटा है। अक्सर देखा जाता है कि मनाली की वादियों का आनंद लेने के लिए पर्यटक चलती गाड़ियों के सनरूफ से बाहर निकलकर फोटो खिंचवाते हैं या रील बनाते हैं। पुलिस के अनुसार, यह न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक भी है। हालिया मामले में, मनाली की सड़कों पर हुड़दंग मचा रहे पर्यटकों पर नजर पड़ते ही पुलिस ने उन्हें रोक लिया व मौके पर ही भारी जुर्माना वसूल किया।

### डीएसपी मनाली की दो टूक अपील

इस मामले पर कड़ा संज्ञान लेते हुए, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने पर्यटकों को स्पष्ट संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस पर्यटकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन नियमों से समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मनाली में सभी पर्यटकों का हार्दिक स्वागत है, लेकिन मनाली पुलिस की पर्यटकों से अपील है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि चलती गाड़ी के सनरूफ से बाहर निकलना आपकी जान के लिए खतरा हो सकता है व दूसरों को भी असुविधा देता है। नियमों को तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### एमसी चुनाव के लिए रोहित को बड़ी जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मंडी नगर निगम चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार की स्वीकृति के बाद युवा नेता रोहित वत्स धामी को मंडी नगर निगम चुनाव के लिए वॉर रूम इंचार्ज व सोशल मीडिया इंचार्ज नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू की गई है। इसकी आधिकारिक घोषणा हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संगठन) विनोद जिंटा द्वारा जारी पत्र के माध्यम से की गई। रोहित वत्स धामी की नियुक्ति को युवा नेतृत्व व संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के रूप में देखा जा रहा है। कांग्रेस पार्टी को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में चुनावी रणनीति, सोशल मीडिया अभियान व संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी।

### 19 मई को सीनियर महिला क्रिकेट टीम का ट्रायल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। जिला क्रिकेट संघ कुल्लू द्वारा आगामी सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए टीम चयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिले की प्रतिभाशाली महिला खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का मौका देने के लिए मंगलवार को ढालपुर मैदान कुल्लू में ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। संघ के महासचिव शिव कपूर ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रायल सुबह 11 बजे शुरू होंगे, जबकि सभी खिलाड़ियों को सुबह 10 बजे तक मैदान में पहुंचकर अपना पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा। ट्रायल में भाग लेने वाली खिलाड़ियों को 500 रुपए प्रवेश शुल्क जमा करवाना होगा। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों के लिए हिमाचली प्रमाण पत्र व आधार कार्ड के मूल दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य रहेगा। चयन प्रक्रिया के दौरान खिलाड़ियों की क्रिकेट प्रतिभा, फिटनेस व प्रदर्शन के आधार पर टीम का गठन किया जाएगा। संघ के अध्यक्ष दानवेंद्र सिंह और महासचिव शिव कपूर ने जिले की सभी इच्छुक महिला खिलाड़ियों से ट्रायल में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह मंच महिला खिलाड़ियों के लिए प्रदेश स्तर पर अपनी पहचान बनाने और आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर साबित होगा।

### 1, 22 व 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण किन्नौर ने बताया कि न्याय को सरल व सुलभता से प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने व आपसी सहमति से न्याय प्रदान करने के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह का आयोजन 21 अप्रैल से आरंभ किया जा चुका है व इसका समापन 21, 22 व 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत के आयोजन से होगा। विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर में किया जाएगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों को शामिल किया जाएगा। इससे पूर्व सुलह का प्रयास करने के लिए बैठक आयोजित की जाएगी। इन सुलह बैठकों का आयोजन राज्य/जिला/तालुका/उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकार समिति स्थित मध्यस्थता केंद्र में किया जाएगा। सभी अधिवक्तागण, वादकारियों तथा अन्य सभी संबंधित पक्षों को इस अभियान के लिए आमंत्रित किया गया है। विशेष लोक अदालत में अपना मामला शामिल करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट httpsÑ//www.sci.gov.in पर गूगल फॉर्म उपलब्ध है। गूगल फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 मई, 2026 है। अधिक जानकारी के लिए समाधान समारोह के लिए बनाए गए वार रूम पर 011-23115652, 011-23116464 पर संपर्क कर सकते हैं।

### 20 तक आधार को बैंक खाते से लिंक कराएं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांग पेंशन प्राप्त कर रहे सभी पात्र लाभार्थियों के लिए अपने आधार नंबर को बैंक अथवा डाकघर खाते के साथ लिंक करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही से पेंशन राशि का भुगतान आधार पेमेंट ब्रिज सिस्टम के माध्यम से किया जाएगा। इस नई व्यवस्था के तहत पेंशन की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से हस्तांतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन लाभार्थियों ने अभी तक अपने आधार नंबर को बैंक अथवा डाकघर खाते से लिंक नहीं करवाया है, वे जल्द अपने संबंधित बैंक या डाकघर में जाकर यह प्रक्रिया 20 मई तक अवश्य पूरी करें, ताकि पेंशन वितरण में किसी प्रकार की बाधा न आए। जिला कल्याण अधिकारी ने बताया कि आधार आधारित भुगतान प्रणाली लागू होने से पेंशन वितरण प्रक्रिया अधिक सरल, सुरक्षित व पारदर्शी बनेगी। इससे लाभार्थियों को समय पर पेंशन प्राप्त होगी तथा भुगतान में होने वाली तकनीकी एवं प्रशासनिक समस्याओं में भी कमी आएगी।उन्होंने सभी पंचायत प्रतिनिधियों, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों से भी अपील की है कि वे पात्र लाभार्थियों को इस संबंध में जागरूक करें।

## सीजन से पहले सड़कों की दयनीय स्थिति को सुधारा जाए: करतार सिंह गुलेरिया

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, भुंतर। दि लोअर कुल्लू किसान-बागवान संगठन भुंतर की बैठक अध्यक्ष करतार सिंह गुलेरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

करतार सिंह गुलेरिया ने प्रदेश सरकार से और जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि सेब सीजन से पहले गांव की मूलभूत समस्या सड़कों की दयनीय स्थिति की हालत को सुधारना अति आवश्यक है। इसके साथ परिवहन व खाद बीज की उपलब्धता पर भी चर्चा की गई। अध्यक्ष ने बैठक में घाटी के हजारों किसान बागवानों की सब्जियों, फल फ्रुट, मंडियों तक कैसे पहुंचाया जाए इस पर भी मंथन किया। बैठक में मुख्य रूप से आने वाले सेब सीजन में किसान बागवानों का उत्पाद को लेकर मंडियों तक कैसे पहुंचाया जाए और उचित दाम, परिवहन व्यवस्था, खाद, बीज, कीटनाशक की दवाइयां को समय पर उपलब्धता आदि जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की गई। गुलेरिया ने कहा कि हर साल सीजन के दौरान सड़कों की दयनीय स्थिति से किसान बागवानों को अपना उत्पाद ढुलाई करने में कई दिक्कतों का




सामना करना पड़ रहा है। किसानों का उत्पाद मंडियों में समय पर न पहुंचने पर बागवानों को आर्थिक रूप से नुकसान झेलना पड़ रहा है।

करतार सिंह गुलेरिया ने कहा कि कुल्लू घाटी की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से बागवानी पर टिकी हुई है, अगर किसान बागवानों को सीजन में अच्छे दाम व सुविधा नहीं मिली, तो घाटी का किसान बागवानों का आर्थिक ढांचा कमजोर होगा। इस विषय पर सरकार व प्रशासन को अभी से ही ठोस कदम उठाने होंगे, संगठन के कार्यकारिणी सदस्यों ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि मंडियों में अतिरिक्त स्टाफ तैनात किए जाए व कोल्ड स्टोरेज की सुविधा पर भी ध्यान रखा जाए। किसान बागवानों को सही समय पर बागवानों को सब्सिडी मिले साथ में फसल बीमा ओर प्राकृतिक आपदा के मुआवजे को लेकर भी स्पष्ट नीति बनाने पर ध्यान दिया जाए। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर सरकार को ज्ञापन भेजने का फैसला लिया गया। किसानों ने सरकार व प्रशासन को चेताया कि अगर किसान-बागवानों की मांग पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए, तो घाटी के किसान-बागवानों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ सकता है। दि लोअर कुल्लू किसान-बागवान संगठन के कार्यकारिणी सदस्यों ने मांग करते हुए कहा कि जिला प्रशासन जल्द ही इस विषय पर संयुक्त बैठक रखी जाए, ताकि घाटी के हजारों किसान-बागवानों को अपने उत्पाद मंडियों तक कैसे पहुंचाया जाए, गत वर्ष भी घाटी के किसान-बागवानों को अपने उत्पाद पीठ पर ढोने से आर्थिक स्थिति से नुकसान झेलना पड़ा था। बैठक में नव निर्वाचित उपाध्यक्ष देवी सिंह, डोला सिंह महंत, चंद्रवलब शर्मा दीपक भल्ला, देवी सिंह भाग चंद, धर्म चंद, धनवंत मियां, नरेश कुमार, तारा ठाकुर, अजय पाल, हरीश ठाकुर, सचिव महामंत्री भूप सिंह ठाकुर आदि ने अपने विचार रखे।

## पंचायत चुनाव निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शी ढंग से करवाने के दिए निर्देश : किरण भड़ाना

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, केलांग। पंचायत चुनावों को निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से जिला उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने मंगलवार को तांदी क्षेत्र का दौरा कर नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटनी) प्रक्रिया का गहन निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने तांदी तथा मालंग पंचायतों में चल रही चुनावी प्रक्रिया का विस्तृत जायजा लिया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान डीसी ने सहायक रिटर्निंग अधिकारियों (एआरओ) से नामांकन पत्रों की जांच संबंधी प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक नामांकन पत्र की अत्यंत सावधानीपूर्वक व नियमों के अनुरूप जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की तथ्यात्मक त्रुटि या प्रक्रियागत अनियमितता की गुंजाइश न रहे। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं तथा इन्हें स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों व नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह विश्वसनीय व पारदर्शी बनी रहे। उन्होंने कहा कि चुनाव संबंधी सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं व अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीसी ने चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों से पूरी निष्पक्षता, सतर्कता व जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। जिला प्रशासन द्वारा पंचायत चुनावों को लेकर सुरक्षा, पारदर्शिता व सुचारू संचालन के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

## डीसी ने शिक्षा गुणवत्ता सहित अन्य पाई कमियों पर सुधार के दिए सख्त निर्देश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने मंगलवार को ग्राम पंचायत तांदी की राजकीय प्राथमिक पाठशाला का आकस्मिक निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक व प्रशासनिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षा में जाकर विद्यार्थियों से बातचीत की तथा विद्यालय में पढ़ाई की गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, स्वच्छता व्यवस्था तथा स्कूल संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी विद्यालय की शिक्षिका से प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त द्वारा विद्यालय संचालन में कमियां पाई, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध करवाना विद्यालय प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है तथा शिक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने पाठशाला में उपस्थित बच्चों को निशुल्क पाठय पुस्तकें अविलंम्व उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

**शुभारंभ** घुड़दौड़ में ध्यान साधना शिविर का सुधांशु जी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया आगाज

# स्वयं को गढ़ें, मूल्यवान बनाएं, आपसे कीमती कुछ और नहीं





साधना धाम' में विशेष ध्यान साधना शिविर के दौरान सुधांशु जी महाराज सहित देशभर के साधक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू जिले के मनाली स्थित 'साधना धाम' में एकदिवसीय से लेकर एक माह तक चलने वाले विशेष ध्यान साधना शिविर का भव्य शुभारंभ हुआ। विश्व जागृति मिशन के अध्यक्ष सुधांशु जी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर इस साधना सत्र का विधिवत आगाज किया। मनाली के घुड़दौड़ स्थित सुरम्य साधना धाम में आयोजित इस शिविर में 5 दिवसीय, 15 दिवसीय और एक माह की साधना के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में साधक एकत्रित हुए हैं।

### भक्ति और साधना का दिव्य संगम

कार्यक्रम के दौरान गुरुग्राम (हरियाणा) से आए साधक नवीन श्रीवास्तव सहित अनेक श्रद्धालुओं ने महाराज का अभिनंदन किया। विश्व जागृति मिशन के अंतरराष्ट्रीय महामंत्री देवराज कटारिया ने बताया कि मिशन विगत कई वर्षों से साधकों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के संवर्धन के लिए मनाली के शांत वातावरण में इस शिविर का आयोजन करता आ रहा है। उन्होंने सभी साधकों के लिए सुख-समृद्धि और गुरु कृपा की मंगल कामना की। आगामी एक माह तक चलने वाले इस शिविर में विभिन्न सत्रों के माध्यम से साधकों को ध्यान, योग व अध्यात्म की गहराइयों से जोड़ा जाएगा, ताकि वे अपने शेष जीवन को निरोग और महत्वपूर्ण बनाकर सकें।

### जीवन को 'बेशकीमती' बनाने का मंत्र

शिविर के प्रथम दिन साधकों को संबोधित करते हुए सुधांशु जी महाराज ने आत्म-मूल्य और समय के महत्व पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य अक्सर आने वाले कल की प्रतीक्षा में अपने वर्तमान को खो देता है। दुनिया में आपसे अधिक कीमती और कुछ भी नहीं है, जब तक आप स्वयं को गढ़ना शुरू नहीं करेंगे, जीवन में कोई वास्तविक परिवर्तन संभव नहीं है। उम्र बीत जाने के बाद पछताने से बेहतर है कि आज ही अपने स्वर्णिम अवसर को पहचानें। महाराज ने साधकों को सुखी जीवन के लिए व्यावहारिक सूत्र दिए। अपने वक्त व सेहत को व्यर्थ न गवाएं। प्रतिदिन कम से कम एक घंटा अपने शरीर व स्वास्थ्य के लिए अवश्य निकालें। चेहरे पर प्रसन्नता और भीतर आनंद की अनुभूति ही आपकी असली पहचान है। परमात्मा से अपनी भूलों के लिए क्षमा मांगते हुए खुद को बेहतर बनाने की शक्ति मांगें।

## जिला परिषद चुनाव में भाजपा-कांग्रेस की अंदरूनी कलह खुलकर सामने, कई नेता बगावती तेवर में

अनंत ज्ञान

जितेंद्र गुप्ता, आनी। आनी विधानसभा क्षेत्र के लझेरी व बखनाओं जिला परिषद वार्डों में भाजपा व कांग्रेस द्वारा समर्थित प्रत्याशियों की घोषणा के बाद दोनों दलों में अंदरूनी कलह खुलकर सामने आ गई है। टिकट वितरण व समर्थन को लेकर नेताओं व कार्यकर्ताओं में नाराजगी बढ़ती दिख रही है, जिससे चुनावी मुकाबला और रोचक हो गया है। भाजपा ने लझेरी वार्ड से आशा ठाकुर व बखनाओं वार्ड से योगिंदर सिंह को समर्थन दिया है, जबकि कांग्रेस ने लझेरी से रीमा ठाकुर तथा बखनाओं से डॉ. सुनील कुमार पर दांव खेला है। प्रत्याशियों की घोषणा के बाद कई दावेदारों व उनके समर्थकों ने खुलकर विरोध शुरू कर दिया है।

कांग्रेस में सबसे बड़ा झटका तब लगा जब जिला परिषद कुल्लू के पूर्व चेयरमैन पंकज परमार ने बखनाओं वार्ड में आजाद प्रत्याशी दीवान राजा का समर्थन कर दिया। बताया जा रहा है कि कांग्रेस समर्थित चार दावेदारों डॉ. सुनील कुमार, दीवान राजा, किशोरी लाल और संजू मार्कंडे के बीच सहमति बनाने की कोशिश हुई थी। सूत्रों के अनुसार दीवान राजा को छोड़कर बाकी तीनों दावेदार डॉ. सुनील कुमार के नाम पर सहमत हो गए, लेकिन दीवान राजा ने अलग राह अपनाते हुए नामांकन दाखिल कर दिया। वहीं, लझेरी वार्ड में कांग्रेस की दावेदार कुकी ठाकुर को टिकट न मिलने पर उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया। उनके साथ कराना पंचायत की निवर्तमान प्रधान रचना ठाकुर भी भाजपा में शामिल हो गईं। दोनों को पंकज परमार खेमे का करीबी माना जा रहा है। भाजपा में भी स्थिति कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। लझेरी वार्ड से अनु ठाकुर पहले से चुनावी मैदान में सक्रिय थीं, लेकिन पार्टी समर्थन न मिलने पर अब निर्दलीय चुनाव लड़ रही हैं। उन्हें भाजपा के नाराज गुट का समर्थन मिलने की चर्चा है। इसी तरह बखनाओं वार्ड में श्यामानंद भी टिकट न मिलने के बाद निर्दलीय मैदान में उतर गए हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि दोनों दलों के भीतर बढ़ती नाराजगी का सीधा असर चुनाव परिणामों पर पड़ सकता है। स्थानीय समीकरणों व बगावती तेवरों के कारण इस बार जिला परिषद चुनाव बेहद दिलचस्प बनने की संभावना है।

## चूड़धार में भारी बर्फबारी के बीच सेवादारों की मेहनत लाएगी रंग

# बहाल होगी पेयजल व्यवस्था, 15 मई से शुरू होगा प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चूड़धार में लंगर

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चूड़धार में पिछले करीब छह महीनों से ठप पड़ी पेयजल व्यवस्था को बहाल करने के लिए चूड़ेश्वर सेवा समिति के सेवक कड़ी मेहनत में जुटे हैं। भारी बर्फबारी और कड़ाके की ठंड के बीच सेवादार दिन-रात बर्फ हटाकर पानी की पाइपलाइन को दोबारा चालू करने का प्रयास कर रहे हैं। चोटी पर कई स्थानों पर पाइपलाइन तीन से सात फीट मोटी बर्फ की परत के नीचे दब चुकी है। ऐसे में सेवादारों को पहले बर्फ काटकर पाइपों तक पहुंचना पड़ रहा है। कई जगह पाइप पूरी तरह जम चुकी हैं, जिससे पानी का प्रवाह बहाल करना और भी चुनौतीपूर्ण बन गया है। कठिन मौसम और दुर्गम परिस्थितियों के बावजूद समिति के सदस्य लगातार काम कर रहे हैं, ताकि 15 मई से पहले हर हाल में पेयजल आपूर्ति सुचारू की जा सके।


बर्फ के बीच पानी की पाइप निकालते श्रद्धालु। अनंत ज्ञान

> **समिति** का उद्देश्य 15 मई से पहले सभी जरूरी व्यवस्थाएं बहाल करना है, ताकि शिरगुल महाराज के दर पर आने वाले किसी भी श्रद्धालु को असुविधा का सामना न करना पड़े।
>
> **बाबू राम, प्रबंधक चूड़ेश्वर सेवा समिति**

### लंगर के लिए पानी की उपलब्धता जरूरी

**चूड़ेश्वर** सेवा समिति 15 मई से चूड़धार में लंगर सेवा शुरू करने जा रही है। इसके लिए पानी की उपलब्धता बेहद जरूरी है। इन दिनों रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु चूड़धार पहुंच रहे हैं, लेकिन लंगर सेवा शुरू न होने के कारण उन्हें ढाबों में महंगा भोजन करना पड़ रहा है। समिति का कहना है कि लंगर शुरू होने के बाद श्रद्धालुओं को मुफ्त भोजन के साथ ठहरने की सुविधा भी दी जाएगी।

### सुविधाओं की बहाली के लिए कार्य जारी

**भारी** बर्फबारी का असर शौचालय व्यवस्था पर भी पड़ा है। अधिकांश शौचालय बंद पड़े हैं। हालांकि महिलाओं के लिए दो शौचालय चालू कर दिए गए हैं, जबकि बाकी को भी जल्द बहाल करने का कार्य जारी है।

## भाजपा का संकल्प पत्र केवल वादा नहीं, विकास और जवाबदेही की गारंटी : डॉ. बिंदल

# भाजपा सोलन को बनाएगी स्वच्छ, स्मार्ट सुरक्षित, नशामुक्त और आधुनिक शहर

### 2021 के घोषणापत्र का हिसाब दे कांग्रेस, अब फिर झूठ का नया पुलिंदा लेकर आई : प्रदेशाध्यक्ष

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, सोलन।** सोलन नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा ने अपना संकल्प पत्र जारी किया, जिसमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कांग्रेस सरकार और नगर निगम की कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि सोलन में नगर निगम, विधायक और मंत्री सभी कांग्रेस के होने के बावजूद जनता को आज भी पानी, सफाई, पार्किंग व अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि 2021 के नगर निगम चुनाव में कांग्रेस ने कई बड़े वादे किए थे, लेकिन वे जमीन पर पूरे नहीं हुए।



सोलन में भाजपा नेता अपना घोषणा पत्र जारी करते हुए। अनंत ज्ञान

उनके अनुसार हर घर तक नियमित और स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का वादा केवल कागजों तक सीमित रहा, जबकि वास्तविकता में लोगों को कई-कई दिनों तक पानी नहीं मिल रहा है। जनता को पानी के टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

उन्होंने नगर की सफाई व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि मुफ्त कूड़ा उठान के वादे के बावजूद कूड़ा शुल्क बढ़ाया गया। पार्किंग, ट्रांसपोर्ट नगर और अन्य शहरी विकास योजनाओं को भी अधूरा बताया गया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस एक बार फिर नया घोषणापत्र लेकर आई है, लेकिन जनता अब पुराने वादों के पूरे न होने को लेकर सवाल कर रही है। उन्होंने मांग की कि पहले 2021 के घोषणापत्र का हिसाब दिया जाए। भाजपा के संकल्प पत्र को उन्होंने विकास का रोडमैप बताते हुए कहा कि पार्टी सोलन को स्वच्छ, सुरक्षित, हरित और आधुनिक शहर बनाने का लक्ष्य रखती है। इसके साथ ही भाजपा ने नशे के खिलाफ सख्त अभियान, डिजिटल नगर सेवाएं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं तथा प्रशासन में पारदर्शिता बढ़ाने की बात कही।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रेरणा उत्सव में मेहंदो बाग स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सराहां।** जेएनवी स्कूल नाहन में आयोजित प्रेरणा उत्सव में मेहंदो बाग स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में टॉप 30 विद्यार्थियों का चयन किया जाना था, जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय के कक्षा 9वीं के छात्र आस्तिक ठाकुर ने 5वां स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा 11वीं के छात्र अभिनव शर्मा ने 6वां स्थान हासिल किया। विद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ ने दोनों विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से स्कूल लगातार विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार ने सभी विद्यार्थियों, स्टाफ तथा प्रधानाचार्य एमएम गुप्ता को शुभकामनाएं दीं।

### मांगू स्कूल में सराहनीय रहा जमा दो कक्षा का परीक्षा परिणाम

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मांगू का जमा दो कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के 25 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विषयवार विशेष योग्यता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी उल्लेखनीय रही। अंग्रेज़ी विषय में 14, इतिहास में 20, राजनीति विज्ञान में 17, हिंदी में 21 तथा कंप्यूटर विज्ञान, शारीरिक शिक्षा एवं ऑटोमोबाइल विषय में 27 विद्यार्थियों ने विशेष योग्यता हासिल की। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में पियूष ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। भावना शर्मा ने 91.80 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा जीवन ने 91.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य हरीश गुप्ता ने इस शानदार सफलता पर सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह उत्कृष्ट परिणाम संभव हो पाया है।

### शालूघाट में वर्कर यूनियन बागा का प्रदर्शन नई श्रम संहिताओं के खिलाफ आक्रोश



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट क्षेत्र के शालूघाट में लाल झंडा सीमेंट प्लांट वर्कर यूनियन बागा के नेतृत्व में बड़ा विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों मजदूरों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन का मुख्य मुद्दा केंद्र सरकार द्वारा 44 पुराने श्रम कानूनों को समाप्त कर लागू की गई चार नई श्रम संहिताएं रहीं, जिनका मजदूरों ने कड़ा विरोध किया। मजदूरों का आरोप है कि 8 मई से लागू ये नई श्रम संहिताएं मजदूर विरोधी हैं और इससे उनके अधिकारों पर गंभीर असर पड़ेगा। यूनियन के महासचिव बलवीर चौहान ने मांग की कि समाप्त किए गए सभी 44 श्रम कानूनों को पुनः बहाल किया जाए। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था में कई महत्वपूर्ण प्रावधान खत्म कर दिए गए हैं, जिससे श्रमिकों की सुरक्षा और भविष्य प्रभावित होगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नई संहिताओं के तहत हड़ताल और यूनियन बनाने जैसे अधिकार कमजोर किए जा रहे हैं। यह विरोध प्रदर्शन देशभर में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों सहित अन्य ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर आयोजित किया गया। यूनियन प्रधान गणपत राम ने कहा कि मजदूरों की लंबित मांगें पिछले कई वर्षों से अनसुनी हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# कांग्रेस ने जारी किया सोलन नगर निगम चुनाव का घोषणापत्र, विकास पर जोर

### आधुनिक सुविधाओं और नागरिक समस्याओं के समाधान का किया वादा

अनंत ज्ञान

**सोलन।** नगर निगम सोलन चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र जारी करते हुए शहर के समग्र विकास और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने का वादा किया। इस दौरान कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल, प्रदेशाध्यक्ष विनय कुमार, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनी राम शांडिल, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन सिंह चौहान, विधायक संजय अवस्थी समेत कई कांग्रेस नेता मौजूद रहेंगे।




कांग्रेस ने घोषणापत्र में शहर की मूलभूत समस्याओं के समाधान और नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया है। पार्टी ने हर वार्ड में नियमित जल वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने और शहर की पुरानी पेयजल पाइपों को बदलने का वादा किया। इसके साथ ही प्रत्येक वार्ड में वर्षा जल संचयन प्रणाली विकसित करने तथा सीवेज कनेक्टिविटी को मजबूत करने की बात कही गई। घोषणापत्र में महिलाओं और बुजुर्गों के उत्थान के लिए विशेष योजनाएं लागू करने का भरोसा भी दिलाया गया है। युवाओं और खेल प्रतिभाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए खेल मैदानों के आधुनिकीकरण और हर वार्ड में ओपन जिम स्थापित करने की घोषणा की गई।

इसके अलावा शहर में लगातार बढ़ रही ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए स्मार्ट ट्रैफिक और सेंसर आधारित प्रणाली लागू करने का वादा किया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा ताकि लोगों को जाम से राहत मिल सके। कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि पार्टी का घोषणापत्र केवल वादों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जनता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। नेताओं ने मतदाताओं से नगर निगम चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों को समर्थन देने की अपील भी की।

# करियर अकादमी के शानदार परिणाम पर शिक्षकों का सम्मान




अनंत ज्ञान

**नाहन।** नाहन स्थित करियर अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर सफलता का नया मानक स्थापित किया है। 10वीं कक्षा में छात्रा रिशिता सभरवाल ने 99% अंक प्राप्त कर प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया। इसके अलावा निमरत कौर (98.29%), आयुष पंवार (98%), दिया गुप्ता (97.86%), आशुतोष ठाकुर (96.71%) सहित कई छात्रों ने 95% से अधिक अंक प्राप्त किए। कुल 12 विद्यार्थियों ने 95% से अधिक और 20 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक हासिल किए। इस शानदार परिणाम के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रबंधन द्वारा शिक्षकों रोहिणी, शिवी अत्री, कुलदीप सिंह, शॉली, नवदीप, नेहा बेग, शाकिर अली और संदीप को 5000 की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के चेयरमैन एसएस राठी, निदेशिका मधुलिका राठी, निदेशक मनोज राठी, प्रधानाचार्य राजेश सोलंकी और उप-प्रधानाचार्य सपना सोलंकी ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी।

# महिलाओं के लिए खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रमों से ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा

### प्रदेश के विभिन्न जिलों में खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों की पंचायतों में महिलाओं केंद्रित खाद्य प्रसंस्करण विषय पर सात ऑफ-कैंपस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में कुल 210 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें अधिकांश महिलाएं थीं। प्रत्येक पंचायत से लगभग 30 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ये सभी कार्यक्रम आरकेवीवाई परियोजना 'तकनीकी हस्तक्षेपों के माध्यम से प्राकृतिक उत्पादों का उपयोग कर सतत् आजीविका' के अंतर्गत आयोजित किए गए। इन प्रशिक्षणों का आयोजन ऊना, हमीरपुर, शिमला और किन्नौर जिलों की विभिन्न पंचायतों में किया गया, जिनमें थाना कलां, बहल, रोहिण, चांजू-चौपाल,



पोलिया, कोठी-कश्मीर और कल्पा पंचायतें शामिल रहीं। कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य स्थानीय कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन, खाद्य प्रसंस्करण तकनीकों के प्रसार तथा ग्रामीण महिलाओं के लिए सतत् आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देना था।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मिलेट्स और स्थानीय उत्पादों के पोषण महत्व, मूल्य संवर्धित उत्पादों की संभावनाओं तथा वैज्ञानिक प्रसंस्करण तकनीकों की जानकारी दी गई। व्यावहारिक सत्रों में मफिन, जैम, स्क्वैश, पास्ता और बायो-एंजाइम जैसे उत्पादों का निर्माण सिखाया गया। इसके साथ ही लागत निर्धारण, विपणन रणनीति, पैकेजिंग, लेबलिंग तथा एफएसएसएआई लाइसेंस की प्रक्रिया पर भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में स्वच्छता, सुरक्षित खाद्य उत्पादन व सूक्ष्मजीवों से बचाव पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को अपशिष्ट पदार्थों के उपयोग से उप-उत्पाद तैयार करने व पर्यावरण अनुकूल तकनीकों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया।

# कोलर में दुकानदार पर जानलेवा हमला हरियाणा का एक आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ,** नाहन। नाहन-पांवटा साहिब नेशनल हाईवे-07 पर स्थित कोलर में दुकानदार और उसके परिजनों पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हरियाणा के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों द्वारा इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो गाड़ी भी जब्त कर ली है।

जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात माजरा थाना क्षेत्र के कोलर गांव में हरियाणा से आए कुछ लोगों ने दुकानदार विशाल, उसके पिता राजेंद्र और कजन प्रवीण पर तेजधार हथियारों व डंडों से हमला कर दिया। हमले में तीनों घायल हो गए, जिनका उपचार डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन में चल रहा है।

बताया जा रहा है कि दो दिन पहले तेज रफ्तार ट्रालों की चपेट में आने से बाल-बाल बचे दुकानदार और ट्राला चालक के बीच कहासुनी हुई थी। इसी विवाद को हमले की वजह माना जा रहा है। घटना का वीडियो दुकानदार

- **लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से किसा हमला**
- **घटना का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में हुआ कैद**
- **हमले में घायलों का डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन में चल रहा उपचार**

के सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुआ है। वीडियो में स्कॉर्पियो से उतरे चार से पांच लोग दुकानदार और उसके परिजनों पर डंडों व तेजधार हथियारों से हमला करते नजर आ रहे हैं। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे जाम कर दिया। सूचना मिलते ही माजरा पुलिस और डीएसपी पांवटा साहिब मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों को समझाकर करीब एक घंटे बाद यातायात बहाल करवाया।

पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपक कुमार पुत्र सुलेख कुमार निवासी अल्लापुर, तहसील बराड़ा, जिला अंबाला हरियाणा को देर रात गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को मंगलवार दोपहर अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 16 मई तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस अब रिमांड के दौरान यह पता लगाने में जुटी है कि हमला किसके कहने पर किया गया और इसके पीछे आरोपियों की क्या मंशा थी। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश भी जारी है।

# लाखों खर्चे; फिर भी बदहाल नाहन के पार्क

### नाहन नगर परिषद पर उठे सवाल

### नियमित रखरखाव में परिषद पूरी तरह नाकाम सूचनापट्ट तक ही जिम्मेदारी मान रही परिषद

अनंत ज्ञान

**नाहन।** नगर परिषद नाहन द्वारा शहर में लाखों रुपये खर्च कर तीन पार्क विकसित किए गए थे, लेकिन रखरखाव के अभाव में ये पार्क बदहाली का शिकार हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि परिषद इन पार्कों के नियमित रखरखाव में पूरी तरह नाकाम रही है।

माल रोड स्थित महाराणा प्रताप पार्क पिछले करीब तीन वर्षों से बंद पड़ा है। बताया जा रहा है कि पार्क में लगाए गए डंगे की गुणवत्ता भी पहले दिन से ही सवालों के घेरे में रही है। वहीं प्रशासनिक कार्रवाई के नाम पर केवल गेट पर ताला लगाकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया गया।

महारानी झांसी पार्क और लखदाता पीर के समीप स्थित एमसी पार्क की स्थिति भी बेहतर नहीं है। इन पार्कों में सफाई व्यवस्था न के बराबर है और कुत्तों की आवाजाही व फीडिंग के कारण गंदगी फैल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद ने केवल सूचना पट्ट लगाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान ली है।

लोगों ने पार्षदों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं, जिनके वार्डों में ये पार्क आते हैं। आरोप है कि चुनावों में किए गए वादों के बाद अब इनकी नियमित देखरेख पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नागरिकों ने नगर परिषद से पार्कों के जीर्णोद्धार और बेहतर रखरखाव की मांग की है।

## नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस की विफलताओं को मुद्दा बनाएगी भाजपा : बिंदल

# गारंटियां निकलीं झूठी, चुनावों में जनता देगी जवाब

अनंत ज्ञान

**नाहन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने नाहन में नगर परिषद चुनावों को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब कांग्रेस की झूठी गारंटियों, फरेब और धोखे को पूरी तरह समझ चुकी है और आने वाले नगर निकाय एवं पंचायत चुनावों में इसका करारा



जवाब देगी। उन्होंने कहा कि 17 मई को नाहन नगर परिषद सहित प्रदेश की 23 नगर परिषदों, 25 ग्राम पंचायतों और चार नगर निगमों में होने वाले चुनावों में जनता कांग्रेस सरकार के खिलाफ अपना स्पष्ट जनमत देगी। जनता यह सच्चाई समझ चुकी है और अब कांग्रेस के किसी भी झूठे वादे या बहकावे में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि कि प्रदेश की जनता ने मन बना लिया है कि जिसने साढ़े तीन वर्षों में केवल झूठी गारंटियां, महंगाई, आर्थिक बदहाली और विकासहीनता दी है, उसे नगर निकाय चुनावों में सबक सिखाया जाएगा। डॉ. बिंदल ने कहा कि स्वयं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कई मंचों से यह स्वीकार कर चुके हैं कि सरकार के पास विकास के लिए धन नहीं है। उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री खुद कह रहे हैं कि सरकार के पास पैसा नहीं है, तो फिर नगरपालिकाओं और शहरों का विकास कैसे होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर कांग्रेस सरकार की विफलताओं और भाजपा की विकासवादी सोच को जनता तक पहुंचाएं।

### 2022 में भरवाए फार्म 42 माह बाद भी युवा बेरोजगार

**डॉ. बिंदल** ने आरोप लगाया कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने बेरोजगार युवाओं से फार्म भरवाकर रोजगार और पुरानी पेंशन जैसे बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन 42 महीने बीत जाने के बाद भी युवाओं को रोजगार नहीं मिला। उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा आज अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं से हर महीने 1500 देने का वादा किया गया था, लेकिन आज तक किसी महिला के खाते में राशि नहीं पहुंची। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने केवल वोट लेने के लिए झूठी गारंटियों का सहारा लिया।

### स्मार्ट मीटर लगाकर बढ़ाया अतिरिक्त आर्थिक बोझ

**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने बिजली, पानी, एचआरटीसी किराया, सीमेंट, डीजल-पेट्रोल और अन्य जरूरी वस्तुओं पर बोझ बढ़ाकर आम जनता को परेशान किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगाकर भी जनता पर अतिरिक्त आर्थिक भार डाला गया। डॉ. बिंदल ने कहा कि नगरपालिकाओं और पंचायतों के विकास के लिए मिलने वाला धन भी सरकार ने रोक लिया, जिससे स्थानीय स्तर पर विकास कार्य प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि नाहन में पिछले साढ़े तीन वर्षों में कोई बड़ा विकास कार्य नजर नहीं आता।

# सोलन की बेटी देविका राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में करेगी प्रदेश का प्रतिनिधित्व

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सेंट ल्यूक्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा देविका शर्मा का चयन पुडुचेरी में 21 से 29 मई तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए हिमाचल प्रदेश टीम में हुआ है। यह उपलब्धि उनके खेल जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव मानी जा रही है। सोलन के मोहन कॉलोनी निवासी डॉ. नंदन शर्मा और डॉ. गीतांजलि शर्मा की पुत्री देविका बचपन से ही बास्केटबॉल के प्रति गहरी रुचि रखती हैं और लगातार अपने खेल कौशल में निखार लाती रही हैं। उन्होंने अंतर-विद्यालयीय, क्लस्टर और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपने स्कूल का सफलतापूर्वक प्रतिनिधित्व किया है। उनकी निरंतर मेहनत और प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें लगातार चार वर्षों तक सर्वश्रेष्ठ एथलीट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, उन्होंने गणतंत्र दिवस परेड के दौरान अपनी एनसीसी प्लाटून का नेतृत्व भी किया था, जो उनकी नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। सोलन जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा उनका चयन विशेष उपलब्धि है, क्योंकि वह इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर स्कूल की एकमात्र प्रतिनिधि बनी हैं। इससे पहले भी वह 2024 में कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिमाचल का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। उनके माता-पिता और कोच ने उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। देविका से अब राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।



# रुपया डॉलर के मुकाबले 95.50 पर लुढ़का

## ट्रंप के बयान के बाद रुपए में भारी गिरावट, कच्चा तेल 105 डॉलर पार और रुपया 19 पैसे कमजोर

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय रुपया आज यानी 12 मई को डॉलर के मुकाबले 19 पैसे गिरकर 95.50 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के बाद रुपया में यह गिरावट आई है। दरअसल, ट्रंप ने ईरान के साथ संघर्ष विराम को कमजोर बताया है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है। ब्रेंड क्रूड ऑयल के दाम बढ़कर 105 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं।

इससे पहले सोमवार को यह 95.31 पर बंद हुआ था। पिछले हफ्ते ही रुपए ने 95.43 का निचला स्तर छुआ था, जो अब टूट चुका है। साल 2026 की शुरुआत से ही रुपया दबाव में है। पिछले साल दिसंबर 2025 में पहली बार रुपया 90 के स्तर के पार गया था। (अनंत ज्ञान)

### सेंसेक्स 1456 अंक गिरकर 74,559 पर बंद और निफ्टी में 436 अंक की गिरावट

**एजेंसी, मुंबई।** शेयर बाजार में आज यानी 12 मई को गिरावट रही। सेंसेक्स 1,456 अंक गिरकर 74,559 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 436 अंक की गिरावट रही, ये 23,379 के स्तर पर बंद हुआ। लगातार चौथे कारोबारी दिन बाजार में यह गिरावट आई है। चार दिन में सेंसेक्स करीब 3,500 अंक और निफ्टी लगभग 1,000 अंक गिरा है। मंगलवार के कारोबार में रियल्टी और आईटी शेयर सबसे ज्यादा टूटे हैं। टीसीएस, इंफोसिस, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक के शेयरों में 4.5% तक की गिरावट रही। वहीं ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, मीडिया, फार्मा, पीएसयू बैंक और प्राइवेट बैंक सेक्टर में 2.5% तक की गिरावट आई है। (अनंत ज्ञान)



### चांदी 11,620 महंगी, 2.68 लाख पहुंची सोना 1,592 चढ़कर 1.52 लाख पर आया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की लोगों से सोना न खरीदने की अपील के बावजूद आज 12 मई को सोना-चांदी में तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, एक किलो चांदी 11,620 रुपए बढ़कर 2,67,820 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले सोमवार को इसकी कीमत 2,56,200 रुपए प्रति किलो थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,592 रुपए चढ़कर 1,51,954 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले 11 मई को इसकी कीमत 1,50,362 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 18,755 रुपए और चांदी 37,400 रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10द्द सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.52 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.68 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था। (अनंत ज्ञान)



## थाईलैंड घूमने गए 5 भारतीयों में से 4 हुए बेहोश, एक की मौत

**एजेंसी, फुकेट (थाईलैंड)।** थाईलैंड के फुकेट से एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है। यहां घूमने गए चार भारतीय नागरिक एक कैफे में भोजन के दौरान अचानक बेहोश हो गए। इस रहस्यमयी घटना में एक भारतीय पर्यटक की मौत हो गई है, जबकि तीन अन्य का अस्पताल में उपचार चल रहा है। थाईलैंड स्थित भारतीय दूतावास ने घटना की पुष्टि की है और आवश्यक जानकारी साझा की है। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, दूतावास थाई अधिकारियों के संपर्क में है और उस घटना पर करीब से नजर रख रहा है, जिसमें 9 मई 2026 को फुकेट में चार भारतीय पर्यटक बेहोश हो गए थे और बाद में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दूतावास ने कहा कि उनमें से एक युवा भारतीय पर्यटक की मौत पर हमारी गहरी संवेदनाएं। दूतावास के अधिकारी इस दुख की घड़ी में हर तरह की मदद देने के लिए मृतक के परिवार के संपर्क में हैं। हम संबंधित थाई अधिकारियों के संपर्क में हैं। (अनंत ज्ञान)

## नीट परीक्षा का रद्द होना युवाओं के भविष्य के साथ अपराध: राहुल गांधी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नीटयूजी 2026 परीक्षा रद्द होने पर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 22 लाख से अधिक छात्रों की मेहनत, त्याग और सपनों को भ्रष्ट व्यवस्था ने कुचल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर लीक, सरकारी लापरवाही और शिक्षा में संगठित भ्रष्टाचार ने युवाओं का भविष्य खतरे में डाल दिया है।



राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि किसी पिता ने कर्ज लिया, किसी मां ने गहने बेचे और लाखों बच्चों ने रातरात भर जागकर पढ़ाई की, लेकिन बदले में उन्हें मिला पेपर लीक और भ्रष्टाचार। यह केवल नाकामी नहीं बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ अपराध है।

उन्होंने कहा कि हर बार पेपर माफिया बच निकलते हैं और ईमानदार छात्र सजा भुगतते हैं। अब लाखों छात्र फिर से मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और अनिश्चितता झेलेंगे। अगर शिक्षा परिश्रम से नहीं बल्कि पैसे और पहुंच से तय मिलेगी तो फिर शिक्षा का महत्व क्या रह जाएगा।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने नीटयूजी 2026 परीक्षा को रद्द करते हुए दोबारा परीक्षा कराने का फैसला किया है। एजेंसी ने परीक्षा में कथित अनियमितताओं और जांच एजेंसियों से मिले इनपुट के आधार पर यह निर्णय लिया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने पूरे मामले की जांच सीबीआई को सौंपी है। एनटीए ने कहा कि पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए परीक्षा रद्द कर दोबारा आयोजित की जाएगी। नई परीक्षा तिथि व एडमिट कार्ड का कार्यक्रम जल्द घोषित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## धमाके से दहला पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा; 9 लोगों की मौत, 35 घायल

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में एक भीड़-भाड़ वाले बाजार में हुए ब्लास्ट में कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई जबकि 35 लोगों के घायल होने की खबर है। बताया जाता है कि यह ब्लास्ट नौरंग बाजार में हुआ जो खैबर पख्तूनख्वा का काफी व्यस्त कारोबारी केंद्र माना जाता है।

प्राथमिक सूचना के मुताबिक यह एक आत्मघाती हमला था। हमलावर विस्फटकों से लैस एक ऑटो रिक्शा में सवार हो कर भीड़ भरे बाजार में पहुंचा और धमाका कर दिया। इस ब्लास्ट में दो सुरक्षा अधिकारी समेत 9 लोगों की मौत हो गई जबकि 35 लोग घायल हो गए। यह घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत जिले में हुई। जिला पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आत्मघाती हमलावर ने नौरंग बाज़ार के फाटक चौक पर विस्फोटकों से भरे अपने ऑटो रिक्शा में धमाका कर दिया। कई लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें आगे के इलाज के लिए बन्नू और पेशावर के अस्पतालों में रेफर कर दिया गया है। घायलों की तादाद को देखते हुए अस्पतालों में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है और सभी मेडिकल स्टाफ को बुला लिया गया है। रेस्क्यू 1122 के प्रवक्ता शाहदाब खान ने बताया कि ब्लास्ट की सूचना मिलते ही राहत कार्यों के लिए घटनास्थल पर एंबुलेंस और टीमें भेजी गईं।

### मृतकों में दो ट्रैफिक पुलिसकर्मी भी शामिल

**अधिकारियों** ने बताया कि इस ब्लास्ट में दो ट्रैफिक पुलिसकर्मी और एक महिला समेत 9 लोगों की मौत हो गई जबकि 35 अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए सराय नौरंग स्थित तहसील मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिस वक्त यह आत्मघाती हमला हुआ उस वक्त बाजार में काफी भीड़-भाड़ थी।

## सरकार गरीबों की समर्थक और उद्योगों की हितैषी: मांडविया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने मौजूदा सरकार को गरीब समर्थक और उद्योगों का हितैषी बताया है। साथ उन्होंने यह भी कहा कि देश में चार नई श्रम संहिताएं पूरी तरह से अमल में आ गई हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक बिजनेस समिट 2026 के दौरान बोलते हुए केंद्रीय श्रम मंत्री ने कहा कि श्रम और उद्योगों को एक दूसरे के पूरक होना चाहिए और प्रभावी समन्वय के लिए बदलाव के अनुकूल व्यवहार करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि चार नई श्रम संहिताओं में 29 श्रम कानूनों को एक आसान ढांचे में लाया गया है। सरकार पांच वर्षों के लंबे अंतराल के बाद इस महीने की शुरुआत में नए नियम जारी कर चार नई श्रम संहिताओं को पूरी तरह अमल में ले आई है। ये चार श्रम संहिताएं हैं- वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और पेशेवर सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थितियां संहिता 2020। ये श्रम संहिताएं 21 नवंबर 2025 को लागू की गई थीं। (अनंत ज्ञान)

## अदालतों के आधुनिकीकरण के लिए सीजेआई ने बनाई विशेष समिति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

◆ **जस्टिस अरविंद कुमार होंगे अध्यक्ष**

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने देश की न्याय व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक न्यायिक बुनियादी ढांचा सलाहकार समिति का गठन किया है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अरविंद कुमार इस समिति के अध्यक्ष होंगे। इस पैनल में कलकत्ता, पंजाब और हरियाणा तथा बॉम्बे हाई कोर्ट के न्यायाधीशों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। सीपीडब्ल्यूडी (सीपीडब्ल्यूडी) के महानिदेशक और सुप्रीम कोर्ट के महासचिव भी इस समिति का हिस्सा होंगे।

समिति का मुख्य काम देश भर की अदालतों में इमारतों और अन्य सुविधाओं की कमी का आकलन करना है। यह पैनल न्यायिक क्षेत्र के सुधार के लिए सरकार से 40,000 से 50,000 करोड़ रुपये के बजट की मांग कर सकता है। समिति को 31 अगस्त तक अपनी अंतरिम रिपोर्ट सौंपने का निर्देश मिला है। यह समिति जजों, वकीलों और आम जनता के लिए जरूरी सुविधाओं पर सुझाव देगी। इसका खास ध्यान अदालतों के कंप्यूटरीकरण, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और एआई जैसी आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल पर रहेगा। यह कदम इसलिए भी अहम है क्योंकि हाल ही में एक संसदीय समिति ने राज्यों में फंड के सही इस्तेमाल न होने और बुनियादी ढांचे की धीमी गति पर चिंता जताई थी। बता दें कि, केंद्र सरकार पहले ही ई-कोर्ट परियोजना के लिए 7,210 करोड़ रुपये आवंटित कर चुकी है, ताकि अदालतों को पूरी तरह डिजिटल बनाया जा सके।

सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के हाईकोर्ट में लंबित जमानत याचिकाओं की बढ़ती संख्या पर गहरी चिंता जताई। साथ ही, यह अंबार जल्द खत्म करने के लिए स्वतः सुनवाई व्यवस्था विकसित करने और याचिकाओं के निपटारे की समयसीमा निर्धारित करने जैसे सुझाव भी दिए। (अनंत ज्ञान)

### किशनगंज सीमा क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर एसएसबी जवानों का शिकंजा

## भारत-नेपाल सीमा पर दो थाई नागरिकों समेत 4 पकड़े

**एजेंसी, किशनगंज**

बिहार में किशनगंज जिले के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत गलगलिया स्थित भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने मंगलवार तड़के बड़ी कार्रवाई करते हुए दो थाई नागरिकों सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में एक नेपाली नागरिक और एक भारतीय नागरिक भी शामिल है।

जानकारी के अनुसार, एसएसबी की 41वीं बटालियन रानीडांगा को भारत-नेपाल सीमा से सटे क्षेत्र में तीसरे देश के नागरिकों की संदिग्ध आवाजाही की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर मंगलवार सुबह करीब 06 बजे विशेष अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई सीमा स्तंभ संख्या 88/08 के समीप रतखोला क्षेत्र में की गई, जो नक्सलबाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है।



एसएसबी के बीओपी मदनजोत के जवानों एवं क्विक रिस्पॉन्स टीम ने संयुक्त रूप से इलाके की घेराबंदी कर संदिग्धों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उनकी गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर विस्तृत जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि सभी लोग सीमा क्षेत्र से भारत में प्रवेश करने अथवा अन्य स्थानों की ओर जाने का प्रयास कर रहे थे।

एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास मौजूद दस्तावेजों, यात्रा विवरण एवं अन्य सामग्रियों की गहन जांच की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि इन लोगों का वास्तविक उद्देश्य क्या था तथा क्या इनके संबंध किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क या अवैध गतिविधियों से जुड़े हैं। कार्रवाई के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए सभी गिरफ्तार लोगों को संबंधित एजेंसियों एवं स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

मामले को लेकर विभिन्न सुरक्षा एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ जांच में जुटी हुई हैं। भारत-नेपाल सीमा पर लगातार बढ़ाई जा रही निगरानी के बीच एसएसबी की इस कार्रवाई को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने लॉन्च किया नया वैल्यू इंडेक्स फंड

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान्स (यूएलआईसी) के लिए 'आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ बीएसई एन्हांस्ड वैल्यू 30 इंडेक्स फंड' लॉन्च किया है। यह फंड ग्राहकों को लार्ज और मिड-कैप श्रेणी की आकर्षक वैल्यूएशन वाली कंपनियों में निवेश का अवसर देने और लंबी अवधि में संपत्ति निर्माण में मदद करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर, मनीष कुमार ने कहा कि यह फंड ग्राहकों को इक्विटी बाजार में भागीदारी करने का एक संरचित और पारदर्शी तरीका प्रदान करता है। हमारा ध्यान उन कंपनियों पर है जिनकी कीमत उनके फंडामेंटल्स के मुकाबले आकर्षक है।

## मोहाली निकाय चुनाव का शेड्यूल जारी, 26 मई को होगा मतदान



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर।** पंजाब राज्य चुनाव आयोग के निर्देशानुसार साहिबजादा अजीत सिंह नगर जिले में नगर निगम मोहाली सहित नगर काउंसिल खरड़, कुराली, नया गांव, जीरकपुर, डेराबस्सी, लालड़ू और बनूड़ में स्थानीय निकाय चुनाव कराए जाएंगे।

जिला चुनाव अधिकारी कोमल मित्तल ने अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया 13 से 16 मई 2026 तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगी। नामांकन पत्रों की जांच 18 मई को होगी और 19 मई तक नाम वापसी की जा सकेगी।

मतदान 26 मई 2026 को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक बैलेट पेपर से होगा, जबकि मतगणना और परिणाम 29 मई को घोषित किए जाएंगे। मोहाली नगर निगम और अन्य काउंसिलों के वार्डों के लिए नामांकन विभिन्न रिटर्निंग अधिकारियों के कार्यालयों में जमा होंगे। जिला चुनाव अधिकारी ने कहा कि एनओसी जारी करने में देरी न की जाए और उम्मीदवारों को शपथ पत्र की सुविधा भी दी जाए। उन्होंने एसडीएम को बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने और नामांकन प्रक्रिया में भीड़ नियंत्रित करने के निर्देश दिए। पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने को कहा गया है। साथ ही सभी राजनीतिक दलों से आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

## हांसी में जमीनी विवाद में चली गोलियां, 5 घायल

**अनंत ज्ञान, हांसी।** जिले के बडाला गांव में जमीन विवाद को लेकर मंगलवार को दो पक्षों के बीच जमकर फायरिंग हुई, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। घायलों को पहले हांसी नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार करीब 18.5 एकड़ जमीन को लेकर रोहतक निवासी कश्मीर लाल और गांव के विक्की पक्ष के बीच विवाद चल रहा है। मंगलवार सुबह कश्मीर लाल अपने साथियों के साथ खेत में बुआई करने पहुंचा, जबकि विक्की पक्ष पहले से जमीन पर अपना दावा कर रहा था। इसी बात को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और विवाद हिंसक हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक देखते ही देखते दोनों ओर से गोलियां चलने लगीं। फायरिंग में तेजबीर, पवन कुमार, आदित्य, विक्की और उसका भतीजा घायल हो गए। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। विक्की का दावा है कि उसने जमीन के सौदे के लिए 70 लाख रुपए बयाने के तौर पर दिए थे और फसल बुआई पर भी खर्च किया था। इससे पहले भी तीन मई को इसी जमीन को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा हो चुका है, जिसकी शिकायत पुलिस में दर्ज है।

## आरबीयू में गूंजे स्टार्टअप और इनोवेशन के विचार

अनंत ज्ञान

**मोहाली।** रयात बाहरा यूनिवर्सिटी (आरबीयू) के सेंटर फॉर करियर सक्सेस के अंतर्गत उद्यमिता एवं स्टार्टअप सपोर्ट सेल (ईएसएससी) ने स्टार्टअप पंजाब के सहयोग से 'द आइडिया कार्निवल-2026' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम चांसलर गुरविंद्र सिंह बहरा, वाइस चांसलर (प्रो.) डॉ. संजय कुमार, प्रो. वाइस चांसलर प्रो. डॉ. सतीश कुमार के नेतृत्व तथा डॉ. सिम्मी प्रकाश, ग्रुप डायरेक्टर-ईएसएससी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।



यह कार्निवल नवाचार, उद्यमिता और छात्र रचनात्मकता का एक जीवंत उत्सव बनकर उभरा, जिसमें उद्योग विशेषज्ञों, संकाय सदस्यों तथा आरबीयू और इसकी सहयोगी संस्थाओं के उभरते उद्यमियों को एक मंच पर लाया गया। आरबीयू, आरबीपीयू, आरबीआईएस तथा रयात बहरा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक नवीन व्यावसायिक विचारों, स्टार्टअप मॉडलों, उत्पादों और प्रोटोटाइप्स का प्रदर्शन किया, जिनका उद्देश्य वास्तविक जीवन की चुनौतियों का समाधान करना है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में दीपिंद्र ढिल्लों, संयुक्त निदेशक, आईटी इंडस्ट्री प्रमोशन, स्टार्टअप पंजाब सेल तथा अरविंद धींगरा, कार्यकारी निदेशक, स्टेप जीएनडीईसी लुधियाना सहित अन्य उद्योग विशेषज्ञ उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए गुरविंद्र सिंह बहरा ने कहा कि एक छोटा सा विचार भी भविष्य बदलने की क्षमता रखता है और विद्यार्थियों को रोजगार सृजनकर्ता बनने के लिए प्रेरित किया।

दीपिंदर ढिल्लों ने सरकारी स्टार्टअप योजनाओं, इन्क्यूबेशन सहायता और फंडिंग के अवसरों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की तथा विद्यार्थियों को अपनी उद्यमी आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'आरबीयू मेगा बिजनेस आइडिया प्रतियोगिता' और आइडिया पिचिंग सत्र रहे, जहां प्रतिभागियों ने जजों के पैनल के समक्ष अपने विचार आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत किए। अंत में विजेताओं, प्रतिभागियों और विशिष्ट अतिथियों को पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## केमिस्ट्स एसो. ने सांसद को सौंपा ज्ञापन, ई-फार्मेसी पर सख्ती की मांग



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, मोहाली।** मोहाली डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट्स एसोसिएशन (एमडीसीए) के अध्यक्ष अमरदीप सिंह और जनरल सेक्रेटरी विक्रम ठाकुर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को ज्ञापन सौंपकर केमिस्ट बिरादरी की समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि बिना नियंत्रण चल रही ई-फार्मेसियों के कारण लाइसेंसधारी केमिस्टों और मेडिकल स्टोर संचालकों को भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने प्रशासनिक परेशानियों और छोटे फार्मेसी व्यवसायों पर पड़ रहे नकारात्मक प्रभाव का भी मुद्दा उठाया।

एसोसिएशन ने कहा कि केमिस्ट बिरादरी ने कोविड-19 जैसे संकट के समय भी स्वास्थ्य सेवाओं में अहम भूमिका निभाई है, लेकिन वर्तमान में गलत व्यापार नीतियों और बिना निगरानी ऑनलाइन दवा बिक्री से गंभीर संकट का सामना कर रही है। अध्यक्ष अमरदीप सिंह ने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के सख्त पालन की मांग की, जबकि विक्रम ठाकुर ने कहा कि बिना पर्ची दवाओं की ऑनलाइन बिक्री से स्वास्थ्य जोखिम बढ़ रहे हैं।

सांसद मलविंद्र सिंह कंग ने प्रतिनिधिमंडल की बात सुनकर आश्वासन दिया कि उनकी चिंताओं को संबंधित विभागों तक पहुंचाया जाएगा और उचित कार्रवाई की जाएगी।

## बिस्त दोआब नहर के पुनर्जीवन से दोआबा में सिंचाई क्रांति

अनंत ज्ञान

◆ **1.10 लाख एकड़ अतिरिक्त भूमि को मिला नहरी पानी, किसानों और जल प्रबंधन को बड़ी राहत**

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** पंजाब की ऐतिहासिक जीवनरेखा मानी जाने वाली बिस्त दोआब नहर के पुनर्जीवन ने दोआबा क्षेत्र के खेतों, किसानों और भविष्य को नई दिशा दी है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा किए गए योजनाबद्ध प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्ष 2025-26 के दौरान बिस्त दोआब नहरी नेटवर्क के अंतर्गत सिंचाई क्षेत्र में 167% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इस उपलब्धि के साथ 1,10,762 एकड़ अतिरिक्त भूमि को नहरी सिंचाई के दायरे में लाया गया है, जिससे क्षेत्र की कृषि व्यवस्था को नई मजबूती मिली है।

दोआबा की जीवनरेखा मानी जाने वाली इस नहर में जल प्रवाह को बेहतर बनाने के लिए सरकार ने व्यापक स्तर पर कार्य किए हैं। इन प्रयासों के चलते जालंधर, शहीद भगत सिंह नगर, कपूरथला तथा होशियारपुर के कुछ हिस्सों में लंबे समय से बनी पानी की कमी को काफी हद तक दूर किया गया है और सिंचाई व्यवस्था को और मजबूत बनाया गया है। रोपड़ हेडवर्क्स से निकलने वाले इस नहरी नेटवर्क, जिसमें इसकी शाखाएं, माइनर और खाल शामिल हैं, का व्यापक स्तर पर पुनरुद्धार किया गया है। इससे पानी के वितरण प्रणाली को अधिक प्रभावी और सुचारु बनाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप सिंचाई के तहत आने वाले क्षेत्र में बड़ा विस्तार हुआ है। इस पुनर्जीवन अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक यह है कि बिस्त दोआब नहर नेटवर्क के अंतर्गत लगभग 19,213 एकड़ कृषि भूमि को पहली बार नहरी पानी उपलब्ध हुआ है। इससे उन किसानों को बड़ी राहत मिली है, जो अब तक केवल भूमिगत जल और बारिश पर निर्भर थे।

जल प्रवाह में सुधार का सकारात्मक प्रभाव बलाचौर क्षेत्र की काठगढ़ लिफ्ट सिंचाई योजना पर भी पड़ा है। वहीं शहीद भगत सिंह नगर के बंगा और मुकंदपुर तथा जालंधर जिले के अपरा, नूरमहल, मलसियां, नकोदर, आदमपुर और कालासंघियां जैसे क्षेत्रों में सिंचाई ढांचे को मजबूत किया गया है। जालंधर ब्रांच से जुड़े पुनर्जीवित रजवाहों ने अंतिम खेत तक पानी पहुंचाने की क्षमता को और बेहतर बनाया है। नहर के पुनर्जीवन का लाभ अब शहरी क्षेत्रों तक भी पहुंच रहा है। जालंधर शहर में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए जालंधर ब्रांच को अतिरिक्त 150 क्यूसेक पानी आवंटित किया गया है। इससे नगर निगम की भूमिगत जल पर निर्भरता कम होगी और शहर को अधिक टिकाऊ एवं भरोसेमंद जल आपूर्ति प्रणाली उपलब्ध हो सकेगी।

बिस्त दोआब नहर की यह बहाली पंजाब सरकार की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत सिंचाई तंत्र को आधुनिक बनाया जा रहा है, किसानों को मजबूत किया जा रहा है और जल संसाधनों के वैज्ञानिक एवं टिकाऊ प्रबंधन को सुनिश्चित किया जा रहा है। यह पहल न केवल कृषि उत्पादन बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों के संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। नहरों के पुनर्जीवन की यह सफल कहानी पंजाब की कृषि अर्थव्यवस्था, किसानों की समृद्धि और प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक व्यापक परिवर्तन का प्रतीक है।

## पीरूज खंबाटा ने लॉन्च की किताब और एंटरप्रेन्योरशिप फंड का किया अनावरण

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** रसना ग्रुप के चेयरमैन और अरीज खंबाटा बेनेवोलेंट ट्रस्ट व रसना फाउंडेशन के संस्थापक ट्रस्टी पीरूज अरीज खंबाटा ने अपनी नई किताब 'अशोई: द जोरास्ट्रियन आर्ट ऑफ सक्सेस एंड इम्मोरलिटी' लॉन्च करने की घोषणा की है। इसके साथ ही उन्होंने एक नए एंटरप्रेन्योरशिप फंड का भी अनावरण किया, जिसका उद्देश्य उद्यमिता, नेतृत्व और व्यवसायिक कौशल को बढ़ावा देना है।



लॉन्च के दौरान उन्होंने कहा कि आज की तेजी से बदलती दुनिया में लोग ऐसे मूल्यों की तलाश में हैं जो जीवन को सही दिशा और उद्देश्य दे सकें। उन्होंने बताया कि ईमानदारी, अनुशासन और नैतिक मूल्यों ने पारसी समुदाय की मजबूती में अहम भूमिका निभाई है।

खंबाटा ने कहा कि उनकी यह किताब प्राचीन जोरोएस्ट्रियन ज्ञान को आधुनिक और व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत करती है। यह केवल धार्मिक दृष्टिकोण तक सीमित नहीं है, बल्कि एक ऐसी मार्गदर्शिका है जो व्यक्ति को बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा देती है। उन्होंने यह भी कहा कि जब व्यक्ति अपने जीवन में सुधार करता है, तो वह समाज और देश के विकास में भी योगदान देता है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### उम्रदराज गेंदबाज नोमान ने रचा इतिहास, टेस्ट में 100 विकेट पूरे

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट में पाकिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली ने बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। नोमान टेस्ट क्रिकेट में 100 विकेट पूरे करने वाले सबसे उम्रदराज गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि 39 साल 217 दिन की उम्र में हासिल की। मैच के दौरान मेहदी हसन मिराज का विकेट लेते ही उनके टेस्ट विकेटों की संख्या 100 हो गई। इसके साथ ही उन्होंने 1896 में बने इंग्लैंड के बॉबी पील का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने 39 साल 180 दिन की उम्र में यह मुकाम हासिल किया था। इस सूची में इंग्लैंड के रे इलिंगवर्थ, ऑस्ट्रेलिया के क्लैरी ग्रिमेट और इंग्लैंड के सिडनी बार्न्स जैसे दिग्गज भी शामिल हैं। नोमान पाकिस्तान के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेजी से 100 विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने 22 टेस्ट मैचों में यह उपलब्धि हासिल की, जो फजल महमूद के बराबर है। पाकिस्तान के लिए इस सूची में यासिर शाह (17 मैच), सईद अजमल (19 मैच) और वकार यूनुस (20 मैच) शीर्ष पर हैं। मैच की बात करें तो बांग्लादेश ने पाकिस्तान को जीत के लिए 268 रनों का लक्ष्य दिया है। बांग्लादेश ने अपनी दूसरी पारी नौ विकेट पर 240 रन पर घोषित की, जबकि पहली पारी में 413 रन बनाए थे। पाकिस्तान ने पहली पारी में 386 रन बनाए थे। (अनंत ज्ञान)

### फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए अर्जेंटीना की प्रारंभिक टीम घोषित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपनी 55 सदस्यीय प्रारंभिक टीम का ऐलान कर दिया है। अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में अगले महीने शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में अर्जेंटीना खिताब बचाने के इरादे से उतरेगा। टीम के स्टार खिलाड़ी और कप्तान लियोनेल मेसी को भी स्क्वॉड में शामिल किया गया है। हालांकि, मुख्य कोच लियोनेल स्कॉलोनी ने साफ किया है कि वर्ल्ड कप में मेसी के खेलने का अंतिम फैसला पूरी तरह इंटर मियामी के इस स्टार फॉरवर्ड पर निर्भर करेगा। वहीं, स्टार खिलाड़ी पाउलो डायबाला को इस प्रारंभिक टीम में जगह नहीं मिली है, जिसने फुटबॉल फैंस को चौंका दिया। अर्जेंटीना को वर्ल्ड कप 2026 में ग्रुप जे में रखा गया है, जहां उसका मुकाबला अल्जीरिया, ऑस्ट्रिया और जॉर्डन से होगा। टीम अपने अभियान की शुरुआत 16 जून को अल्जीरिया के खिलाफ करेगी। (अनंत ज्ञान)

### बेंगलुरु के टिम डेविड पर लगाया मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज टिम डेविड को मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ मैच में आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट उल्लंघन का दोषी पाया गया है। मैच रेफरी ने उन पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया। साथ ही दो डिमेरिट प्वॉइंट्स भी दिए हैं। आईपीएल के आधिकारिक बयान के अनुसार, टिम डेविड को लेवल एक के अपराध का दोषी पाया गया है। उन पर 'अश्लील, आपत्तिजनक या अपमानजनक इशारा' करने का आरोप है। उन्होंने मुंबई इंडियंस की ड्रेसिंग रूम की ओर अंगुली उठाकर इशारा किया था। इस हार के साथ मुंबई प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। डेविड का इशारा उसी ओर माना जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### हेड-जेसिका की खूबसूरत जोड़ी

**ऑस्ट्रेलिया।** ट्रैविस हेड की पत्नी जेसिका डेविस की गिनती फैशनेबल क्रिकेटर्स की वाइफ में होती है। उनका स्टाइल स्टेटमेंट कमाल का है। जेसिका ने अपने लुक को बहुत ही सिंपल रखा है।



आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए कोलकाता को जीत जरूरी

# आरसीबी के सामने केकेआर की कड़ी चुनौती

**एजेंसी, रायपुर**



प्लेऑफ की दहलीज पर खड़ी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम को अगर अंतिम चार में अपनी जगह लगभग सुनिश्चित करनी है तो उसके बल्लेबाजों को बुधवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के गेंदबाजों के सामने आक्रामक प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी फिलहाल 14 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है, लेकिन मंगलवार को होने वाले मैच के बाद इस स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद या गुजरात टाइटंस काबिज हो जाएंगे जिनके पास भी 14 अंक हैं।

आरसीबी ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन पिछले कुछ मैच में उसके बल्लेबाज अपेक्षित खेल नहीं दिखा पाए। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में 167 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी बल्लेबाजी लड़खड़ा गई थी और उसने बमुश्किल जीत हासिल की थी। उसकी टीम आगे फिर से इस तरह की परिस्थिति से नहीं गुजरना चाहेगी। पिछले मैच में वह क्रुणाल पंड्या के अर्द्धशतक और अंतिम ओवर में भुवनेश्वर कुमार के छक्के से ही लक्ष्य तक पहुंच पाई थी। आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने टूर्नामेंट के शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन पिछले कुछ मैच में वह रन बनाने के लिए जूझते हुए नजर आए। अगर आरसीबी को वापसी करनी है तो पाटीदार को आगे बढ़कर नेतृत्व करना होगा। पिछली छह पारियों में वह केवल एक बार पचास से अधिक और एक बार बीस से अधिक का स्कोर ही बना पाए हैं।

इससे आरसीबी की मध्यक्रम की बल्लेबाजी कुछ कमजोर पड़ गई है, लेकिन देवदत्त पडिक्कल और टिम डेविड जैसे अन्य बल्लेबाजों के योगदान ने उसे मुश्किलों से बाहर निकलने में मदद मिली। अब उसके बल्लेबाजों का सामना केकेआर के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण से होगा जिसमें सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती जैसे रहस्यमयी स्पिनर शामिल हैं। उन्हें कार्तिक त्यागी, वैभव अरोड़ा और अनुकूल रॉय जैसे घरेलू गेंदबाजों का अच्छा सहयोग मिल रहा है।

गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से केकेआर ने शुरू में लड़खड़ाने के बाद लगातार चार जीत दर्ज की हैं। अगर रायपुर की पिच पिछले मैच की तरह ही चिपचिपी रहती है और गेंद रुककर बल्ले पर आ रही हो तो आरसीबी के बल्लेबाजों को केकेआर के गेंदबाजों के सामने काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। तीन बार की चैंपियन केकेआर की टीम अभी भी 10 मैचों में नौ अंकों के साथ तालिका में आठवें स्थान पर है और यहां थोड़ी सी चूक भी उसे प्ले-ऑफ की दौड़ से बाहर होने के करीब पहुंचा देगा।

ऐसी किसी स्थिति से बचने के लिए केकेआर के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। उन्हें आरसीबी के प्रमुख गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड का डटकर सामना करना होगा। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, टिम डेविड, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, जोश हेजलवुड, नुवान तुषारा, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, भुवनेश्वर कुमार, जॉर्डन कॉक्स, सुयश शर्मा, वेंकटेश अय्यर, स्वप्निल सिंह, जैकब डफी, कनिष्क चौहान, अभिनंदन सिंह, मंगेश यादव, फिल साल्ट, सात्विक देसवाल, विक्की ओस्तवाल, विहान मल्होत्रा।

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, राहुल त्रिपाठी, फिन एलन, तेजस्वी सिंह, टिम सीफर्ट, सुनील नारायण, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, कैमरन ग्रीन, सार्थक रंजन, दक्ष कामरा, रचिन रवींद्र, नवदीप सैनी, वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, मथीशा पथिराना, कार्तिक त्यागी, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती, प्रशांत सोलंकी।

## लगातार हार के बावजूद टीम में होगा कोई बड़ा बदलाव : बहुतुले

**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पंजाब किंग्स के स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले ने कहा कि लगातार चौथा मैच हारने के बावजूद टीम में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया जाएगा, हालांकि उन्होंने यह स्वीकार किया कि महत्वपूर्ण मौकों पर खराब फील्डिंग विशेषकर कैच लेने में नाकामी बड़ी चिंता का विषय है।



पंजाब किंग्स ने लीग के शुरुआती चरण में लगातार छह मैच जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया था, लेकिन श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम का प्रदर्शन उसके बाद खराब रहा और वह लगातार चार मैच हार चुकी है। खराब फील्डिंग के कारण उसे नुकसान उठाना पड़ा है। पंजाब ने पिछले दो मैचों में पांच कैच छोड़े हैं। बहुतुले ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''दुर्भाग्य से आज हमने महत्वपूर्ण अवसरों पर कुछ कैच छोड़ दिए। हम इस पर विचार करेंगे, लेकिन फिलहाल हमारे पास इस बारे में ज्यादा सोचने का समय नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि टीम ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। निश्चित रूप से हम कुछ मैच हार गए हैं। हम कुछ खास क्षेत्रों पर ही फिर से विचार करेंगे। टीम में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा, क्योंकि सभी खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।'' दिल्ली कैपिटल्स के हाथों तीन विकेट की हार के दौरान पंजाब ने दो कैच छोड़े, जिनमें से एक अक्षर पटेल का था, जिन्होंने इसका फायदा उठाकर अर्द्धशतक बनाया।

बहुतुले ने कहा, ''अहम मौके पर हमसे एक कैच छूट गया, जिससे हमारी लय टूट गई। अगर हमने वह दो कैच ले लिए होते तो शायद वे लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाते। हम इस पर गौर करेंगे और देखेंगे कि हम कैसे स्थिति को अपने पक्ष में मोड़ सकते हैं।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि इस मैच से सबक लेना बहुत महत्वपूर्ण है। हमने जो भी गलतियां की हैं, उनमें से कुछ अनावश्यक थीं।'' एक समय तालिका में शीर्ष पर रहने वाली पंजाब टीम अब 11 मैचों में 13 अंकों के साथ चौथे स्थान पर खिसक गई है।

## टेनिस में पुरस्कार राशि बढ़ाने के लिए खिलाड़ियों को एकजुट कर रही पेगुला

**एजेंसी, रोम**



पुरुष एवं महिला वर्ग में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर और एरीना सबालेंका का टेनिस टूर्नामेंट विशेषकर ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताओं की पुरस्कार राशि बढ़ाने के अभियान को जेसिका पेगुला का भी समर्थन मिला है जो खिलाड़ियों को इस मामले में एकजुट करने की भूमिका निभा रही हैं।

यूएस ओपन 2024 की उपविजेता पेगुला के लिए यह स्वाभाविक है, क्योंकि वह खेल प्रबंधकों के परिवार में पली-बढ़ी हैं। उनके माता-पिता एनएफएल की बफेलो बिल्स और एनएचएल की बफेलो सेबर्स के मालिक हैं।

पेगुला ने कहा, ''मुझे लगता है कि यह शायद स्वाभाविक रूप से हो जाता है क्योंकि मुझे लगता है कि मैंने इसमें कुछ हद तक नेतृत्व की भूमिका निभाई है।'' विश्व की पांचवें नंबर की खिलाड़ी पेगुला को इस साल महिला टेनिस कैलेंडर, रैंकिंग अंकों के नियमों और कुछ स्पर्धाओं में भाग लेने की योग्यता तय करने के लिए गठित किए गए 13 सदस्यीय पैनल का नेतृत्व करने के लिए नामित किया गया था। अब वह पुरस्कार राशि के मुद्दे पर भी काम कर रही हैं। पेगुला ने कहा, ''मुझे किसी भी खिलाड़ी के पास जाकर यह पूछने में कोई झिझक नहीं है कि 'क्या आप इसमें दिलचस्पी रखते हैं या नहीं।' कुछ खिलाड़ियों को परवाह नहीं होती और वे इसको लेकर चिंतित नहीं होते। कभी-कभी वे कहते हैं, 'हां, मैं पूरी तरह से तैयार हूं।' मैं पुरुष और महिला दोनों वर्ग के खिलाड़ियों से संपर्क कर रही हूं।''

सबालेंका ने पिछले सप्ताह कहा था कि खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के राजस्व में बड़ा हिस्सा पाने के लिए बहिष्कार पर विचार करना चाहिए, जबकि सिनर ने कहा कि आयोजकों में खिलाड़ियों के प्रति सम्मान की कमी है। पेगुला ने कहा, ''आखिर में खिलाड़ियों की मांग महत्वपूर्ण होती है। मैं जानती हूं कि कई अन्य खिलाड़ी भी ऐसा ही महसूस करते हैं, लेकिन जब विश्व के दोनों नंबर एक खिलाड़ी इस पर खुलकर बोलते हैं, तो उनकी बात सुननी ही पड़ती है।'' (अनंत ज्ञान)

## टी20 में गेंदबाजों को करना होगा सुधार : द्रविड़

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत के पूर्व कप्तान और विश्व कप विजेता कोच राहुल द्रविड़ का मानना है कि टी20 क्रिकेट में बल्लेबाजी का स्तर तेजी से बदला है और गेंदबाजों को इसके साथ तालमेल बैठाने के लिए अपने कौशल में काफी सुधार करना होगा।

द्रविड़ ने कहा कि पिछले दो-तीन वर्षों में बल्लेबाजों ने पावरप्ले और बड़े शॉट खेलने की कला में जबरदस्त प्रगति की है। उन्होंने अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे और प्रियांश आर्य जैसे युवा खिलाड़ियों का उदाहरण देते हुए कहा कि नई पीढ़ी ने टी20 बल्लेबाजी का तरीका बदल दिया है।

उन्होंने कहा कि बल्लेबाज अब मैदान के उन हिस्सों में भी आसानी से चौके-छक्के लगा रहे हैं, जो पहले मुश्किल माने जाते थे। द्रविड़ के मुताबिक बल्लेबाजों ने टी20 क्रिकेट की जरूरतों के हिसाब से खुद को गेंदबाजों की तुलना में बेहतर ढंग से ढाला है।

हालांकि, उन्होंने भरोसा जताया कि गेंदबाज भी आने वाले वर्षों में वापसी करेंगे। द्रविड़ ने कहा कि गेंदबाजों को थोड़ी मदद देने के लिए पिचों को अधिक चुनौतीपूर्ण बनाना जरूरी है, क्योंकि बाउंड्री का आकार बढ़ाना व्यावहारिक समाधान नहीं है।

उन्होंने यह भी कहा कि खेल में संतुलन बनाए रखना जरूरी है और क्रिकेट किसी एक पक्ष (बल्लेबाज या गेंदबाज) के पक्ष में ज्यादा नहीं झुकना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### राहुल बोले-आर अश्विन को फैसलों की देंगे पूरी आजादी

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान और कोच राहुल द्रविड़ अब यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी डबलिन गार्डियंस के मालिक की नई भूमिका में नजर आएंगे। द्रविड़ ने साफ किया कि वह टीम के रोजमर्रा के क्रिकेट संचालन में दखल नहीं देंगे और कप्तान रविचंद्रन अश्विन को फैसले लेने की पूरी स्वतंत्रता होगी। द्रविड़ ने कहा कि मालिक के तौर पर यह उनका पहला अनुभव है और वह खुद भी देखना चाहते हैं कि इस भूमिका में कैसे काम करेंगे। उन्होंने बताया कि उनकी योजना क्रिकेट से जुड़े दैनिक मामलों से थोड़ी दूरी बनाकर रखने और मजबूत संचालन ढांचा तैयार करने की है। उन्होंने कहा कि अश्विन जैसे अनुभवी कप्तान और मार्गदर्शक का टीम से जुड़ना बड़ी बात है। फ्रेंचाइजी क्रिकेट से जुड़े फैसले अश्विन और सहयोगी स्टाफ संभालेंगे, जबकि वह मैदान के अंदर और बाहर मजबूत व्यवस्था तैयार करने पर ध्यान देंगे। द्रविड़ ने माना कि फ्रेंचाइजी मालिक की भूमिका उनके लिए नया क्षेत्र है और इसमें उन्हें काफी कुछ सीखना है। उन्होंने यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग को लेकर भरोसा जताया कि आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड जैसे देशों की क्रिकेट संस्कृति इसे अलग पहचान दिला सकती है। (अनंत ज्ञान)

## ईटीपीएल में महेंद्र सिंह धोनी को देखना चाहेंगे अभिषेक बच्चन

**एजेंसी, डबलिन**



अभिनेता और यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) के सह-संस्थापक अभिषेक बच्चन ने इच्छा जताई है कि वह भविष्य में पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को इस लीग में खेलते देखना चाहेंगे। एक साक्षात्कार में अभिषेक ने कहा कि जब भी बात ऐसे खिलाड़ी की आती है, जिन्हें मैदान पर देखना चाहिए, तो धोनी का नाम सबसे पहले आता है। उन्होंने कहा कि धोनी के करिश्मे और उनके खेल की शैली के लिए किसी अतिरिक्त कारण की जरूरत नहीं है।

अभिषेक ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भी धोनी की लोकप्रियता और आकर्षण में कोई कमी नहीं आई है और वह अब भी विश्व क्रिकेट के सबसे बड़े चेहरों में से एक हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि मौजूदा भारतीय क्रिकेटरों की अनुपस्थिति ईटीपीएल के लिए एक चुनौती होगी, लेकिन लीग की गुणवत्ता और वैश्विक अपील को लेकर उन्हें पूरा भरोसा है। उनके अनुसार, अगर टूर्नामेंट में उच्च स्तरीय और रोमांचक क्रिकेट होगा तो दर्शक स्वतः आकर्षित होंगे। ईटीपीएल यूरोप में क्रिकेट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई छह टीमों की फ्रेंचाइजी आधारित टी20 लीग है, जिसमें कई दिग्गज अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और पूर्व क्रिकेटर जुड़े हैं। अभिषेक ने कहा कि इस तरह की लीग का मकसद सिर्फ खेल को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि नए बाजारों में क्रिकेट की पहुंच बढ़ाना भी है।

उन्होंने यह भी कहा कि टी20 प्रारूप आज के दौर में सबसे लोकप्रिय इसलिए है क्योंकि यह तेज, मनोरंजक और दर्शकों की सीमित समय की जरूरतों के अनुसार है। अभिषेक ने कहा कि दर्शक अब लंबे मैचों की तुलना में तेज और रोमांचक मुकाबलों को अधिक पसंद कर रहे हैं और ईटीपीएल इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। (अनंत ज्ञान)

## शबनिम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला लिया वापस

**एजेंसी, जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनिम इस्माइल ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला वापस ले लिया, क्योंकि उन्हें 12 जून से पांच जुलाई तक ब्रिटेन में होने वाले महिला टी20 विश्व कप के लिए देश की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

लौरा वोलवार्ट की कप्तानी वाली टीम में 37 वर्षीय इस्माइल भी शामिल हैं, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका की तरफ से अपना आखिरी टी20 मैच फरवरी 2023 में केपटाउन में टी20 विश्व कप के फाइनल के रूप में खेला था। इस्माइल ने अभी तक 113 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 123 विकेट लिए हैं जो दक्षिण अफ्रीका की तरफ से रिकॉर्ड है। उनके साथ तेज गेंदबाजी विभाग संभालने के लिए मारिज़ेन कैप और डेन वैन नीकेर्क को भी टीम में शामिल किया गया है, जो क्रमशः बीमारी और पिंडली की चोट से उबरने के बाद वापसी कर रही हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज कराबो मेसो भी कलाई की चोट से उबरकर वापसी कर रही हैं। सिनालो जाफ्ता टीम की अन्य विकेटकीपर हैं। दक्षिण अफ्रीका की अंडर-19 महिला टीम की पूर्व कप्तान कायला रेनेके को भी टीम में जगह मिली है। टीम की अन्य खिलाड़ियों में तजमिन ब्रिट्स, सुने लुस, एनेरी डेर्कसेन, नादिन डी क्लर्क, क्लो ट्रायोन, अयाबोंगा खाका, टुमी सेखुखुने और नॉनकुलुलेको मलाबा शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

## अक्षर पटेल पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना

**अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी टीम की जीत के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।



अक्षर और डेविड मिलर के अर्द्धशतकों की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने इस मैच में पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीदों को बरकरार रखा। आईपीएल की एक विज्ञप्ति के अनुसार, ''दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम, धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है।'' इसमें आगे कहा गया है, ''धीमी ओवर गति से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था इसलिए अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।'' दिल्ली की टीम अंक तालिका में अभी सातवें स्थान पर है। उसका अगला मैच रविवार को नई दिल्ली में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होगा।

## पहलवानों के विरोध-प्रदर्शन के कारण मेरा करियर प्रभावित हुआ : पूनिया

**एजेंसी, गोंडा**



एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता दीपक पूनिया ने कहा कि जंतर-मंतर पर पहलवानों के विरोध प्रदर्शन और उसके बाद पैदा हुई अनिश्चितता से भारतीय कुश्ती को बड़ा नुकसान हुआ। उन्होंने माना कि इससे कई खिलाड़ियों का करियर प्रभावित हुआ, जिनमें वह खुद भी शामिल हैं।

दीपक ने कहा कि 2023 के बाद कई टूर्नामेंट रद्द हो गए और भारतीय पहलवानों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खेलने के पर्याप्त मौके नहीं मिले। उनके अनुसार लगातार विदेशी मुकाबलों में हिस्सा लेने से खिलाड़ी अपनी कमजोरियां पहचानकर सुधार कर पाते हैं, लेकिन सीमित अवसरों से प्रदर्शन पर असर पड़ा।

86 किलोग्राम वर्ग के पहलवान दीपक ने सोमवार को राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट जीता, हालांकि मौजूदा चयन नीति के कारण वह 31 मई को होने वाले एशियाई खेल चयन ट्रायल के लिए पात्र नहीं हैं।

उन्होंने विश्व चैंपियनशिप 2025 में खराब प्रदर्शन के लिए पर्याप्त अभ्यास और अच्छे स्पैरिंग पार्टनर की कमी को जिम्मेदार ठहराया। दीपक ने कहा कि उनका लक्ष्य अगले एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है। (अनंत ज्ञान)

## अय्यर बोले-गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण हार की जिम्मेदार

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ तीन विकेट की हार के बाद इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां लगातार चौथी हार के लिए गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण को दोषी ठहराया। अय्यर ने मैच के बाद कहा, ''एक बार फिर क्षेत्ररक्षण और गेंदबाजी ने निराश किया।'' अय्यर ने हालांकि, कहा कि उन्होंने प्रतिस्पर्धी स्कोर से अधिक रन बनाए थे। मुझे लगता है कि इस विकेट पर यह 30 रन अधिक थे। यह देखते हुए कि गेंद कैसे सीम कर रही थी और उछाल भी असमान था। स्पिनर युजवेंद्र चहल को गेंदबाजी का मौका नहीं देने पर अय्यर ने कहा, '' इस बारे में सोचा तो था, लेकिन जिस तरह से गेंद सीम कर रही थी, अगर हमने अपनी लाइन और लेंथ सही रखी होती तो शायद हमें विकेट मिल जाते, लेकिन हम ऐसा नहीं कर पाए।''

समर्थन डब्ल्यूएफआई के नोटिस पर साक्षी मलिक ने विनेश फोगाट का किया समर्थन, कहा-

# मां बनने के बाद फोगाट की वापसी रोकना गलत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के साथ खेलों में वापसी को लेकर चल रहे विवाद में विनेश फोगाट का समर्थन करते हुए कहा कि दुनिया भर में मां बनने के बाद महिलाओं को वापसी के लिए नियमों में ढील दी जा रही है, वहीं दूसरी ओर विनेश की राह रोकने की कोशिश हो रही है।

डब्ल्यूएफआई द्वारा अयोग्य घोषित किए जाने के बावजूद विनेश गोंडा में आयोजित राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में हिस्सा लेने पहुंचीं। महासंघ ने उन्हें लंबा कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कहा कि डोपिंग रोधी नियमों के तहत संन्यास के बाद वापसी करने वाले खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य छह महीने की नोटिस अवधि पूरी किए बिना उन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती।





दस महीने के बेटे की मां विनेश ने नोटिस का जवाब देते हुए पीछे हटने से इनकार कर दिया है, जबकि डब्ल्यूएफआई अपने रुख पर कायम है। यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर डब्ल्यूएफआई के तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ हुए चर्चित आंदोलन के दौरान साक्षी, विनेश की करीबी सहयोगी थीं। हालांकि, बाद में विनेश के कांग्रेस में शामिल होने के बाद दोनों के रास्ते अलग हो गए। साक्षी ने सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में कहा, ''मुझसे इस मुद्दे पर राय मांगी गई थी और मैं पिछले दो-तीन दिनों से सोच रही थी, क्योंकि विनेश एक राजनीतिक दल की विधायक हैं और मेरा किसी भी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं है, लेकिन मैं आपको ऐसे कई उदाहरण दे सकती हूं, जहां देशों ने अपने खिलाड़ियों के लिए नियमों में ढील दी ताकि महिलाएं मां बनने के बाद भी खेल सकें और देश के लिए पदक जीत सकें।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन हमारा महासंघ ऐसे नियमों की बात कर रहा है जिससे विनेश की वापसी को रोका जा सके। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, खेल मंत्री मनसुख मांडविया और डब्ल्यूएफआई से आग्रह करती हूं कि विनेश का ट्रायल कराया जाए, ताकि वह भी देश के लिए पदक जीत सकें और मां बनने के बाद सफलता हासिल कर महिलाओं के लिए मिसाल बनें।' विनेश ने 2024 पेरिस ओलंपिक के फाइनल से निर्धारित वजन सीमा से 100 ग्राम अधिक पाए जाने के कारण अयोग्य ठहराए जाने के बाद कुश्ती से संन्यास की घोषणा कर दी थी। हरियाणा की इस पहलवान ने बाद में राजनीति में प्रवेश किया और उसी वर्ष जुलाना विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुईं। (अनंत ज्ञान)